khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 132 | khabarmantralive.com


सुप्रभात
रांची, रविवार
24.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

जोहार जनादेश



लगातार दूसरी बार

# हेमंत सरकार

बरहेट में हेमंत ने लगायी जीत की हैट्रिक

## गठबंधन ने जादुई आंकड़ा किया पार, 56 सीट पर दर्ज की जीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने कुल 81 विधानसभा सोटों में से सरकार बनाने का जादुई आंकड़ा 41 पार कर 56 सीटें हासिल कर ली हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक बार फिर सरकार बनने जा रही है। झारखंड का अबतक का रिकार्ड था कि कोई भी सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में रिपीट नहीं हुई है। ऐसे में सीएम हेमंत सोरेन ने रिकार्ड बनाते हुए दुबारा सत्ता में लौटी। सीएम हेमंत सोरेन ने बरहेट सीट से लगातार तीसरी वार हैट्रिक जीत दर्ज की है। उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। झामुमो ने 34 सीटों पर या तो जीत दर्ज की है या तो रुझानों में आगे है। कांग्रेस के खाते में कुल 16 सीटें गयी हैं। भाजपा सिर्फ 21 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी है। राजद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं लोजपा और जदयू को एक-एक सीट पर संतोष करना पड़ा।

### पीएम मोदी ने सीएम हेमंत को दी बधाई

झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत के बाद पीएम मोदी ने सीएम हेमंत सोरेन को बधाई दी है। सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी के बधाई संदेश पर कहा कि मैं उनका शुक्रिया करता हूं। सोशल मीडिया एक्स में पीएम ने लिखा -मैं झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को उनके विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं।

### जीत के अगुआ हेमंत-कल्पना

सूबे में इंडिया गठबंधन की बंपर जीत केअगुआ हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन रहे। इन दोनों नेताओं झामुमो के साथ साथ इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार का जिम्मा अपने कंधे पर उठाया और उसे बखूबी निभाया। इन दोनों ने लगभग सभी 81 विधानसभा सीटों पर सभा की और जनता को ये बताने में कामयाब रहे कि भाजपा और केंद्र सरकार ने मिलकर हेमंत को परेशान किया और झूठे केस में जेल भेजा।


### हेमंत सीएम हैं और आगे भी रहेंगे : मीर

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा, 'सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और आगे भी बने रहेंगे।'

**हेमंत की हैट्रिक जीत :** हेमंत सोरेन ने बीजेपी प्रत्याशी गमालियल हेंब्रम को हराया. करीब 40 हजार वोटों के अंतर से उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को पटखनी देते हुए बरहेट से जीत की हैट्रिक पूरी कर ली। हेमंत सोरेन 2014 से इस सीट से लगातार जीत रहे हैं।

## झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम 2024

झामुमो+ **56** | भाजपा+ **24**




| पार्टी | कुल (+/-) | 2019 |
|---|---|---|
| झामुमो | 34(+4) | 30 |
| कांग्रेस | 16(+0) | 16 |
| राजद | 4(+3) | 1 |
| भाकपा-माले | 2(+1) | 1 |

| पार्टी | कुल (+/-) | 2019 |
|---|---|---|
| भाजपा | 21(-4) | 25 |
| आजसू | 1(-1) | 2 |
| जदयू | 1(+1) | 0 |
| लोजपा-आर | 1(+1) | 0 |

### मैंने इतना मुश्किल चुनाव कभी नहीं देखा : हेमंत

झारखंड विधानसभा चुनाव में भारी जीत के बाद हेमंत सोरेन ने कहा, लोकतंत्र की परीक्षा में हम सफल हुए। 'मेरी पत्नी कल्पना सोरेन 'वन-मैन आर्मी' के रूप में काम कर रही थीं। 'इंडिया' गठबंधन की शानदार जीत पर हेमंत ने राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। सोरेन ने बरहैट सीट से भाजपा के गमलियल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराया है। हेमंत से पूछा गया, क्या आप कहेंगे कि इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए आप पर बहुत दबाव था? उन्होंने कहा, 'बहुत, मैं आपको बता नहीं सकता कि कितना दबाव था, मुझे नहीं लगता कि मैंने ऐसा कोई चुनाव कभी देखा है और मुझे नहीं लगता कि कभी देखूंगा।

**कल्पना को बताया 'वन-मैन आर्मी' :** श्री सोरेन ने कहा, अगर मैं जेल से बाहर होता तो और भी बेहतर प्रदर्शन करते। उस समय, मेरी पत्नी कल्पना सोरेन 'वन-मैन आर्मी' के रूप में काम कर रही थीं'।



### चर्चित चेहरे जो जीते


हेमंत सोरेन
बरहेट, झामुमो


कल्पना सोरेन
गांडेय (झामुमो)


सीपी सिंह
रांची (भाजपा)


ममता देवी
रामगढ़, कांग्रेस


चंपई सोरेन
सरायकेला, भाजपा


अमित कुमार
सिल्ली, झामुमो


शिल्पी नेहा तिर्की
कांग्रेस,मांडर


डॉ नीरा यादव
भाजपा, कोडरमा


रागिनी सिंह
भाजपा, झरिया


नवीन जायसवाल
हटिया,भाजपा


बाबूलाल मरांडी
धनवार,भाजपा


जयराम कुमार महतो
जेएलकेएम, डुमरी

### चंदनक्यारी से अमर बाउरी हारे



चंदनकियारी विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी उमाकांत रजक ने जीत दर्ज की, उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के अमर बाउरी को हरा दिया। वह सदन में नेता प्रतिपक्ष थे। अमर बाउरी तीसरे नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर जेएलकेएम प्रत्याशी अर्जुन रजवार रहे।

### सुदेश हारे, आजसू को बड़ा झटका



इस चुनाव में सबसे ज्यादा चोट आजसू को मिली है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो खुद सिल्ली में चुनाव हार गये। उन्हें झामुमो के अमित महतो ने शिकस्त दी है। आजसू सुप्रीमो की मौसी और रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी को कांग्रेस की ममता देवी ने हराकर उपचुनाव में हुई हार का बदला ले लिया।

### 4 मंत्री हारे, 6 जीते

हेमंत कैबिनेट के चार मंत्री गढ़वा से मिथिलेश कुमार ठाकुर, डुमरी से बेबी देवी, जमशेदपुर पश्चिमी से मंत्री बन्ना गुप्ता और लातेहार से बैद्यनाथ राम चुनाव हार गये हैं। वहीं घाटशिला से रामदास सोरेन, चाईबासा से दीपक बिरुवा, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह, जामताड़ा से इरफान अंसारी, लोहरदगा से रामेश्वर उरांव और मधुपुर से हफीजुल हसन चुनाव जीत गये हैं।

### कल्पना सोरेन ने जीता गांडेय का रण

झामुमो की स्टार कैंपेनर और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय सीट से विधानसभा चुनाव जीत लिया है। उन्होंने बहुत ही कड़े मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी को शिकस्त दी। मुनिया देवी पहले आगे चल रहीं थीं। आखिरी के कुछ राउंड में कल्पना सोरेन आगे हो गयीं और अंत में उन्होंने जीत हासिल की। कल्पना सोरेन को 17वें राउंड तक कुल 92482 वोट प्राप्त मिले थे।

**संथाल में मुरझा गया कमल :** इस बार भाजपा को संथाल से काफी उम्मीदें थी। पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह से डेमोग्राफी में बदलाव के अलावा रोटी, बेटी और माटी को मुद्दा बनाया था। इसका कहीं कोई असर नहीं पड़ा। भाजपा ने संथाल की अपनी चारों सीटें गंवा दी। देवघर सीट पर राजद, सारठ पर झामुमो, गोड्डा पर राजद और राजमहल पर झामुमो ने कब्जा जमा लिया।

### 28 एटी सीटों पर भाजपा क्लीन बोल्ड

भाजपा ने 28 सीटों पर 2014 के प्रदर्शन को दोहराने की पूरी तैयारी कर रखी थी। पार्टी ने घुसपैठ, रोटी, बेटी और माटी के मसले को जोर शोर से उठाया था। इसका कोई असर नहीं दिखा। उल्टे भाजपा ने खूंटी और तोरपा सीट भी गंवा दी। एसटी सीटों के लिहाज से चंपाई सोरेन ने सरायकेला में पहली बार कमल खिलाकर भाजपा की लाज बचायी।

### चर्चित चेहरे जो हारे


महुआ माजी
रांची, झामुमो


पूर्णिमा नीरज सिंह
झरिया, कांग्रेस


अंबा प्रसाद
बड़कागांव, कांग्रेस


बन्ना गुप्ता
जमशेदपुर प. कांग्रेस


बादल पत्रलेख
जरमुंडी, कांग्रेस


गीता कोड़ा
जगन्नाथपुर, भाजपा


मीरा मुंडा
पोटका, भाजपा


अजय कुमार
जमशेदपुर पू.कांग्रेस


भानु प्रताप शाही
भवनाथपुर, भाजपा

## 27 दलबदलू प्रत्याशियों में से 8 जीते, 19 हारे

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में दल-बदल करके लड़ने वाले 27 उम्मीदवारों में मात्र 8 ही जीत सके हैं। 19 को हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल गणेश महली सरायकेला सीट से भाजपा प्रत्याशी चंपई सोरेन से हार गये। राजमहल सीट पर झामुमो ने आजसू के एमटी राजा को टिकट दिया था, वह चुनाव हार गये। भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वाले केदार हाजरा भी जमुआ विधानसभा सीट पर चुनाव हार गये। भाजपा ने 8 दलबदलुओं को टिकट दिया था। इनमें से 5 हार गये। आजसू से भाजपा में आये रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को पराजित कर दिया। कांग्रेस छोड़कर आने वाली जमुआ की उम्मीदवार डॉ मंजु देवी ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर ली है। झामुमो से भाजपा में आने वाले चंपई सोरेन ने सरायकेला सीट पर जीत कर बादशाहत बरकरार रखी है।





### दलबदलू प्रत्याशी जो जीते-हारे

लुईस मरांडी (जामा) - जीतीं। गणेश महली-सरायकेला- हारे। एमटी राजा-राजमहल--हारे। उदय शंकर सिंह-सारठ--जीते। उमाकांत रजक-चंदनकियारी- जीते। केदार हाजरा-जमुआ-हारे। अनंत प्रताप देव-भवनाथपुर-जीते। लोबिन हेम्ब्रम-बोरियो--हारे। सीता सोरेन-जामताड़ा--हारीं। रौशन लाल चौधरी-बड़कागांव - जीते। डॉ मंजू देवी-जमुआ- जीतीं। बाबूलाल सोरेन-घाटशिला--हारे। चंपाई सोरेन-सरायकेला-जीते। गीता कोड़ा-जगन्नाथपुर--हारीं। कमलेश कुमार सिंह-हुसैनाबाद-हारे। लाल सूरज-पांकी-हारे। राधाकृष्ण किशोर-छतरपुर-जीते। इजराइल अंसारी-पाकुड़-हारे। दिनेश चंद्र बोयपाई-मनोहरपुर-हारे। गिरिनाथ सिंह-गढ़वा-हारे। ममता भुईयां-छतरपुर- हारीं। उमाशंकर अकेला-बरही-हारे। अंजू देवी-विश्रामपुर- हारीं, रघुपाल सिंह-मनिका-हारे, कमलेश यादव-हुसैनाबाद- हारे। कुशवाहा शिवपूजन मेहता-आजसू-हुसैनाबाद-हारे।

विशेष आयोजन



पेज 7-8

# झामुमो का पार्टी कार्यालय में जय झारखंड की गूंज

## विनोद पांडेय बोले- जनता के फैसले के आगे नतमस्तक

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटों में इंडिया गठबंधन ने बहुमत से अधिक आकड़ा पार कर लिया है। इंडिया गठबंधन ने बंपर जीत हासिल की है। वहीं, बरहेट से हेमंत सोरेन और गांडेय से कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की है। दुमका से बसंत सोरेन विजयी हुए हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया ब्लॉक की प्रचंड जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ता जश्न के माहौल में डूब गए हैं। हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकार्ताओं ने होली और दिवाली एक साथ मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर झारखंड में प्रचंड जीत की बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई।

इंडिया ब्लॉक की ऐतिहासिक जीत के लिए राज्य की जनता को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि जनता के फैसले के सामने हम नतमस्तक है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हम किसी को नसीहत नहीं देंगे, जनता ने उन्हें नसीहत दे दी है। जनता के आशीर्वाद से फिर से एक बार हमलोग हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में विनोद पांडेय ने प्रधानमंत्री का नाम लिये बिना कहा कि उन्हें शपथ ग्रहण में आने के लिए निमंत्रण जरूर भेजा जायेगा।

## इंडी गठबंधन के अप्रत्याशित जीत पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी खुशी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को मिली अप्रत्याशित जीत पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं के साथ कार्यकर्त्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को रंग-गुलाल एवं मिठाई खिलाकर जीत का इजहार किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि गठबंधन को अपना अपार समर्थन देकर जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर अपने समर्थन की मुहर लगा दी है। झारखंड की जनता ने साफ कर दिया है कि यहां बांटने की राजनीति नहीं चलेगी बल्कि झारखंड में विकास की राजनीति चलेगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इंडी गठबंधन को प्रचंड बहुमत देने के लिए जनता का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड ने अपने सम्मान की रक्षा की। जनता ने लगातार दूसरी बार महागठबंधन पर अपना भरोसा जताया है और इस भरोसे पर हम खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार द्वारा शुरू किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। घोषणा पत्र में शामिल सात गारंटियों को पूरा किया जाएगा। अगले 5 वर्षों में विकास के मायने बदलेंगे, विकास की एक लंबी लकीर झारखंड में खींची जाएगी। इस चुनाव में धन बल पर जनबल की जीत हुई है। जनता का आभार जताने वाले और खुशी मनाने वालों में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री तेलंगाना भप्ती मल्लू, तारिक अनवर, कृष्णा जी, सुबोधकांत सहाय, रविंद्र सिंह, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मूंजनी, सोनाल शांति, अमूल्य नीरज खलको, विनय सिंन्हा दीपु, जगदीश साहू, शशि भूषण राय, ऋषिकेश सिंह, कुमार राजा, अमरिंदर सिंह,अभिलाष साहू, रमा खलको, राजन वर्मा, केदार पासवान, गजेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, ईश्वर आनंद, सलीम खान, प्रभात कुमार,नरेंद्र लाल गोपी, भानु प्रताप बड़ाईक, मंजर मुजीबी, परवेज आलम, राजीव नारायण प्रसाद, नेली नाथन सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### प्रदेश राजद ने जनता के साथ जीतें प्रत्याशियों को बधाई दी

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को मिली अप्रत्याशित जीत पर प्रदेश राजद की ओर से प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने जितने वाले सभी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। वहीं उन्होंने राजद के टिकट पर जीते हुसैनाबाद से संजय सिंह यादव, विश्रामपुर से नरेश सिंह, देवघर से सुरेश पासवान और गोड्डा से संजय प्र यादव को विशेष रूप से बधाई दी है। कैलाश यादव यादव ने कहा कि राजद विधानसभा चुनाव में पलामू और संथाल में जीत दर्ज कर राजनीति में एक नया संदेश देने का काम किया है। नि्रित रूप से आगामी समय में राजद का संगठन और रणनीति जनप्रिय और ताकतवर होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नफरती और तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने सिरे से खारिज करते हुए राज्य में इंडिया गठबंधन सरकार के कार्यो को सम्मान पूर्वक स्वीकार्य किया है। इस जनादेश का सम्मान करते हुए राज्य की महान जनता जनार्दन को राजद की ओर से वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, उपाध्यक्ष अनीता यादव,महासचिव आबिद अली, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज पांडेय, सुनीता चौधरी, प्रणय कु बबलू, अर्जुन यादव, इम्तियाज हुसैन वारसी, रामकुमार यादव, शब्बर फातमी, चंद्रशेखर भगत, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र महतो सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि : मरांडी

### डॉ रवींद्र राय ने कहा कि सशक्त विपक्ष की भूमिका भाजपा निभायेगी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी को विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि हमारे लिये यह चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है। लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है। हम जनादेश का सम्मान करते हैं। भाजपा इन परिणामों की गहन समीक्षा करेगी। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम अपने वादों के साथ जनता के बीच गये। जनता ने जो फैसला दिया है, हम उसका स्वागत करते हैं। हेमंत सोरेन को बधाई देते हैं, जो इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाले नेता हैं। उनको जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जनता से उन्होंने जो वायदे किये हैं, 2019 की तरह भूला नहीं देंगे। इस बार जो वादा किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में जनता का जो सहयोग मिला। इसके लिये मैं जनता को नमन करता हूं।

उन्होंने कहा कि इस बात को दोहराना चाहूंगा कि लोकतंत्र में जो विपक्ष की सशक्त भूमिका मिली है। उसे निभायेंगे। झारखंड के हितों की रक्षा के लिये सकारात्मक सहयोग भी करेंगे। जरूरत पड़ा तो संघर्ष भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी चुनाव के साथ महाराष्ट्र में भी चुनाव संपन्न हुये हैं। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति के रूप में चुनाव लड़ा था। 288 विधानसभा सीट में 228 की अप्रत्याशित बढ़त के साथ वहां की जनता ने भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन का सहयोग किया है। सरकार बनाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के जो परिणाम हैं। उसकी हम समीक्षा करेंगे।

## जीत के बाद नगाड़े की थाप पर झूमे लोग, की आतिशबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही राजाधानी में इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकर्ता जगह-जगह जीत का जश्न मनाते दिखे। शाम चार बजे हरमू चौक में ढोल, बाजा, ताशा नगाड़े की थाप पर जीत की खुशी मनाई गई। इस खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासिचव सुप्रियो भप्ताचार्य, महासिचव विनोद पांडे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस व जेएमएम कार्यकर्ता शामिल होकर ढोल नगाड़े की थाप पर झूमे। जीत का जश्न मेनरोड अल्बर्ट एक्का व कांके स्थित मुख्यमंत्री निवास समेत शहर के अन्य हिस्सों में भी मनाया गया। ताबड़तोड़ आतिशबाजी, जेएमएम कांग्रेस नेताओं का फूल माला से स्वागत के साथ लोगों में मिठाई बांट कर खुशियां मनाई गईं।

**अबीर-गुलाल से लेकर नारेबाजी और पटाखे की शोर :** रांची। राजधानी रांची के पंडरा स्थित मतगणना स्थल के बाहर में राजनीतिक दलों की टेंट लगी थी। जिसमें उनके नेता व कार्यकर्ता बैठकर पल-पल की रिपोर्ट ले रहे थे। राजनीतिक दलों में भाजपा, कांग्रेस व झामुमो की टेंट लगी थी, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भरत कांशी का अपना अलग टेंट लगा था। कांशी के कार्यकर्ता एकजुट थे, उन्हें जीत से अधिक अच्छे वोट का इंतजार था। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं की संख्या कम थी। जैसे जैसे समय बीतता गया, लोगों की संख्या बढ़ती गयी। जैसे जैसे रूझान में उतार चढ़ाव घटता बढ़ता रहा, वैसे वैसे कार्यकर्ताओं की चेहरे पर खुशी और मायुसी झलकती रही। दोपहर बाद भाजपा के टेंट में सन्नाटा पसरने लगा। क्योंकि आंकड़े बताने लगे कि झारखंड में दोबारा हेमंत सरकार बनने के आसार हैं। बीजेपी कार्यकर्ता रांची व हटिया में जीत के बावजूद खुद को हारे हुए महसूस कर रहे थे।



वहीं, झामुमो व कांग्रेस खेमे में खुशी साफ देखी जा रही थी। रांची व हटिया छोड़ दिया जाये, तो खिजरी, सिल्ली, कांके, मांडर में एनडीए के पक्ष में रिजल्ट आते देख कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ने शुरू हो गये। दोपहर दो बजे के बाद झामुमो, कांग्रेस खेमे से जय झारखंड के नारे लगने शुरू हो गये। कार्यकर्ता बीच सड़क में आकर खुशी का जश्न मनाने शुरू कर दिये। लोग अबीर-गुलाल एक दूसरे को लगाने लगे। देखते-देखते दोनों दलों के कार्यकर्ता पटाखे भी लेकर पहुंच गये। जोर-जोर से पटखे की शोर मचने शुरू हो गये। शाम के चार बज रहे थे। झामुमो और कांग्रेस के जीत रहे प्रत्याशियों के लिए सजी हुई गाड़ी भी पहुंच गयी। कार्यकर्ता फूलों की माला लेकर पहुंच गये।

देखते देखते पंडरा बाजार समिति के सामने मुख्य एनएच की सड़क लोगों से भर गयी। पुलिस को भीड़ संभालने में पसीना छुटने लगा। कार्यकर्ता बाजार समिति के प्रांगण में प्रवेश चाहते थे। पुलिस उन्हें रोकने का प्रयास कर रही थी। दोनों के बीच नोक झोक भी शुरू हो गयी।

इधर, भाजपा खेमें में भी उत्साही लोग पहुंचने शुरू हुए। भाजपा के तरफ से भी नारे बाजी शुरू हुई। भारत माता की जय। भाजपा जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे। रांची में भाजपा के दो प्रत्याशी जीत की ओर काफी आगे बढ़ चुके थे। रांची से सीपी सिंह और हटिया से नवीन जायसवाल की जीत लगभग तय हो चुकी थी। इनके कार्यकर्ता भी उत्साह में दिखे। इनके लिए राज्य में सरकार न बनने की अफसोस था, लेकिन उनके नेता के जीत पर खुशी थी। लिहाजा, देखते-देखते भगवा झंडा से सड़क पट गया।


**कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी**

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 25 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल काटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


### खूंटी में झामुमो ने भाजपा का किला ध्वस्त कर लहराया परचम

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का चुनाव परिणाम शनिवार को आने के बाद खूंटी जिला के दोनों सीटों पर झामुमो ने बीजेपी के किला ध्वस्त कर अपना परचम लहराते हुए बड़े अंतर से जीत हासिल करने सफलता पायी है। अनुसूचित जनजाति वाले इलाके में गठबंधन की चुनावी रणनीति एनडीए पर भारी पड़ी और इस बार भाजपा का कमल मुरझा गया। खूंटी विधानसभा सीट से लगातार 25 वर्षो तक काबिज रहे विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को झामुमो प्रत्याशी राम सूर्या मुंडा ने पराजित किया। इसके साथ ही विधायकी का छक्का लगाने से भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा चूक गए। वहीं तोरपा सीट से भाजपा के तीन बार के विधायक रहे कोचे मुंडा को झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने बड़े अंतर से हरा दिया है। खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट की मतगणना के पहले राउंड से ही झामुमो के दोनों प्रत्याशी रामसूर्या मुंडा और सुदीप गुड़िया ने बढ़त बनाए रखा। अंतिम राउंड की मतगणना पूरी होते होते जीत का अंतर भी बड़ा होता गया। जिसके कारण दोनों प्रत्याशियों ने बड़े अंतरों से खूंटी और तोरपा सीट जीता।

## पहली बार लोजपा ने झारखंड में चतरा का किला किया फतह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने झारखण्ड विधानसभा चुनाव में अपना खाता खोलने कामयाब रही है। प्रदेश में खाता खुलने से पार्टी में हर्ष की लहर है। पहली बार झारखण्ड में लोजपा (रामविलास) विधानसभा तक पहुंची है। लोजपा के अपने 100% स्ट्राइक रेट को पार्टी ने बिहार के साथ साथ झारखण्ड में भी बरकरार रखा। पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने पडोसी राज्य बिहार में 05 सीटों पर चुनाव लड़ा था और सभी सीटों पर जीत दर्ज की थी। बिहार में लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद झारखण्ड में पहली बार पार्टी ने चुनाव लडा। चतरा सीट से जनार्दन पासवान को टिकट दिया गया। इसमें पार्टी ने पहली बार प्रदेश में काफी अच्छे मार्जिन के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार जनार्दन पासवान ने 18401 वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार और मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु रश्मि प्रकाश को हराया।

जनार्दन पासवान को 109019 जबकि रश्मि प्रकाश को 90618 वोट मिले। जनार्दन पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थे। लोजपा उम्मीदवार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को एक बार भी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस जीत पर पार्टी के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं बधाई देकर खुशी जताई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि चतरा की जीत पार्टी कार्यकताओं एवं क्षेत्र की जनता की जीत है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को झारखण्ड में काफी चाहने वाले लोग हैं। प्रदेश में चिराग पासवान का जलवा बिहार के साथ साथ झारखंड में भी कायम रहा। चिराग पासवान के निदेर्शानुसार पार्टी के बिहार के सांसद एवं झारखण्ड प्रभारी अरुण भारती एवं सह प्रभारी राजेश वर्मा समेत पार्टी के सभी सांसद चतरा सीट समेत प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत के लिए लगातार प्रयास किया।

2019 के चुनाव में चतरा से राष्ट्रीय जनता दल के सत्यानंद भोक्ता को जीत मिली थी एवं सत्यानंद भोक्ता पिछले सरकार में मंत्री भी बने थे।

एनडीए की सहयोगी जदयू को एक सीट पर मिली जीत

प्रदेश जदयू ने जमशेदपुर पि्रम से पार्टी की उम्मीदवार सरयू राय की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। सरयू ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को परास्त किया है। प्रदेश जदयू श्री राय को जीत की बधाई भी दी है। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, सागर कुमार, अखिलेश राय, धनंजय सिन्हा, संजय सिंह, रेणु गोपीनाथ पन्निकर एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी है।


**Privilege CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited**

**Annual General Meeting of the Society has been scheduled for 15.12.2024 (Sunday) at 11:00 AM at the office of the Society.**

**Agenda of the meeting is as follows:**

1. Confirmation of minutes of the AGM held on 26.11.2023
2. Adoption of audited statement of account for the financial year 2023-24
3. Review of progress of work of Phase-I and Phase II and roadmap ahead
4. Revision 2of estimate for construction of flats of Phase -I
5. Discussion over Arbitration case between former consultant Privilege Housing Private Limited (PHPL)
6. Exemption from payment of interest due to late payment against first demand note of Phase- II
7. Any other matter, with the permission of the house, may also be taken up.

**Reg. No. JKD-01-01-01-04-(H)2018]** **Chief Executive Officer PCEGNSSS Ltd.**


## झारखंड में एससी सीटों पर एनडीए पकड़ पड़ी ढीली

### झारखंड में एससी सीटों पर एनडीए पकड़ पड़ी ढीली, इंडिया गठबंधन ने बनायी पैठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के चुनाव में एनडीए को अप्रत्याशित असफलता हाथ लगी है। प्रदेश में इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने के लिए जादुई आंकड़े से ज्यादा सीटै जीतकर हर प्रमंडल में अपनी पकड़ मजबूत की है। झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व 09 सीटों पर भी भाजपा की पकड़ ढीली पड़ी है।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका एससी के लिए रिजर्व चंदनकियारी सीट पर लगा है। यहां पर झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी हार गये हैं। उन्हें आजसू से झामुमो में शामिल हुए उमाकांत रजक ने हराया है। इस बार एनडीए गठबंधन की वजह से यह सीट आजसू के हाथ से निकल गई थी। खास बात है कि माहौल को देखते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने खुद अमर बाउरी के लिए चंदनक्यारी में चुनावी सभाएं की थी लेकिन कोई फायदा नहीं मिला।

**एससी सीटों का लेखा-जोखा**

झारखंड में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो कुल 9 विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन ने अपनी पकड़ को मजबूत किया है। इंडिया ब्लॉक के दलों ने 6 सीटों पर कब्जा जमाया। वहीं भाजपा मात्र तीन सीट ही जीत पायी है।

2019 में 06 एससी सीटें जीतने वाली भाजपा इसबार 03 एससी (सिमरिया, जमुआ और लातेहार) सीटों पर सिमट गई है। जबकि एनडीए गठबंधन के तहत मिली एकमात्र चतरा सीट पर लोजपा (आर) के प्रत्याशी जनार्दन पासवान जीत गये हैं। उन्होंनें निवर्तमान मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू और राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को हरा दिया है। इस जीत के साथ लोजपा ने पहली बार झारखंड विधानसभा में इंट्री ले ली है। इस बार के चुनाव में इंडिया ब्लॉक ने एससी पॉकेट में जबरदस्त पैठ बनायी है। एससी के लिए रिजर्व 09 सीटों में से 05 सीटों पर इंडिया ब्लॉक की जीत हुई है। इनमें झामुमो के खाते में चंदनक्यारी और जुगसलाई सीट गई है। कांग्रेस ने ना सिर्फ छतरपुर बल्कि भाजपा की परंपरागत सीट रही कांके पर भी कब्जा जमा लिया है। इस सीट पर लंबे समय से संघर्ष कर रहे कांग्रेस के सुरेश बैठा ने भाजपा के जीतू चरण को हराकर पहली बार जीत दर्ज की है। वहीं राजद के सुरेश पासवान ने देवघर सीट पर भाजपा के नारायण दास को पटखनी दे दी है। राजद की टिकट पर सुरेश पासवान ने तीसरी जीत दर्ज की है। गौर करने वाली बात ये है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को ना सिर्फ एसटी सीटों पर बल्कि परंपरागत एससी सीटों पर भी बड़ा झटका लगा है।

2014 के चुनाव में भाजपा को 06 और आजसू को 01 एससी सीट पर जीत मिली थी। एक सीट जेवीएम के खाते में गई थी। यह भाजपा के लिए स्वर्णिम दौर था। लेकिन महज 10 वर्षों में भाजपा ने एससी वोटर्स के बीच भी अपनी पकड़ कमजोर कर ली है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
24.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 16

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 132



16 वायनाड से प्रियंका गांधी की शानदार जीत

## एक बार फिर तीर निशाने पर लगा, भाजपा और आजसू पर चली कैंची

### पहली बार बिना गुरुजी के हेमंत सोरेन को मिली शानदार जीत

# फिर से शेरदिल सोरेन

**झारखंड की सियासत**

- हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पूरे चुनावी कैंपेन में बीजेपी-आजसू पर भारी रहे
- झामुमो को कल्पना सोरेन के रूप में एक शानदार लीडर भी मिला।



झारखंड में 'हेमंत दोबारा' नारा सब पर पड़ा भारी, इंडी गठबंधन को मिला पूर्ण बहुमत


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में एक बार फिर तीर निशाने पर लग गया। इंडिया गठबंधन की सरकार दुबारा बहुमत में आ गई। वहीं, कमल और केला पर कैंची चल गई। झारखंड की सियासत में पहली बार दोबारा गठबंधन की सरकार रिपिट करेगी। खास बात यह रही कि झामुमो को कल्पना सोरेन के रूप में एक शानदार लीडर भी मिला। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पूरे चुनावी कैंपेन में बीजेपी और आजसू पर भारी रहे। पहली बार बिना गुरु जी यानी झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के बिना यह चुनाव लड़ा और इसका परिणाम भी मिला।

**आदिवासी अस्मिता का बड़ा दांव चला :** चुनाव में झामुमो ने आदिवासी अस्मिता का बड़ा दांव चला। हेमंत सोरेन लोगों को यह समझाने में सफल रहे कि आदिवासी सीएम होने के नाते उन्हें काफी परेशान किया गया। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को भी मुद्दा बनाया। ये मैसेज दिया कि आदिवासी सीएम को प्रताड़ित किया जा रहा है। हेमंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में जेल में लगी मुहर की भी तस्वीरें शेयर की थी।

### उल्टे पड़े बीजेपी के दांव, हेमंत कल्पना बने बाजीगर

सीता सोरेन और चंपाई सोरेन को झामुमो से तोड़ना बीजेपी को नुकसानदायक रहा। इससे एक तो बीजेपी के अपने कैडर नाराज हुए, वहीं, दूसरी ओर आदिवासियों में मैजेस गया कि बीजेपी हेमंत सोरेन की पार्टी तोड़ने की कोशिश कर रही है और हेमंत सोरेन को खत्म करना चाहती है। लोगों में ये भी संदेश गया कि बीजेपी किसी भी तरह सत्ता पाना चाहती है। यानी बीजेपी के दांव उलटे पड़ गये वहीं, हेमंत-कल्पना सोरेन की रणनीति न सिर्फ सफल रही, दोनों राजनीति के बाजीगर साबित हो गये।



## हेमंत कैबिनेट के चार मंत्री मिथिलेश ठाकुर बेबी देवी, बन्ना गुप्ता और बैद्यनाथ राम हारे

जीते सतेंद्र नाथ तिवारी



जीते जयराम महतो



जीते सरयू राय



जीते प्रकाश राम



हारे मिथिलेश ठाकुर



हारे बेबी देवी



हारे बन्ना गुप्ता



हारे बैद्यनाथ राम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा 2024 के चुनाव परिणाम कई मायने में चौंकानेवाले हैं। इस चुनाव में एक ओर जहां हेमंत सोरेन की इंडिया ने जीत का परचम लहराया है, वहीं, दूसरी ओर से इस चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार के चार मंत्री चुनाव हार गए हैं। इनमें गढ़वा से पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लातेहार से शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, डुमरी से बेबी देवी और पश्चिमी जमशेदपुर से बन्ना गुप्ता शामिल हैं।

बताते चलें कि हेमंत सोरेन सरकार को मिली प्रचंड जीत के बावजूद कैबिनेट के चार मंत्री हार गये। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा के विकास के लिए कई काम किये लेकिन मतदाताओं के धुव्रीकरण के कारण उनको हार का सामना करना पड़ा। विकास का मुद्दा गढ़वा में नहीं चला। मंत्री बन्ना गुप्ता को उनके कट्टर राजनीतिक विरोधी जदयू प्रत्याशी सरयू राय ने बुरी तरह परास्त किया है। इनके अलावा हेमंत कैबिनेट के पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को भी हार का सामना करना पड़ा है।

## ऐतिहासिक जीत के लिए जनता का आभार : हेमंत

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक जीत के लिए हेमंत सोरेन को फोन कर बधाई दी। हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद कहा...*

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को मिली शानदार जीत पर राज्य की जनता के प्रति आभार प्रकट किया है। परिणाम आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि जनता ने इंडी गठबंधन को भरपूर समर्थन और आशीर्वाद दिया है। यह अबुआ राज्य के लिए झारखंड की जनता की जीत है। इस जीत में आधी आबादी ने महती भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी व एनडीए गठबंधन के बीच मुकाबला था लेकिन, जनता ने हमारे काम पर विश्वास जताते हुए इंडी गठबंधन को शानदार बहुमत दिया है। उन्होंने जीत के लिए महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों सहित सभी को बधाई दी और आभार प्रकट किया। उन्होंने चुनाव के सभी उम्मीदवारों को भी बधाई दी।

मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, विधायक कल्पना सोरेन, तारिक अनवर, जेपी यादव मौजूद थे।



**आज सीएम हाउस में जुटेंगे इंडी गठबंधन के विधायक**

झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने सूचना जारी करते इंडिया गठबंधन के सभी नव.निर्वाचित विधायकों को 24 नवंबर को दिन के 11 बजे रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में बुलाया है।

**कौन कहां से जीते**

| सीट | जीते |
|---|---|
| रांची | सीपी सिंह, भाजपा |
| रामगढ़ | ममता देवी कांग्रेस |
| सारठ | उदय शंकर सिंह झामुमो |
| सरायकेला | चंपई सोरेन भाजपा |
| शिकारीपाड़ा | आलोक सोरेन झामुमो |
| सिल्ली | अमित कुमार झामुमो |
| सिमरिया | कुमार उज्जवल बीजेपी |
| सिमडेगा | भूषण बाड़ा कांग्रेस |
| सिंदरी | चंद्र देव महतो माले |
| सिसई | जगा सुसरण होरो झामुमो |
| तमाड़ | विकास कुमार मुंडा झामुमो |
| तोरपा | सुदीप गुड़िया झामुमो |
| टुंडी | मथुरा प्रसाद महतो झामुमो |
| राजमहल | मोहम्मद ताजुद्दीन झामुमो |
| पोटका | संजीव सरदार झामुमो |
| पोड़ैयाहट | प्रदीप यादव कांग्रेस |
| पांकी | कुशवाहा शशि भूषण भाजपा |
| पाकुड़ | निषाद आलम कांग्रेस |
| निरसा | अरूप चटर्जी माकपा |
| नाला | रवींद्रनाथ महतो झामुमो |
| मनोहरपुर | जगत माझी झामुमो |
| मनिका | रामचंद्र सिंह कांग्रेस |
| मांडू | निर्मल महतो आजसू |
| मांडर | शिल्पी नेहा तिर्की कांग्रेस |
| मझगांव | निरलपूर्ति झामुमो |
| महेशपुर | स्टीफन मरांडी झामुमो |
| महागामा | दीपिका पांडे सिंह कांग्रेस |
| मधुपुर | हफीजुल हसन झामुमो |
| लोहरदगा | डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस |
| लिट्टीपाड़ा | हेमलाल मुर्मू झामुमो |
| लातेहार | प्रकाश राम भाजपा |
| कोलेबिरा | नमन विक्सल कांग्रेस |
| कोडरमा | डॉ नीरा यादव भाजपा |
| खूंटी | राम सूर्य मुंडा झामुमो |
| खिजरी | राजेश कछाप कांग्रेस |
| खरसावां | दशरथ गागरई झामुमो |
| कांके | सुरेश कुमार बैठा कांग्रेस |
| जुगसलाई | मंगल कालिंदी झामुमो |
| झरिया | रागिनी सिंह बीजेपी |
| जरमुंडी | देवेंद्र कुमार भाजपा |
| जमुआ | मंजू कुमारी भाजपा |
| जामताड़ा | इरफान अंसारी कांग्रेस |
| जमशेदपुर प. | सरयू राय जदयू |
| जमशेदपुर पू. | पूर्णिमा साहू भाजपा |
| जामा | लुईस मरांडी झामुमो |
| जगन्नाथपुर | सोनाराम सिंह कांग्रेस |
| ईचागढ़ | सविता महतो झामुमो |
| हुसैनाबाद | संजय सिंह यादव राजद |
| हजारीबाग | प्रदीप प्रसाद भाजपा |
| हटिया | नवीन जायसवाल भाजपा |
| गुमला | भूषण तिर्की झामुमो |
| गोमिया | योगेंद्र प्रसाद झामुमो |
| गोड्डा | संजय प्रसाद यादव राजद |
| गिरिडीह | सुदिव्य कुमार सोनू झामुमो |
| घाटशिला | रामदास सोरेन झामुमो |
| गढ़वा | सत्येंद्र नाथ तिवारी भाजपा |
| गांडेय | कल्पना सोरेन झामुमो |
| डुमरी | जयराम महतो जेएलकेएम |
| दुमका | बसंत सोरेन झामुमो |
| धनबाद | बाबूलाल मरांडी भाजपा |
| धनबाद | राज सिन्हा भाजपा |
| देवघर | सुरेश पासवान राजद |
| डाल्टनगंज | आलोक कुमार चौरसिया |
| छतरपुर | राधाकृष्ण किशोर कांग्रेस |
| चतरा | जनार्दन पासवान लोजपा |
| चंदनक्यारी | उमाकांत रजक झामुमो |
| चक्रधरपुर | सुखराम उरांव झामुमो |
| चाईबासा | दीपक बिरूआ झामुमो |
| बोरियो | धनंजय सोरेन झामुमो |
| बोकारो | श्वेता सिंह कांग्रेस |
| बिशुनपुर | चमरा लिंडा झामुमो |
| भवनाथपुर | अनंत प्रताप देव झामुमो |
| बेरमो | कुमार जयमंगल सिंह कांग्रेस |
| बरकट्ठा | अमित कुमार यादव भाजपा |
| बड़कागांव | रौशन लाल चौधरी भाजपा |
| बरही | मनोज कुमार यादव भाजपा |
| बरहेट | हेमंत सोरेन झामुमो |
| बहरागोड़ा | समीर कुमार मोहंती झामुमो |
| बगोदर | नागेंद्र महतो भाजपा |
| बाघमारा | शत्रुघ्न महतो भाजपा |

## झारखंड की जनता को नमन पूरा सहयोग दूंगा : प्रधानमंत्री

### महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की बंपर जीत पर पीएम मोदी ने लोगों का आभार व्यक्त किया और इसे जीत को ऐतिहासिक करार दिया। यहां भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा, 'मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा। वह पार्टी मुख्यालय से कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा महाराष्ट्र में विकासवाद की जीत हुई है, महाराष्ट्र में सुशासन की जीत हुई है, महाराष्ट्र में सच्चे सामाजिक न्याय की विजय हुई है। महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। विभाजनकारी ताकतें हारी हैं, निगेटिव पॉलिटिक्स की पराजय हुई है, परिवारवाद की हार हुई है। 50 साल में किसी भी पार्टी या किसी भी प्री-पोल अलायंस के लिए सबसे बड़ी जीत है। ये लगातार तीसरी बार है जब महाराष्ट्र ने भाजपा के नेतृत्व में किसी गठबंधन को लगातार आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा, मैं देशभर के भाजपा व एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। पीएम ने कहा कि आज कांग्रेस का अर्बन नक्सलवाद भारत के सामने एक नयी चुनौती है। इन अर्बन नक्सलियों का रिमोट कंट्रोल देश के बाहर है और इसलिए सभी को अर्बन नक्सलवाद से बहुत सावधान रहना है। उन्होंने कहा, यूपी, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है।



## सीएम हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना और भाई बसंत जीते, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सुदेश महतो हारे

### बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन ने जीत दर्ज की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर हुए चुनाव का परिणाम आ चुका है। इस चुनाव में इंडी गठबंधन को बहुमत मिला है। हालांकि हेमंत सरकार के चार मंत्री बन्ना गुप्ता, बैद्यनाथ राम, बेबी देवी और मिथिलेश ठाकुर चुनाव हार गए हैं। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन बरहेट और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय सीट से जीत गये हैं। हेमंत सोरेन के भाई बंसत सोरेन ने भी दुमका से जीत हासिल की है। बता दें कि हेमंत सरकार के सभी मंत्री चुनाव मैदान में थे।

वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनवार से जीत दर्ज की है जबकि, विपक्ष के नेता अमर बाउरी चंदनकियारी से हार गए। वहीं सिल्ली सीट से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो भी चुनाव हार गये। कांग्रेस और झामुमो ने किसी का टिकट नहीं काटा। चतरा सीट पर रिजर्व कैटेगरी से बाहर होने के कारण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चुनाव नहीं लड़ा। उनकी जगह राजद ने सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश को मैदान में उतारा लेकिन वो चुनाव हार गयीं।



**बरहेट से सीएम हेमंत सोरेन जीते** – साहिबगंज जिले की बरहेट सीट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव जीता। उनके सामने भाजपा के गमालियल हेंब्रम थे। हेमंत सोरेन पहले राउंड से बढ़त में थे। यहां 20 राउंड में वोटों की गिनती हुई। यहां 69.50 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जो 2019 से एक फीसदी कम रही। यहां से भाजपा ने गमालियल हेंब्रम पर दांव खेला था। हेंब्रम पिछली बार यानी 2019 में आजसू के टिकट पर चुनाव लड़े थे। जमानत जब्त हो गई थी। वह टीचर की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए हैं।

**बसंत सोरेन ने सुनील सोरेन को मात दी :** झारखंड में दुमका विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी बसंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुनील सोरेन को 14588 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन को 95685 मत मिले। वहीं भाजपा उम्मीदवार सुनील सोरेन को 81097 मत मिले।

**खामी ख्याल में जले भाजपा के हाथ** भाजपा धरातल पर जनता से कनेक्ट करने में रही असफल

# भाजपा के घुसपैठ जैसे तमाम मुद्दे फुस्स

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिए खामी ख्याल में हाथ जलने के समान है। बांग्लादेशी घुसपैठिये समेत तमाम भाजपा के मुद्दे फुस्स हो गये। चुनावी वातावरण में भाजपा के तमाम वादे घूमते रह गये। झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने शानदार जीत हासिल कर भाजपा को राजनीतिक कोमा में भेज दिया है। यहां से भाजपा को संघर्ष के रास्ते आगे बढ़ने के सिवाय दूसरा चारा नहीं बचा। यह चुनाव परिणाम ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों की नींद उड़ा दी है। भाजपा ने पूरे ताम-झाम के साथ झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया था। भाजपा ने रोटी, बेटी और माटी की पुकार पर सरकार बनाने की अपील की थी लेकिन, झारखंडी जनता ने भाजपा के स्लोगन को नामंजूर कर दिया। जगन्नाथपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को करारी हार मिली है। इस सीट पर पूर्व सीएम मधु कोड़ा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। यहां से कांग्रेस से विधायक रहे सोनाराम सिंकू ने जीत दर्ज की है।

### संथाल में भाजपा साफ, झामुमो का किला मजबूत

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिश्वा सरमा का जादू नहीं चला। संथाल में झामुमो के किले को भाजपा भेद नहीं पायी। इसी प्रकार, कोल्हान में भी झामुमो ने मजबूत किलेबंदी कर ली। भाजपा की रणनीति पूरी तरह से फेल हो गयी, खास तौर पर संथाल प्रमंडल में जहां आदिवासी वोटरों की संख्या ज्यादा है। यहां पर भाजपा का रोटी, बेटी, माटी का नारा पूरी तरह से फेल रहा। यहां बरहेट से हेमंत सोरेन, दुमका से बसंत सोरेन, जामा से लुईस मरांडी, महेशपुर से स्टीफन मरांडी ने जीत दर्ज की। संथाल में भाजपा को एक सीट पर ही संतोष करना पड़ेगा।



हालांकि, कोल्हान की 14 में से तीन सीटों पर राजग ने जीत दर्ज की। इस बार सरायकेला सीट से चंपई सोरेन और जमशेदपुर पूर्वी पर पूर्णिमा साहू ने जीत दर्ज की, जबकि जमशेदपुर पश्चिमी से सरयू राय ने जीत दर्ज की लेकिन, दक्षिणी छोटानागपुर सीट में 15 सीटों में से अधिकांश में भाजपा को शिकस्त मिली है। भाजपा यहां सिर्फ रांची और हटिया सीट ही बचा पायी। राजग घटक दल आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो भी सिल्ली में चुनाव हार गये। भाजपा ने संथाल समेत पूरे झारखंड में डेमोग्राफी चेंज का मुद्दा जोर शोर से उठाया था। बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा मुख्य रूप से संथाल के लिए ही था। पीएम मोदी तक ने सभा में कहा कि घुसपैठिये, झारखंड की बेटियों को फुसलाकर शादी करते हैं और फिर उनकी जमीन पर कब्जा कर लेते हैं लेकिन झारखंड में इसका उल्टा असर हुआ। जानकारों का मानना है भाजपा के इस नारे के कारण मुसलमान एकजुट हुये और राजग के खिलाफ वोट किया।

जामताड़ा से शिबू सोरेन की बड़ी बहू एवं भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन भी अपनी प्रतिष्ठा नहीं बचा पायीं। समझा जाता है कि आदिवासी समाज के वोटरों ने भी सीता सोरेन को पसंद नहीं किया। यही कारण है कि इरफान अंसारी जीत गये।

पोटका सीट से पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा भी चुनाव हार गयीं। भाजपा के रणनीतिकार पोटका में मीरा मुंडा के पक्ष में हवा बनाने में नाकामयाब रहे।

### चंपई और गीता कोड़ा का भी नहीं दिखा असर





झामुमो से चंपई सोरेन और कांग्रेस से गीता कोड़ा को भाजपा में लाने का खास फायदा नहीं मिला। भाजपा को उम्मीद थी कि इन दो नेताओं की वजह से उन्हें कोल्हान में अच्छी खासी सीटें मिलेंगी लेकिन, भाजपा की रणनीति फेल हो गयी। चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन तक घाटशिला सीट गवां बैठे। दूसरी तरफ झामुमो लगातार ये कह रहा था कि उनके नेता को जेल भेज दिया गया। पार्टी को तोड़ने की कोशिश की गयी। इसका वोटर पर असर दिखा।

झामुमो प्रत्याशी को 21 हजार से अधिक वोटों से हराया

## सीपी सिंह ने रांची सीट से लगातार सातवीं बार जीतकर बनाया रिकार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची सीट से भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह ने सातवीं बार जीत दर्ज कर रिकार्ड बनाया। सीपी सिंह ने झामुमो की महुआ माजी को 21949 वोटों से हराया। सीपी सिंह को 107290 वोट मिला जबकी महुआ माजी को 85,342 वोट मिले। सीपी सिंह संभवत राज्य के पहले ऐसे विधायक हैं जिन्होंने लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की।

**हटिया से नवीन जीते, अजनाथ शाहदेव हारे :** हटिया से भाजपा प्रत्याशी नवीन जायसवाल ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को हराया।

**कांके और खिजरी से कांग्रेस को मिली जीत :** लंबे समय के बाद कांग्रेस को कांके विधानसभा सीट से जीत मिली है। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा ने भाजपा प्रत्याशी डा. जीतू चरण राम को 968 वोटों से हरा दिया। वहीं खिजरी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक राजेश कच्छप अपनी सीट बचाने में सफल रहे। भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन को उन्होंने करीब 29 हजार वोटों से हराया। इस तरह रांची जिले की चार सीटों में से दो पर भाजपा व दो पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। कांके भाजपा का मजबूत गढ़ था, लेकिन इस बार भाजपा यहां से हार गई।



**मांडर से कांग्रेस और सिल्ली से झामुमो को मिली जीत :** रांची जिला के मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की बेटी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बीजेपी प्रत्याशी सनी टोप्पो को हराने में कामयाब रहीं। वहीं सिल्ली से आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो को हार का सामना करना पड़ा। झामुमो के अमित महतो ने उन्हें शिकस्त दी।

# संताल परगना से भाजपा का हुआ सुफरा साफ, जरमुंडी ने बचायी लाज

## झामुमो के दुमका से बसंत, जामा से डॉ लुईस, शिकारीपाड़ा से आलोक एवं जरमुंडी से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर जीते


जीत के बाद शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन।


जामा विधानसभा प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी।


झामुमो से जीते प्रत्याशी बसंत सोरेन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल परगना प्रमंडल के लगभग सभी सीटों पर भाजपा का सुफरा साफ हो गया। संताल परगना के 18 विधानसभा सीट में से मात्र बाबा बासुकीनाथ की धरती जरमुंडी विधानसभा से भाजपा का कमल खिल सका।भाजपा के जरमुंडी प्रत्याशी देवेन्द्र कुँवर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख 17546 मतों से पिछड़ गए। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुँवर 94892 मत लाकर विजयी हुए। भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कुंवर दूसरी बार विधायक बन विधानसभा पहुंचेगे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी 77346 मत ही हासिल कर सके।

वहीं जामा विधानसभा सीट से भाजपा छोड़ झामुमो से टिकट हासिल कर चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रही डॉ लुईस मरांडी 5738 मतों से विजयी घोषित हुई। डॉ लुईस मरांडी को कुल मत 76424 मत एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू को 70686 मत हासिल हुए। वहीं दुमका विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन 14588 मतों से विजयी घोषित हुए। झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन कुल 95685 मत हासिल किया। वहीं भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोरेन कुल 81097 मत हासिल किया। झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन 14588 मतों से जीत दूसरी बार विधानसभा पहुंचे। वहीं शिकारीपाड़ा विधानसभा प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल किया। सांसद नलिन सोरेन के पुत्र आलोक कुमार सोरेन ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के परितोष सोरेन को 41174 मतों से हराया। झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन कुल 102199 मत हासिल किया। वही भाजपा प्रत्याशी परितोष सोरेन को मात्र 61025 मत से संतोष करना पड़ा।

## जीत के जश्न में डूबे झामुमो और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता, जमकर हुई आतिशबाजी, खूब उड़े गुलाल



### जनता, कार्यकर्ता, माता-पिता और केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद : आलोक सोरेन

जीत के बाद शिकारीपाड़ा विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन ने विधानसभा क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि खास कर माता-पिता और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के बारे में कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद से जीत हासिल हुआ है और खासकर केंद्रीय नेतृत्व पर बोला कि केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा जताया, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने विकास को लेकर कहा कि क्षेत्र का विकास निरंतर करेंगे। पिता के अधूरे कामो को पूरा करने का काम करूंगा।

### जीत का श्रेय जनता, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक को जाता है : डॉ लुईस मरांडी



जीत के बाद झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि चुनाव का परिणाम निकला है। विजय का श्रेय जामा विधानसभा क्षेत्र की जनता को जाता है। विजय का श्रेय विधानसभा से तमाम जनता, तमाम कार्यकर्ताओं और शुभचिंतक जो हमे किसी न किसी रूप में मदद किया है। यह जीत का श्रेय उन्हें ही जाता है।

### जीत के जश्न में डूबे कार्यकर्ता

उपराजधानी दुमका जिले के सभी चार विधानसभा सीट में जरमुंडी विधानसभा सीट छोड़ तीन विधानसभा पर झामुमो की जीत पर झामुमो कार्यकर्ताओं में जश्न का महौल है। झामुमो कार्यकर्ता जमकर आतिशबाजी, गुलाल लगा और मिठाई एक-दूसरे खिला खुशी मनायी। पूरा शहर जय झारखंड, वीर शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, बसंत सोरेन जिंदाबाद, आलोक सोरेन जिंदाबाद, लुईस मरांडी जिंदाबाद के नारे से गुंजायमान रहा। पूरा शहर हरा रंग के अबीर से सराबोर हो उठा।

### राज्य की जनता को अलग राज्य होने के बाद से उम्मीद थी, वो सारे लाभ मिलेंगे : बसंत सोरेन

जीत के बाद झामुमो के बसंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 में राज्य की जनता हेमंत सोरेन को जिम्मेवारी दिया। हेमंत सोरेन जी सारी जिम्मेवारी निभाते हुए लोगो के भावनाओं को देखते हुए जिम्मेवारी निभाने का काम किया। उनके भावनाओं को देखते हुए वो सारे काम किए, जो राज्य की जनता को उम्मीद थी और जरूरत थी वह काम करने का काम किया। उसी का फल है कि जनता ने दोबारा विश्वास किया। आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि कई ऐसी योजनाए सरकार धरातल पर उतारने का काम करेगी। जिसका सीधा लाभ आखरी पायदान के इंसान तक पहुंचेगा। जिसकी लोगो को राज्य के अलग होने के समय से उम्मीद थी। राज्य की जनता को वो सारे लाभ मिलेंगे।

### जनता व पूर्व मंत्री हरिनारायण राय की जीत : देवेंद्र कुंवर



जीत के बाद जरमुंडी भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर ने कहा कि जीत का कोई टेंशन नहीं है, पूर्व से विधायक का पेंशन पा रहा हूं। मेरी जीत जरमुंडी विधानसभा की जनता की जीत है।संताल परगना के 18 सीट में एकमात्र सीट जरमुंडी भाजपा के झोली में आने को लेकर कहा कि पूर्व मंत्री हरिनारायण राय का साथ मिला। जो ऐसे लोगों का साथ संताल परगना के किसी प्रत्याशी को नहीं मिला। जीत को लेकर कहा कि जीत की खुशी क्षेत्र की जनता में है और जीत का श्रेय जनता और कार्यकताओं को जाता है।

# बेरमो से कांग्रेस के कुमार जयमंगल सिंह ने जयराम महतो को हराया

## कुमार जयमंगल ने कहा-बेरमो की देव तुल्य जनता की जीत है, भाजपा के रविन्द्र कुमार पांडेय तीसरे स्थान पर रहे





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा चुनाव परिणाम कांग्रेस के खाते में गया है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह ने जीत दर्ज की है। उन्होंने जेकेएलएम जयराम महतो को 29,097 वोटो से हराया। भाजपा के रविन्द्र कुमार पांडेय तीसरे स्थान पर रहे। 20 नवंबर को हुए मतदान में 66.86% मतदाताओं ने वोट किया था। प्रथम कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह ने 88,786, दूसरे जेकेएलएम प्रत्याशी जयराम महतो ने 59,689.और तीसरे स्थान भाजपा के रविन्द्र कुमार पांडेय ने 57,556 ने वोट प्राप्त किया। इंडी गठबंधन के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि यह जनता की जीत है। कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता एवं महागठबंधन के साथी दलों ने इस विघानसभा चुनाव को चुनौती के रूप में लिया। आमजनों के पास विकास के मुद्दों को लेकर गया। विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं ने कांग्रेस एवं महागठबंधन के प्रति विश्वास जताते हुए एक स्वच्छ ईमानदार एवं अनुभवी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भारी अंतर से जीताने का कार्य किया। भाजपा ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कद्दावर नेताओं को चुनाव प्रचार में लगाया। बावजूद भी यह सीट रविन्द्र कुमार पांडेय ने भारी अंतर से हार गये। बेरमो विधानसभा गिरडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आता है. यह झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में एक है. वर्ष 1957 में यह निर्वाचन क्षेत्र अस्तित्व में आया। तब यह इलाका बिहार का हिस्सा हुआ करता था. 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग करके झारखंड राज्य का गठन किया गया। इसके बाद यह विधानसभा सीट झारखंड के हिस्से में आ गई। बेरमो विधानसभा सीट पर झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में कुल 3,27,601 (3 लाख 27 हजार 601) मतदाता हैं। बेरमो विधानसभा सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है। बीएंडके जीएम के रामाकृष्ण, ढ़ोरी जीएम रंजय कुमार, पीओ शैलेश प्रसाद,राजीव कुमार, के एस गैवाल, भी एन पांडेय, रंजीत कुमार, एरिया सेल ऑफिसर राजेश गुप्ता व एस त्यागी, एसओईएंडएम जयशंकर प्रसाद व जी मोहंती, एएफएम जी चौबे, एसओ एस के झा, ट्रांसपोर्टर अरुण अग्रवाल, तरुण सिंह, शक्ति सिंह, राजू सिंह, भोला सिंह, मीनू अग्रवाल व मुन्ना सिंह, डॉक्टर उषा सिंह व शकुंतला कुमार, मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा व आर उनेश, चित्रगुप्त महा परिवार करगली बेरमो समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंहा, कायस्थ महापरिवार करगली के संजय सिंहा, इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, व्यवसाई पिंटू सिह, अभय कुमार सिंह, नरेश महतो मोहम्मद रियाज अंसारी, आनंद विश्वकर्मा आदि ने जय मंगल सिंह को जीत दर्ज पर ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।

# साहिबगंज जिले के तीनों विधानसभा में झामुमो की हुई ऐतिहासिक जीत



### बरहेट से हेमंत सोरेन, राजमहल से झामुमो प्रत्याशी एम टी राजा और बोरियो से धनंजय सोरेन ने जीत हासिल की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल से जेएमएम प्रत्याशी एम टी राजा की जीत ने भारी मतों से जीत हासिल किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी बीजेपी के विधायक अनंत ओझा को कुल 43343 वोट से हराया। वही एम टी राजा को कुल 139023.और अनंत ओझा को कुल 95680 वोट मिला।

बोरियों विधानसभा क्षेत्र से लगातार भाजपा के लोबिन हेंब्रम जीतते हुए आ रहे थे उसे इस बार झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन ने हराया है धनंजय सोरेन भारी मतों से जीत हासिल की है। बरहेट विधानसभा से गामालियान हेमब्रम ने को कुल 55424 वोट मिले हैं वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी हेमंत सोरेन को 94840 वोट प्राप्त हुए हैं। हेमंत सोरेन कूल 39416 वोट से विजय हुए हैं।

**लोबिन हेंब्रम का कुल वोट 77148**

धनंजय सोरेन का कुल वोट 99421, धनंजय सोरेन बी जे पी के लोबिन हेमब्रम कुल 22273 वोट से हराया। हेमंत सोरेन को कुल वोट 94840 मिले। वही 39416 वोट से जीत हासिल किए हैं। 39416 वोट से गमालियन हेंब्रम को हेमंत सोरेन ने हराया है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा में काफी उत्साह है। मिठाई बांटी जा रही है। पटाका फोड़ी गयी।

# इंडिया गठबंधन के गोमिया प्रत्याशी योगेंद्र महतो की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो की 35,522 वोटों से शानदार जीत के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने गोमिया मोड में गाजे-बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस ने गोमिया मोड से शुरू होकर पुराना सिनेमा हॉल, कोठीटांड, स्वांग वन/बी आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। योगेन्द्र की जीत पर कसमार पेटरवार व खैराचातर चौक में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाने हुए एक दूसरे को रंग गुलाल मिठाई बांटी व अतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। कसमार प्रखंड के प्रमुख सह झामुमो नेत्री नियोति कुमारी ने कहा कि राज्य में दूसरी बार इंडिया गठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन या कल्पना सोरेन के नेतृत्व सरकार बनने जा रही है। कहा कि यह जीत झामुमो व कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, सोहेल अंसारी, मुकेश महतो कृष्णा महतो प्रकाश महतो लोकेश कुमार दे मनोहर मुर्मू विमल जायसवाल अनुप सेठी सिकंदर कपरदार मिथिलेश जायसवाल महेश करमाली शेरे आलम विनोद महतो रसलीन कुलदीप करमाली विक्रम सिंह सुभाष महतो लालदेव महतो चन्द्रमोहन सिंह ज्ञानेश राजेश कपरदार चन्द्रशेखर हेंब्रम प्रिया देवी, पूनम मरांडी संजय महतो रामसय हांसदा मासूम राजा विनीत प्रतिक कपिल महतो मिथुन महतो अशोक महतो हरजीवन महतो मिथिलेश महतो रिजवान अंसारी फारूख अब्दुला बबलू अंसारी नंदन कपरदार कैलाश टुडू शिवचरण महतो भोला स्वर्णकार तनवीर आलम व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गोड्डा जिले के तीनो सीटों पर जीते इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा जिला के सिकटिया मैदान में मतों के अंतिम परिणाम लगभग आ चुके है गोड्डा और पोड़ैयाहाट के अंतिम राऊंड कि गणना के बाद गोड्डा में राजद उम्मीदवार संजय प्रसाद यादव ने निवर्तमान विधायक भाजपा के उम्मीदवार अमित मण्डल को 21 हजार 3 सौ 58 मतो से पराजित किया। पोड़ैयाहाट में प्रदीप यादव कांग्रेस उम्मीदवार ने भाजपा के देवेंद्र नाथ सिंह को 34130 मतों से पराजित किया। महगामा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने भाजपा के अशोक भगत को 18645 वोटो से हराई। दीपिका को 114069 जबकि अशोक को 95424 मत मिले।

# प्रचंड जीत के लिए राजद ने दी जनता जनार्दन को बधाई



बोकारो। झारखंड में महागठबंधन को मिली प्रचंड बहुमत पर बोकारो जिला राष्ट्रीय जनता दल ने खुशी जाहिर किया है। राजद जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कार्यकताओं और समर्थकों को मिठाई खिलाकर और अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी साथ ही कहा कि गठबंधन की जीत झारखंडी जनमानस की जीत है और नफरत की हार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रदेश की सभी मईयाँ ने अपना आशीर्वाद दिल खोल कर दिया है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि जनता ने बीजेपी की झूठ को नकार दिया है। युवा राजद के प्रदेश महासचिव जितेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि बोकारो जिला से भाजपा का सफाया हो गया है। झारखंड की सभी जनता हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है। खुशी व्यक्त करने वालों में महानगर अध्यक्ष रामजीत यादव युवा राजद जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गिरी युवा चंद्रपुरा प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार युवा रजत प्रदेश उपाध्यक्ष कुंदन गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष हृदय देवी मनोज यादव बोधन यादव सीताराम यादव भाई प्रमोद सिंह भावेश साहनी महेंद्र यादव परशुराम यादव विपिन यादव संतोष यादव सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चतरा विधानसभा सीट से लोजपा (आर) के प्रत्याशी की जीत पर जिला इकाई ने मनाया जश्न



दुमका। लोक जनशक्ति पार्टी (आर ) जिला अध्यक्ष गिरधारी झा एवं प्रदेश पदाधिकारी जिला इकाई की ओर से राज्य के चतरा विधानसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के विधायक प्रत्याशी जनार्दन पासवान के प्रचंड जीत के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान को एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास दुमका जिला इकाई की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बधाई देने वालों में से प्रदेश उपाध्यक्ष जीवन राय, प्रदेश महासचिव हेमंत श्रीवास्तव, संथाल परगना प्रभारी मनोज राय, युवा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष कृष्ण झा, दुमका प्रखंड अध्यक्ष विशाल पाल, सोमेश्वर यादव, चंदन पंडा, मुकेश पंडा, छोटेलाल झा, बाबू झा, संजीव चौधरी, संतोष शर्मा, सूरज दुबे आदि मौजूद थे।

# लातेहार से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम जीते

**24 राउंड तक चले कड़े संघर्ष के बाद लातेहार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की हुई जीत**

**लातेहार के वर्तमान विधायक बैद्यनाथ राम को 434 वोटों से मिली हार**

**भाजपा के प्रकाश राम को मिला 98062 मत वहीं झामुमो के बैद्यनाथ राम को मिला 97628 मत**

**मतगणना में तीसरे चक्र से शुरू हुआ वोटों का महासंग्राम अंतिम चक्र तक रहा जारी**



अनुमंडल पदाधिकारी से प्रमाण पत्र लेते हुए विजयी प्रत्याशी प्रकाश राम



खुशी मुद्रा में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम व कार्यकर्ता



जनता का अभिवादन करते प्रकाश राम

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** राज्य में विधानसभा चुनाव 2024 का परिणाम शनिवार को जारी हुआ। इस बार के विधानसभा चुनाव परिणाम में जहां पूरे राज्य में एक बार फिर से हेमंत सरकार की लहर देखने को मिली। झामुमो, कांग्रेस व राजद गठबंधन की आंधी में जहां इस बार भी एनडीए गठबंधन पूरी तरह से धराशाई हो गया। हेमंत सोरेन सरकार व मंईयां सम्मान योजना की लहर के बावजूद राज्य सरकार के आधा दर्जन मंत्रियों को करारी हार का भी सामना करना पड़ा। लातेहार जिले के मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के हरेकृष्णा सिंह को 16854 मतों से करारी शिकस्त दी। कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को जहां 74946 मत मिले वहीं भाजपा के हरेकृष्णा सिंह को 58092 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस पार्टी से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले मुनेश्वर उरांव को 18748 मत हासिल हुए, लेकिन इसका कोई खास प्रभाव रामचंद्र सिंह के चुनाव परिणाम पर नहीं पड़ा। वहीं इस विधानसभा चुनाव में शिकस्त खाने वाले लातेहार विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक बैद्यनाथ राम भी शामिल रहे, जिन्हें कड़े संघर्ष में महज 434 मतों से करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम को जहां 98062 मत मिले वहीं झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम को 97628 मत मिले। बैद्यनाथ राम को शुरुआती रुझान में 2 राउंड तक लगभग 3000 से अधिक मतों से बढ़त हासिल हुई थी, लेकिन जैसे ही बरियातू प्रखंड में मतगणना शुरू हुई भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की वापसी शुरू हो गयी। बालूमाथ प्रखंड की मतगणना पूर्ण होते-होते प्रकाश राम ने वापसी करते हुए लगभग 3000 से अधिक मतों की बढ़त हासिल कर ली। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा संघर्ष भी देखने को मिल रहा था। बालूमाथ में मतगणना पूर्ण होने के बाद लातेहार सदर प्रखंड की मतगणना में बैद्यनाथ राम ने वापसी की व भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की बढ़त घटकर काफी कम हो गयी। चंदवा प्रखंड में काउंटिंग में दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, कुछ राउंड में बैद्यनाथ राम को तो कुछ राउंड में प्रकाश राम को बढ़त हासिल हुई। सांस रोक देने वाले हाई वोल्टेज कॉन्टेस्ट के बीच अंततः अंतिम 24वें चक्र में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम ने 434 मतों से विजयी होने का गौरव हासिल किया।

### प्रकाश राम को 98062 व बैद्यनाथ राम को मिले 97628 मत

इस बार विधानसभा चुनाव में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम और झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों के आसपास भी तीसरा कोई प्रत्याशी नजर नहीं आया। प्रकाश राम को इस बार 98 हजार 62 मत प्राप्त हुए, जिसमें पोस्टल बैलेट के 1634 मत शामिल हैं। वहीं बैद्यनाथ राम को 97628 मत मिले जिसमें पोस्टल बैलेट के 1942 मत शामिल हैं। जबकि जेकेएलएम प्रत्याशी संतोष पासवान को 4295 मत, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश पासवान को 3745, बसपा प्रत्याशी प्रकाश कुमार रवि को 2678, निर्दलीय प्रत्याशी श्रवण पासवान को 2426, अंबेडकराइट् पार्टी ऑफ इंडिया प्रत्याशी ब्रह्मदेव राम को 2386, भारत आदिवासी पार्टी के ललसू राम को 1323, निर्दलीय प्रत्याशी रवि कुमार पासवान को 942, वीरेंद्र कुमार को 718, शिवनाथ रजक 483 जबकि नोटा को 4518 मत मिले, जो प्रकाश राम व बैद्यनाथ राम के बाद तीसरा सर्वाधिक मत है।

### लातेहार में एक बार हार और एक बार जीत की परंपरा रही कायम

लातेहार विधानसभा क्षेत्र से विगत 25 वर्षों से चली आ रही एक बार हार और एक बार जीत की परम्परा इस बार भी कायम रही। बैद्यनाथ राम के बाद लातेहार विधानसभा क्षेत्र से तीन बार चुनाव जीतने का गौरव प्रकाश राम को भी हासिल हो गया। जहां बैद्यनाथ राम को 2019 के साथ 2009 व 2000 में जीत दर्ज हुई थी, वहीं प्रकाश राम ने 2024 में जीत दर्ज करने के साथ 2014 व 2005 में जीत हासिल हुई थी।

### सटीक साबित हुआ खबर मंत्र का आकलन

बता दें कि हिंदी दैनिक खबर मंत्र के द्वारा जमीनी आंकड़ों के अनुसार लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा व झामुमो प्रत्याशी के बीच कड़ा संघर्ष होने का अनुमान जताया था, साथ ही लातेहार विधानसभा क्षेत्र से जीत की कुंजी बालूमाथ व चंदवा के मतदाताओं के हांथो में होने की सम्भावना जताई थी जो जारी परिणाम में बिल्कुल सटीक साबित हुई।

## मनिका से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने मारी बाजी



अनुमंडल पदाधिकारी से प्रमाण पत्र लेते रामचन्द्र सिंह



खुशी मुद्रा में कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह व कार्यकर्ता

### रामचंद्र सिंह ने जीत का श्रेय जनता व कार्यकर्ता को दिया

वहीं मनिका विधासनसभा से कांग्रेस के विजयी प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह ने मीडिया से कहा कि हमारे जीत का श्रेय जनता, कार्यकर्ता, नेता को जाता है। जनता ने हमें सहयोग किया। जतना ने अपना काम पुरा कर दिया है अब हमलोगों को काम करना है जनता के लिए। इंडिया गठबंधन की सरकार अच्छा काम किया तभी हमारी सरकार फिर से आई है। मंत्री पद मिलने की बात पुछने पर श्री सिंह ने कहा कि हमारे जो नेता है उनके उपर निर्ड्ढार करता है कि क्या करना है।

### मनिका विधानसभा में मिले प्रत्याशियों को मत

इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह को 74946 मत, प्राप्त हुए वही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को 58092 मत मिले, निर्दलीय प्रत्याशी मुनेश्वर उरांव को 18748 मत, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रघुपाल सिंह को 8403 मत, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी बलवंत सिंह को 3583 मत मिले। हिन्दुस्तान आवाम मंच के प्रत्याशी अतुल कुमार सिंह को 2820 मत, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश सिंह को 2747 मत, निर्दलीय प्रत्याशी विजय सिंह को 1056 मत, निर्दलीय प्रत्याशी प्रभुदास मिंज को 926 मत मिलें।

## डीसी ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष मतगणना को लेकर सभी का किया आभार प्रकट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि विधान सभा चुनाव के तहत 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र एवं 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र हेतु मतगणना लातेहार जिले में सफलता पूर्वक एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी। ऐसे में सभी मतदाताओं, अधिकारियों, कोषांग के सभी कर्मियों, मतदान कर्मियों, पुलिस अधीक्षक तथा सभी सुरक्षा बलों, अर्द्ध सैनिक बलों यथा सशस्त्र सीमा बल के जवानों को आभार और धन्यवाद।

इसके अलावे पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के द्वारा किये गये सहयोग के लिए सभी मीडिया कर्मियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आभार प्रकट किया है। साथ ही चुनाव के सभी प्रत्याशियों ने भी चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न करने में अपनी भागीदारी निभाई है। इन सबों के सहयोग से ही जिला प्रशासन ने भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करा पाई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र एवं 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के विजयी प्रत्याशी को बधाई दी है।

## मनिका से विजयी कांग्रेस प्रत्याशी ने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्रवासियों को दिया

- **भाजपा 58092, मुनेश्वर उरांव 18748, रघुपाल सिंह 8403 पर सिमटे**
- **बलवंत सिंह व अन्य प्रत्याशियों ने 5000 का भी आंकड़ा नहीं किया पार, नोटा को मिले 5030 मत**

### विधायक रामचंद्र सिंह ने क्षेत्र वासियों का जताया आभार



रामचंद्र सिंह की जीत पर खुशी जाहिर करते समर्थक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। मनिका विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने भारी मतों से विजय प्राप्त किया है,इस जीत को उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र वासियों का नाम दिया है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ हमारी नहीं,जनता की है और जनता ने फिर से मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर मैं खरा उतरने का काम करूंगा,जितने भी विकास के कार्य अधूरे हैं उन्हें अब की 5 वर्षो में पूरा किया जाएगा,अपने क्षेत्र का चौहुमुखी विकास करना ही मेरा सर्वप्रथम प्राथमिकता है। बता दें की मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ था जिसके बाद 23 नवंबर दिन शनिवार को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना संपन्न होने के बाद विजय हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया गया। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को 74946 मत प्राप्त हुए। वहीं भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह 58092,निर्दलीय प्रत्याशी मुनेश्वर उरांव 18748 एवं सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह 8403 मत पर ही सिमट गए,जबकि अन्य प्रत्याशियों ने 5000 का भी आंकड़ा पार नहीं किया। वहीं जेएलकेएम प्रत्याशी बलवंत सिंह 3583,हिन्दुस्तानी आवाम मंच के प्रत्याशी अतुल कुमार सिंह 2820,निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार सिंह 2747,विजय सिंह 1056 और प्रभुदास मिंज को 926 मत प्राप्त हुए। साथ ही नोटा को 5030 मतदाताओं ने वोट दिया। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र से कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना-अपना किस्मत आजमा रहे थे जिसमें रामचंद्र सिंह ने भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह से 16854 मत के साथ बढ़त बनाते हुए अपना जीत दर्ज किया। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी से दूसरे बार विधायक पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर प्रखंड क्षेत्र के महागठबंधन के कार्यकर्ता दरोगी प्रसाद यादव, कामेश्वर प्रसाद यादव, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, मिथिलेश पासवान,ओम प्रकाश यादव, विजेंद्र पासवान, विशाल पासवान समेत अन्य लोगों ने विधायक रामचंद्र सिंह को बधाई दी है।

## रामचंद्र सिंह की जीत आम जनमानस की जीत : संतोषी

### मनिका विधानसभा क्षेत्र के अधूरे विकास कार्य होंगे पूरे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा सीट से रामचंद्र सिंह की ऐतिहासिक जीत की खुशी पूरे विधानसभा क्षेत्र में है। वहीं उनकी जीत पर हाल ही में भाजपा छोड़ रामचंद्र सिंह का समर्थन करने वाली जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने विधायक रामचंद्र सिंह को बधाई देने के साथ-साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है।

संतोषी शेखर ने कहा कि रामचंद्र सिंह के विजय और राज्य में मजबूत सरकार बनने से बरवाडीह प्रखंड समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा किया जाएगा।

मंडल मार्ग, बरवाडीह अनुमंडल, छिपादोहर प्रखंड समेत अन्य अधूरे विकास कार्य को विधायक रामचंद्र सिंह प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम करेंगे।

संतोषी शेखर ने यह भी कहा कि राज्य में मजबूत सरकार बनने के साथ रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में भी जगह मिले यह कामना है, ताकि एक अच्छे अनुभव के साथ विधानसभा के साथ पूरे राज्य का विकास होगा।

मौके पर संतोषी शेखर के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, दीपू तिवारी, अजय चंद्रवंशी, अवधेश मेहरा, रंजित कुमार राजू, सबीर खान, हेसामुल अंसारी, शमशुल अंसारी, मो. सईद सहित सैकड़ों नेताओं ने रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की है।

### महुआडांड़ में कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह की जीत पर जश्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** मनिका विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह की जीत की खुशी में महुआडांड़ प्रखंड में विधायक रामचंद्र के समर्थकों एवं कांग्रेसियों ने जीत की बधाई दी। शास्त्री चौक में सभी समर्थकों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी एवं आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से हिन्दू महासभा के महामंत्री भानू प्रसाद, राकेश कुमार, अजय प्रसाद, जमुना प्रसाद, रानू खान, संदीप गुप्ता, कृष्णा प्रसाद आदि सहित दर्जनों समर्थक एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने जीत को जनता की जीत बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र के विकास और समर्पण का प्रतीक है। समर्थकों में जीत को लेकर खासा उत्साह देखा गया, जो देर शाम तक जश्न में डूबे रहे।

## भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत पर मनीष जायसवाल ने दी बधाई

### भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न



खुशी का इजहार करते भाजपा कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत की खुशी में हेरहंज मंडल में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल ने जीत की बधाई दी। भाजपा कार्यालय में बम पटाखा फोड़कर और सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला कर जीत का जश्न मनाया।

जीत का जश्न मनाने एवं बधाई देने के मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य विजय गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजीत जायसवाल, हिमांशु रंजन, मुरली प्रसाद गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, धर्मेंद गुप्ता, अवधेश यादव, मनोज यादव संजय यादव, मिथलेश गुप्ता, त्रिवेणी भोक्ता, पिंटू यादव, अरविंद यादव, अखलेश यादव, ललन यादव, सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांकी-डालटनगंज विस क्षेत्र में भाजपा का लगातार दूसरी बार परचम

**झारखंड विधानसभा चुनाव**

## शशिभूषण, आलोक, किशोर, नरेश और संजय जीते
## देवेंद्र, त्रिपाठी, पुष्पा, रामचंद्र और कमलेश हारे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र पांकी, डालटनगंज, छतरपुर, विश्रामपुर व हुसैनाबाद का परिणाम घोषित हो गया है। पांकी विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सिटिंग विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी देवेंद्र कुमार सिंह को हराया। डालटनगंज -चैनपुर- भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सिटिंग विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी को पराजित किया। अनुसूचित जाति सुरक्षित छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा प्रत्याशी व सिटिंग विधायक पुष्पा देवी को शिकस्त दी। वहीं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी सह सिटिंग विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को हराया। जबकि हुसैनाबाद सीट से राजद प्रत्याशी संजय सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी सह सिटिंग विधायक कमलेश कुमार सिंह को भारी मतों के अंतर से पराजित किया। कुल मिलाकर पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को दो, राजद को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली है। जीत के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने होली और दिवाली एक साथ मनायी।



### डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र




- भाजपा के आलोक चौरसिया जीते
- कांग्रेस के केएन त्रिपाठी हारे

### पांकी विधानसभा क्षेत्र




- भाजपा के डॉ शशिभूषण जीते
- निर्दलीय देवेंद्र कुमार सिंह हारे

### छतरपुर विधानसभा क्षेत्र




- कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर जीते
- भाजपा की पुष्पा देवी हारीं

### बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र




- राजद के नरेश प्रसाद सिंह जीते
- भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी हारे

### हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र




- राजद के संजय सिंह यादव जीते
- भाजपा के कमलेश सिंह हारे

**स्पीड न्यूज**

### नरेश प्रसाद सिंह की जीत पर पांडू प्रखंड में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**पांडू पलामू।** बिश्रामपुर विधानसभा से क्षेत्र के राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह के ऐतिहासिक जीत से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजद कार्यकर्ताओं ने पांडू प्रखंड में जीत का जश्न मनाया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। ग्राम मुसीखाप, महुगवां, डाला कलां झरना कलां आदि गांव से राजद कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता ने राजद के ऐतिहासिक जीत पर झूमते दिखे। वहीं नरेश सिंह जिंदाबाद, राजद पार्टी जिंदा बाद आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर अनुज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, श्यामराज यादव, पवन सिंह, राधेश्याम यादव, अंजय सिंह, अजीत यादव, रंजन सिंह, बबलू सिंह, धनंजय सिंह आदि मौजूद थे।

### लगातार बढ़त बनाये रहे आलोक किशोर, संजय और नरेश प्रसाद

**मेदिनीनगर।** मतगणना शुरू होते ही डालटनगंज–चैनपुर–भंडरिया विधानसभा से आलोक चौरसिया, छतरपुर विस क्षेत्र से राधाकृष्ण किशोर, हुसैनाबाद विस क्षेत्र से संजय कुमार सिंह यादव, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नरेश कुमार सिंह लगातार बढ़त बनाये रहे। जो परिणाम जारी होने तक बना रहा। जबकि पांकी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना शुरू होते ही कई राउंड तक निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा शशिभूषण मेहता पर बढत बनाये रहे। देवेंद्र सिंह करीब 11 हजार मतों से आगे रहने के बाद पिछड़ते चले गये और अंततः भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा शशिभूषण मेहता के सिर जीत का सेहरा बंध ही गया। इस दौरान 85 मतो के अंतर से आगे निकलते ही कुशवाहा शशिभूषण मेहता के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। स्वयं भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि अब हम दस हजार मतों के अंतर से चुनाव जीत जायेंगे। उनकी अंततः यह बातें सत्य साबित हुई।

### मतगणना स्थल पर सुरक्ष का था पुख्ता इंतजाम, तीन लेयर में थी सुरक्षा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में विधनसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद मतगणना को लेकर भी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से पूरी व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। ब्रजगृह पुलिस के हवाले था वहीं पूरे मतगणना स्थल की सुरक्षा तीन लेयर में लगायी गयी थी। इसके साथ ही पूरे मतगणना स्थल को चारों तरफ से सील कर पुलिस तैनात किया गया था। इसके अलावे पूरे क्षेत्र में जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण कराया गया है उसी तरह मतगणना कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के व्यापक व्वास्था की गयी थी।

### कार्यकर्ताओं ने राजद प्रत्याशी की जीत पर मनाया जश्न, खूब बांटी मिठाई



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज – हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार संजय सिंह यादव की रिकॉर्ड मतों से हुई जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान हरिहरगंज के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ सहित कई जगहों पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के चुनाव परिणाम से जाहिर हो गया कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में अच्छा काम हो रहा है। लोग इंडिया गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं। मौके पर छोटेलाल गुप्ता, रंजीत यादव, पिंटू यादव, आलमगीर आलम उर्फ टुडे, निरंजन गुप्ता, पवन राय, जगनारायण यादव, कपिल यादव, पांचू यादव, गणेश दास, जितेंद्र दास, रामजन्म मेहता, अनिल यादव व बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हुसैनाबाद से राजद के संजय कुमार सिंह यादव तीसरी बार बने विधायक

**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिले का हुसैनाबाद–हरिहरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव भारी मतों से विजयी हुए। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के कमलेश सिंह को 34 हजार 81 मतों से हराकर विधायक बने। संजय हुसैनाबाद से वर्ष 2024 में तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं।

**लगातार दूसरी बार पांकी के विधायक बने डॉ शशिभूषण मेहता**

## पांकी की जनता ने धनबल और बाहुबल को नकारा: शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह सिटिंग विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता लगातार दूसरी बार जीत का परचम लहराया है। चुनाव जीतने पर कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने खुशी का इजहार किया है। उन्होंने अपने पक्ष में परिणाम आने की सूचना मिलते ही झूम उठे। उन्होंने कहा कि जीत पक्की थी थोड़ा मार्जिन कम हो गया। उन्होंने कहा कि कम से कम बीस हजार मतों से जीतने का अनुमान था। डा मेहता ने कहा कि यह जीत समस्त पांकी विस क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं की जीत है। श्री मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता बिकाउ नहीं टिकाउ है। निर्दलीय प्रत्याशी की ओर से डरा धमका कर, लोभ लालच देकर हर तरह से बरगलाया लेकिन पांकी की जनता ने धनबल व बाहुबल दोनों को नकार दिया। कहा कि पांकी में फिर से नया इतिहास रचते हुए भाजपा को दूसरी बार अपना प्रचंड जनादेश देकर कमल खिलाने पर पांकी की जनता का हृदय से आभार व अभिनंदन करते हैं। कहा कि पांकी की जनता का यह विश्वास व समर्थन हमारे लिए प्रेरणा व ऊर्जा का श्रोत है। उन्होंने कहा कि हम पांकी की जनता के साथ मिलकर पांकी के विकास के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ायेंगे। हम विस क्षेत्र के सभी मतदाताओं के प्रति सदा आभारी रहेंगे।



जीत के बाद विजयी निशान दिखाते पांकी विधायक।

## 20 वर्षो के बाद जीती कांग्रेस, जनता बधाई की पात्र है : राधाकृष्ण किशोर

- छतरपुर विधानसभा से जीते कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर, मिला जीत का प्रमाण पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर निर्वाचित घोषित किये गये हैं। जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। मौके पर निर्वाचित राधाकृष्ण किशोर ने छतरपुर विस क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि 20 वर्षों के बाद छतरपुर सुरक्षित सीट से कांग्रेस की जीत हुई है। चुनाव में इंडिया गठबंधन ने मुझे प्रत्याशी बनाया, जिसमें राजद कैडर का वोट मुझे मिला। लेकिन राजद ने मुझे हराने के लिए प्रत्याशी उतारा। इसके बावजूद क्षेत्र की जनता ने मुझे छठी बार सेवा करने का मौका दिया है। श्री किशोर ने कहा कि पाटन - छतरपुर विस क्षेत्र की देवतुल्य जनता के प्रति हृदय से आभारी हैं व हार्दिक अभिनंदन करते हैं। श्री किशेर ने कहा कि क्षेत्र की जनता के विश्वास व कसौटी पर खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पिछ्ले पांच वर्षों में पाटन - छतरपुर विधानसभा क्षेत्र को चारागाह बना दिया गया था । पूर्व के जनप्रतिनिधि ने केवल अपना हित साधने का काम किया उन्हे जनता के दुख दर्द व विकास से कोई लेना देना नही रहा। श्री किशेर ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण व चहुंमुखी विकास हमारी पहली प्राथमिकता होगी।



जीत के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर।

## विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का किला किया ध्वस्त: नरेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- विश्रामपुर विस से राजद प्रत्याशी नरेश सिंह निर्वाचित, मिला प्रमाण पत्र

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव में विश्रामपुर विस क्षेत्र से राजद प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह निर्वाचित हुए हैं। जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। निर्वाचित होने के बाद श्री सिंह ने विश्रामपुर विस क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस आशा व उम्मीद के साथ क्षेत्र में सेवा करने का मौका दिया है उस कसौटी पर खरा उतरने का काम करेंगे। विगत दस वर्षों से विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवा करते आया हूं और आगे भी करता रहूंगा।



## अधूरे कार्य पूरा करूंगा : आलोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डालटनगंज विधानसभा से अंततः निर्वाचित घोषित किये गये आलोक
- जीत की हैट्रिक लगाने पर जनता ने दी जीत की हार्दिक बधाई

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया अंततः हा ना के बीच निर्वाचित घोषित किये गये। जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। मतगणना स्थल के बाहर निकलने के बाद श्री चौरसिया ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुझे तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है इसका मैं सदैव आभारी रहूंगा। डालटनगंज- चैनपुर -भंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता गरीब गुरबा, दबे एवं पिछड़ा वर्ग को तीसरी बार नेतृत्व करने का यह अवसर दिया है। इसमें अगड़ा पिछड़ा की राजनीति करनेवाले को सबक मिला है। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों को पूरा करूंगा। श्री चौरसिया ने पार्टी के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही जिला के सभी समर्पित कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।



## हुसैनाबाद विस क्षेत्र की जनता सर्वोपरि है : संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- हुसैनाबाद से संजय सिंह यादव को मिला जीत का प्रमाण पत्र
- हुसैनाबाद की जनता सर्वोपरी : संजय सिंह यादव

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद सामान्य सीट से इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी संजय सिंह यादव ने भारी मतों से जीत हासिल की है। जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन द्वारा जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर श्री यादव ने हुसैनाबाद की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता सर्वोपरी है। मैं विगत कई वर्षों से क्षेत्र की जनता के सुख दुख में लगा रहा हूं। इस बारक्षेत्र की जनता ने धनबल व बाहुबल को नकारते हुए जनसेवक को सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में जो विकास हुआ है जीत उसी का परिणाम है।



## प्रशासनिक टीम, पब्लिक और मीडिया को धन्यवाद : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव व मतगणना कार्य संपन्न होने पर सभी आरओ, आब्जर्बर समेत चुनाव कार्य में लगे तमाम प्रशासनिक टीम, जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र की जनता व मीडिया को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना कार्य भी शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इसमें चुनाव में लगे सभी प्रशासनिक टीम, जिले की जनता व मीडिया कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से यह कार्य संपन्न किया गया। सभी आरओ व आब्जर्बर ने नियमतः अपने दायित्व का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मियों ने चौथे स्तंभ की भूमिका का समुचित निर्वहन किया है। मीडिया ने प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल बनाया और सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि यह पलामू के लिए बड़ी उपलब्धि है।



## जद्दोजहद के बीच हारे केएन त्रिपाठी कोर्ट जायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतगणना के अंतिम दौर में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी। विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 247 व 189 का वोटिंग डाटा शून्य होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी ने आपत्ति व्यक्त किया। भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच 890 वोट का अंतर था। एक बूथ में एरर आ जाने के कारण काउंटिंग नहीं हो सका, इसे लेकर घंटों मामला फंसा रहा। अंततः जिला निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्याशियों की मिटिंग हुई और भाजपा प्रत्याशी सह सिटिंग विधायक आलोक चौरसिया को 890 वोट से जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया। इससे कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी उग्र हो गये। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेरे साथ चिटिंग हुई है। कहा कि इसे लेकर हम कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। उन्होंने कहा कि इवीएम का सील तोड़कर पोलिंग किया गया और मेरे बारालोटा क्षेत्र से एक इवीएम की गिनती नहीं की गई। बारालोटा इवीएम का सील टूटा हुआ नहीं है फिर भी इसका काउंटिंग नहीं किया गया। मेरे साथ दूसरी बार चिटिंग हुई है। मेरे साथ घोर अन्याय हुआ है। फिर मेरे साथ एक बार चिटंग किया गया। एक बार टुउरा टुउरा कहकर मुझे घेर लिया गया। फरजी रिवाल्वर की गोली चला दी गई। हमको डीसी बैठा दिया और मुझे हरा दिया गया। उन्होंने कहा कि हम कोर्ट की शरण में जायेंगे कोर्ट पर मुझे भरोसा है मुझे न्याय जरूर मिलेगा।



## ऑक्सफोर्ड स्कूल के चेयरमैन (पांकी विस) की जीत से विद्यालय में दिखी खुशी की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय प्रांगण में शिक्षक, शिक्षिका व सभी कर्मचारियों में ऑक्सफोर्ड के चेयरमैन (पाँकी विधानसभा) की जीत से खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित कर्मचारियों का मुँह मीठा कर पटाखें फोड़कर खुशी जाहिर की गयी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने टीएस नायडु, प्रदीप मंडल, सोनुदास, अनिल कुमार, बबलू प्रजापति, सचिन संथलिया, आशीष सेनापति, रविकुमार, शुभजीत कर, राजीव मिश्रा, रविन्द्र कुमार आदि शिक्षक समूह के साथ गणना स्थल पर पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहनाकर जीत की बधाई दी।

विद्यालय में उपस्थित प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी क्षेत्र वासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि-हमारे निदेशक सह पांकी विधायक का पुनः जीत दर्ज करना यह दशार्ता है कि कर्मठ, जुझारू व सघर्षशील प्रत्याशी की सदैव जीत होती है।

निदेशक जनता के विश्वास पर खरा उतरे यह हमारे लिए गर्व का विषय है। जनता और चेयरमैन का रिश्ता इस परिणाम से और मजबूत हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के निदेशक को कोटिश शुभकामनाएं प्राचार्य के माध्यम से प्रेषित की गई। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने विद्यालय के चेयरमैन डा एसबीपी मेहता उर्फ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की लगातार दूसरी बार भारी मतों से जीत पर माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही जीत की बधाई दी।



जीत के बाद भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

## राजद प्रत्याशी संजय सिंह यादव की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बंटी मिठाई



हुसैनाबाद में राजद प्रदेश अध्यक्ष के आवास में नाचते गाते समर्थक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधानसभा सीट से महागठबंधन के राजद उमीदवार संजय कुमार सिंह यादव की जीत के खबर सुन कार्यकर्ताओ में खुशी का लहर है। उत्साहित कार्यकर्ताओ ने संजय सिंह यादव के हुसैनाबाद आवास पर पहुंच कर अबीर गुलाल लगाकर अपना जश्न मनाया। हुसैनाबाद में राजद प्रदेश अध्यक्ष के आवास में कार्यकर्ता नाचते गाते देखे गये। कार्यकर्ताँओं ने कहा कि राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव ने पूर्व के सभी रिकॉर्ड को तोड़ा है। चितौड़गढ़ के किला को पुनःफतह होने से लोगों में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में हुसैनाबाद विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। साथ ही संगठन काफी मजबूत होगा। मौके पर काफी संख्या में

# गुमला में झामुमो के तीर ने नहीं खिलने दिया भाजपा के कमल को

## गुमला के तीनों किले झामुमो ने किया फतह, नरेंद्र मोदी के जादुई भाषण का नहीं हुआ जनता पर असर

### अभिमन्यु बनकर हेमंत सोरेन ने जिले के कुरूक्षेत्र के मैदान में बरसाये तीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला विधानसभा के तीनों सीटों पर एक बार फिर झामुमो ने भाजपा को चारों खाने चित्त कर दिया है। साथ ही दोबारा गुमला जिला से भाजपा का सुपड़ा झामुमो ने साफ कर दिया। गुमला के तीनों विधान सभा में इस बार झामुमो का जादू चल गया। भाजपा के तीनों विधान सभा के उम्मीदवार झामुमो के उम्मीदवारों के सामने टीक नहीं पाये। गुमला विधान सभा सीट से झामुमो के भूषण तिर्की ने आरंभ से ही बढ़त बनाये रखा और एक बार भी भाजपा उम्मीदवार सुदर्शन भगत को आगे बढ़ने नहीं दिया। वहीं सिसई विधान सभा सीट से झामुमो के जिग्गा सुसारन होरो ने मतगणना के प्रथम चरण से ही भाजपा उम्मीदवार अरूण कुमार उरांव को शिकस्त दी। जिग्गा सुसारन होरो ने अरूण कुमार उरांव को सभी राउंडों में हराते चले गये और अंतराल इतना बढ़ गया कि उनकी जीत की रूप रेखा तय हो गई। वही हाल विशुनपुर विधान सभा में भी देखने को मिला।

झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा ने भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को प्रथम चरण से ही मैदान में कहीं टिकने नहीं दिया। गुमला के तीनों विधान सभा में जीत की उम्मीद पाले भाजपा पार्टी कहीं टिक नहीं पायी। गुमला विधान सभा की हार से पार्टी की अंदरूनी कलाह व भीतर घात का मामला खुलकर सामने आ गया। जहां उर्जावान प्रत्याशी भी टिक नहीं पाया। हार के कई कारण हो सकते हैं लेकिन भीतर घात एक प्रमुख कारण गुमला विधान सभा में सामने आया। मोदी के जादुई भाषण भी जिले के तीनों विधान सभा में प्रत्याशियों को जीत नहीं दिलाई पायी। मोदी के एक रहोगे तो सेफ रहोगे के नारे को गुमला की जनता ने सिरे से ठुकरा दिया। इसका एक प्रमुख कारण भाजपा के स्थानीय मुद्दों के स्थान पर चुनावी रैलियों में राष्ट्रीय मुद्दों को अपना हथियार बनाना भी था। वहीं गुमला जिला में विकास के नाम पर चुनाव लड़ने के सभी दावे जनता ने मिथिया बना दिया। झामुमो के हेमंत सोरेन पूरे राज्य में गठबंधन के अभिमन्यु बनकर सामने आये और अपने तीरों के बौछार से करूक्षेत्र का युद्ध जीत लिया। गुमला के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में उनका तुफानी दौरा कामयाब साबित हुआ और करूक्षेत्र के मैदान में अपनी तीरों से कमल को छलनी कर दिया।



मतगणना केंद्र के बाहर जीत का जश्न मनाते झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता।

## दूसरी बार भूषण तिर्की ने जमाया गुमला विधानसभा सीट पर कब्जा

### भूषण ने सुदर्शन भगत को 25246 वोट से हराया



गुमला विधान सभा सीट से लगातार दूसरी बार झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की ने जीत दर्ज की। वे तीसरी बार विधान सभा जाएंगे। भूषण तिर्की को विधान सभा चुनाव में 83242 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को 57996 मत प्राप्त हुए। भूषण तिर्की ने सुदर्शन भगत को 25246 मतों से पराजित किया। गुमला विधान सभा सी से निर्दलीय प्रत्याशी मिसिर कुजूर को 9701, निशा कुमारी भगत को 1480, सुधीर किसान को 1455, कुलदीप मिंज को 990, विनय भूषण टोप्पो को 880, बोनीफास कुजूर को 610 व रोज मधु तिर्की को 608 मत प्राप्त हुए।

## विशुनपुर सीट से चमरा लिंडा ने चौथी बार लगातार जीत दर्ज की



### चमरा लिंडा ने भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को 32756 मत से किया पराजित

गुमला जिला के तीनों विधान सभा सीटों पर भाजपा का हर दांव व नारा झामुमो के आगे घुटने टेकती नजर आयी। विशुनपुर विधान सभा सीट से झामुमो के चमरा लिंडा ने 100336 वोट प्राप्त कर चौथी बार विजय तिलक लगाया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के समीर उरांव को 32756 मत से पराजित किया। समीर उरांव को 67580 मत प्राप्त हुए। जबकि विशुनपुर विधान सभा सीट से तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी जगन्नाथ उरांव 10899 मत लाकर रहे। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी शिव कुमार भगत 5473, यशोदा उरांव 2449, महेंद्र उरांव 1741, महात्मा उरांव 1619, रोजलीन तिर्की 1420, गोवर्धन बड़ाईक 1366 मत प्राप्त किये।

## जिग्गा सुसरान होरो सिसई विधानसभा से दूसरी बार की जीत दर्ज

सिसई विधान सभा सीट से लगातार झामुमो के जिग्गा सुसारन होरो ने जीत दर्ज की है। जिग्गा सुसारन होरो को विधान सभा चुनाव में 104549 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के अरूण कुमार उरांव को 66163 मत प्राप्त हुए। जिग्गा सुसारन होरो ने अरूण उरांव को 38386 मतों से पराजित किया। वहीं सिसई विधान सभा सीट से मधु कच्छप को 3975, सुजी टेटे को 3085, संजय बारला को 1651, बंदे कुमार तिर्की को 1533, जेंगा उरांव को 1513, सुशी तोपनो को 1375 व लोहर मैन उरांव को 748 मत प्राप्त हुआ।

### जिग्गा सुसारन होरो ने भाजपा के डॉ अरूण उरांव को 38386 मत से किया पराजित

### होरो को 104549 मत प्राप्त हुए, अरूण को 66163 मत मिले



## मतगणना के परिणाम के साथ झामुमो कार्यकर्ता मना रहे थे जश्न

### गुमला, विशुनपुर और सिसई में शुरूआती चरण से ही झामुमो प्रत्याशी बनाये रखे बढ़त

**गुमला।** मतगणना केंद्र पॉलिटेकनीक कॉलेज के बाहर लगे भाजपा व झामुमो के टेंट में कार्यकर्ताओं का जमघट चुनाव नतीजे जाने के लिए लगा था। जैसे-जैसे चुनाव परिणाम के नतीजे सामने आते रहे झामुमो कार्यकर्ता का उत्साह बढ़ता गया। गुमला विधान सभा सीट से पहले चरण की गणना के बाद झामुमो प्रत्याशी भूषण तिर्की को 4880 व भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को 2195 मत प्राप्त हुए। दूसरे चक्र में झामुमो को 9357 व भाजपा को 5261, तीसरे चक्र में झामुमो को 14945 व भाजपा को 8145, चौथे चक्र में झामुमो को 20956 व भाजपा को 104510 पांचवें चक्र में झामुमो को 26135 व भाजपा को 12837, छठे चक्र में झामुमो को 31829 व भाजपा को 14609, सातवें चक्र में झामुमो को 36962 व भाजपा को 16079, आठवें चक्र में झामुमो को 41128 व भाजपा को 18584, नवें चक्र में झामुमो को 44953 व भाजपा को 23213 मत प्राप्त हुए। झामुमो के भूषण तिर्की लगातार मतों की गिनती में बढ़ते बनाते हुए तीसरी बार विधान सभा की दहलीज पार की। वे लगातार दूसरी बार गुमला विधान सभा से जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। सिसई विधान सभा से झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो को पहले चरण के मतगणना में 7157 व भाजपा प्रत्याशी अरूण उरांव को 4176, दूसरे चक्र में झामुमो को 13691 व भाजपा को 7952, तीसरे चक्र में झामुमो को 20588 व भाजपा को 11248, चौथे चक्र में झामुमो को 25935 व भाजपा को 16395, पांचवें चक्र में झामुमो को 30346 व भाजपा को 21079, छठे चक्र में झामुमो को 34951 व भाजपा को 23908, सातवें चक्र में झामुमो को 41142 व भाजपा को 27394, आठवें चक्र में झामुमो को 46326 व भाजपा को 30836, नवें चक्र में झामुमो को 53780 व भाजपा को 32979 व दसवें चक्र में झामुमो को 60028 व भाजपा को 37120 मत प्राप्त हुआ। इसी तरह सभी 20 चक्रों में झामुमो के जिग्गा सुसारन होरो भाजपा के अरूण कुमार उरांव से बढ़ बनाते हुए अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। सिसई विधान सभा सीट से लगातार जिग्गा सुसारन होरो ने दूसरी बार जीत हासिल की। वहीं विशुनपुर सीट के पहले चक्र के मतगणना में झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा को 9599 व भाजपा के समीर उरांव को 6111 मत प्राप्त हुए। दूसरे चक्र में झामुमो को 15132 व भाजपा को 10843, तीसरे चक्र में झामुमो को 20575 व भाजपा को 14864, चौथे चक्र में झामुमो को 25502 व भाजपा को 19773, छठे चक्र में झामुमो को 31869 व भाजपा को 21891, सातवें चक्र में झामुमो को 35451 व भाजपा को 25134, आठवें चक्र में झामुमो को 39215 व भाजपा को 28843, नवें चक्र में झामुमो को 43418 व भाजपा को 31612 बढ़ते बनाये रखा। चमरा लिंडा चौथी बार विजय रहे।

## लोहरदगा विधानसभा से डॉ रामेश्वर उरांव ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की







### डॉ उरांव ने 34670 वोटों से आजसू की नीरू शांति भगत को हराया

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव 2024 में एक बार फिर कांग्रेस के प्रत्याशी सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शानदार जीत दर्ज की है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान निवर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने पिछले बार से भी ज्यादा वोटो से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। आजसू से चुनाव लड़ रही नीरू शांति भगत को रिकॉर्ड 34670 वोटो से पराजित किया। लोहरदगा विधानसभा चुनाव का मतगणना केंद्र कृषि बाजार समिति प्रांगण में सुबह आठ बजे से गिनती शुरू हुई। पहले राउंड में ही आजसू की नीरू शांति भगत ने 1 हजार से अधिक वोटो से बढ़त ले ली थी मगर उसके बाद बाकी 17 राउंड में कभी बढ़त नही बना पाई और हर राउंड के बाद रामेश्वर उरांव की बढ़त बढ़ती गई। चुनाव जीतने की आधिकारिक घोषणा के बाद डॉ रामेश्वर उरांव मतगणना केंद्र पहुंचकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जीत का प्रमाण पत्र लिया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने जमकर जश्न मनाया और रंग गुलाल और बम पटाखे फोड़े।

#### सुरक्षा के तगड़े इंतजाम

मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। किसी भी व्यक्ति को बिना प्रवेश पत्र को अंदर आने नहीं दिया जा रहा था। इसके अलावा मतगणना केंद्र के बाहर भी सुरक्षा बल तैनात किए गए थे जो भीड़ को नियंत्रित करते हुए दिखे।

#### पहले राउंड में आजसू थी आगे

लोहरदगा विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की पहले राउंड में आजसू खेमे में खुशी की लहर देखी गई, लेकिन जैसे जैसे मतगणना आगे बढ़ा उनके चेहरे उतरे हुए नजर आए, धीरे धीरे अधिकतर कार्यकर्ता परिणाम आने से पहले ही केंद्र से निकलते दिखे।

#### जमकर फोडे बम पटाखे

मतगणना जैसे जैसे बढ़ा कांग्रेसी खेमे में जश्न बढ़ता गया।

पहले राउंड के बाद दूसरे राउंड से जो बढ़त कांग्रेस प्रत्याशी को मिलनी शुरू हुई। वो दोपहर बाद और अधिक होने से केंद्र के समीप ही जमकर बम पटाखे फोड़ना शुरू कर दिया।

#### जीत की बढ़ती संभावना की बीच मतगणना केंद्र पहुंचे धीरज प्रसाद साहू

मतगणना की शुरूआत के बाद दूसरे राउंड से बढ़त के बाद लगातार बढ़त होने की खबर मिलने के बाद पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मतगणना केंद्र के समीप बने कांग्रेस के टेंट में पहुंचे।

उनके वहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं का जोश और बढ़ गया, कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और उनके साथ हाथ मिलाकर जीत की बधाई दी।

### विपक्ष के नेता केवल बयान बाजी करते रहे, हमने काम किया इसलिए जनता ने हमे चुना : रामेश्वर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा सीट से दोबारा जीत के बाद कहा कि लोहरदगा की जनता ने उन्हें अपनाया है इसके लिए वह जनता के आभारी हैं। कुछ लोगों ने मतदाताओं को स्थानीय प्रत्याशी का मुद्दा देकर भरमाने का प्रयास किया। लेकिन इनको यह समझना चाहिए कि मतदाता भले ही कम पढ़े लिखे हो लेकिन हम पॉलिटिशियन से ज्यादा समझदार हैं। इंडिया गठबंधन के हर नेता और कार्यकर्ता ने एनडीए के लोगों से बेहतर कार्य किया है। गांव-गांव घर-घर जाकर हमारे वर्कर हमारे लीडर काम किए। बड़े-बड़े नेताओं के आकर बड़ी-बड़ी बातें करने से क्या होगा। बात से पेट भरेगा। पेट तो हमारी सरकार भर रही है। अनाज दे रही है। वह क्या जेब में पैसा देने जा रहे हैं।



जेब में हमारी सरकार पैसा दे रही है। वह केवल बयान बाजी कर रहे हैं। 2100 देंगे 2200 देंगे। हम 2500 ऑलरेडी दे रहे हैं तो लोग किधर रिझेगा, किधर जाएगा।

## मतगणना केंद्र में सुरक्षा के थे पुख्ता व्यवस्था, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट नहीं ले जाने दिया गया

### वज्रगृह का सील अधिकारियों की उपस्थित में तोड़ा गया, जिसके बाद ईवीएम मतगणना केंद्र पहुंचाया गया



मतगणना का कार्य करते मतगणना कर्मी।



ईवीएम मशीन लेकर मतगणना केंद्र जाते कर्मी।।



केंद्र के भीतर बैठे प्रत्याशी सुदर्शन भगत व जिग्गा सुसारन



भाजपा के पंडाल में मतगणना का रिजल्ट टीवी पर देखते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चंदाली स्थित पॉलिटेनकीक कॉलेज में शनिवार की सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य आरंभ हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थित में वज्रगृह का सील विधान सभा वार खोला गया। जिसके बाद विधान सभा वार बने मतगणना केंद्र में ईवीएम कर्मचारियों द्वारा लाया गया। सभी राजनीतिक दलों के एजेंटों व प्रत्याशी के उपस्थित में ईवीएम मशीन से मतों की गणना आरंभ हुई। गुमला विधान सभा, सिसई विधान सभा व विशुनपुर विधान सभा के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र व वज्रगृह बनाया गया। सभी के मतगणना केंद्र में वज्रगृह से ईवीएम लाकर गणना की गई। मतगणना के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। किसी को भी इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट लेकर मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया गया। मतगणना केंद्र के अंदर प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों को जांच के बाद अंदर प्रवेश करने दिया गया। इसके बाद मतगणना केंद्र में प्रवेश के दौरान पुनः सभी लोगों की जांच की गई। मतगणना केंद्र में बेरेकेटिंग की गई थी। जिससे इस विधान सभा का प्रत्याशी दूसरे विधान सभा में न जा सके। जिले के तीनों विधान सभा में देर शाम तक शांति पूर्ण मतगणना का कार्य संपन्न हुआ। मतणना केंद्र परिसर में चिकित्सा सुविधा के लिए एक विशेष स्टॉल बनाया गया था।



मतणना केंद्र में परिणाम जाने की उत्सुकता में जमे लोग।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया
पब्लिकेशन्स
प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची
(झारखंड)834006 से मुद्रित एवं
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद
826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कहां से कौन जीता...


बरहेट, हेमंत सोरेन (झामुमो) 39,791 वोटों से जीते।


गाण्डेय, कल्पना सोरेन (झामुमो) 17,142 वोटों से जीतीं।


राजमहल, एमटी राजा (झामुमो) 43,432 वोटों से जीते।


लिट्टीपाड़ा, हेमलाल मुर्मू (झामुमो) 26,749 वोटों से जीते।


महेशपुर, स्टीफन मरांडी (झामुमो) 61,175 वोटों से जीते


शिकारीपाड़ा, आलोक सोरेन (झामुमो) 41,174 वोटों से जीते।


नाला, रवीन्द्रनाथ महतो (झामुमो) 10,483 वोटों से जीते।


जामताड़ा, इरफान अंसारी (कांग्रेस) )43,676 वोटों से जीते।


दुमका, बसंत सोरेन (झामुमो) 14,588 वोटों से जीते।


जामा, लुईस मरांडी (झामुमो) 5,738 वोटों से जीते।


जरमुण्डी, देवेन्द्र कुँवर (बीजेपी) 17,546 वोटों से जीते।


मधुपुर, हफीजुल हसन (झामुमो) 20,027 वोटों से जीते


सर्टिफिकेट लेते भाजपा उम्मीदवार रौशन चौधरी।








महगामा, दीपिका पांडे सिंह (कांग्रेस) 18,645 वोटों से जीतीं।


कोडरमा, डॉ. नीरा यादव (बीजेपी) 5,815 वोटों से जीतीं।


बरकठा, अमित कुमार यादव (बीजेपी) 3,660 वोटों से जीते।


बरही, मनोज यादव (बीजेपी) 49,291 वोटों से जीते।


भवनाथपुर, अनंत प्रताप देव (झामुमो) 21,462 वोटों से जीते।


रामगढ़, ममता देवी (कांग्रेस) 6,790 वोटों से जीतीं।




हजारीबाग, प्रदीप प्रसाद (बीजेपी) 43,477 वोटों से जीते।


सिमरिया, उज्जवल दास (बीजेपी) 4,001 वोटों से जीते।


चतरा, जनार्दन पासवान (लोजपा) 18,401 वोटों से जीते।


धनवार, बाबूलाल मरांडी (बीजेपी) 35,068 वोटों से जीते।






गोमिया, योगेन्द्र प्रसाद (झामुमो) 36,093 वोटों से जीते।


बेरमो, कुमार जयमंगल (कांग्रेस) 31,894 वोटों से जीते।


बोकारो, श्वेता सिंह (कांग्रेस) 7,207 वोटों से जीतें।

चन्दनकियारी, उमाकांत रजक (झामुमो) 33,936 वोटों से जीते।

सिन्दरी, चंद्रदेव महतो (भाकपा-माले) 3,448 वोटों से जीते।

निरसा, अरूप चटर्जी (भाकपा-माले) 1,808 वोटों से जीते।

धनबाद, राज सिन्हा (बीजेपी) 48,741 वोटों से जीते।

झरिया, रागिनी सिंह (बीजेपी) 14,511 वोटों से जीतीं।

टुण्डी, मथुरा प्रसाद महतो (झामुमो) 25,603 वोटों से जीते।

बाघमारा, शत्रुघ्न महतो (बीजेपी) 18,682 वोटों से जीते।

बहरागोड़ा, समीर मोहंती (झामुमो) 18,125 वोटों से जीते।


घाटशिला, रामदास सोरेन (झामुमो) 22,446 वोटों से जीते।

पोटका, संजीब सरदार (झामुमो) 27,902 वोटों से जीते।

जुगसलाई, मंगल कालिंदी (झामुमो) 43,445 वोटों से जीते।

जमशेदपुर पूर्व, पूर्णिमा दास साहू (बीजेपी) 42,871 वोटों से जीतीं।

जमशेदपुर पश्चिम, सरयू राय (जेडीयू) 7,863 वोटों से जीते।

ईचागढ़, सबिता महतो (झामुमो) 26,523 वोटों से जीतीं।

सरायकेला, चंपई सोरेन (बीजेपी) 20,447 वोटों से जीते।

चाईबासा, दीपक बिरूआ (झामुमो) 64,835 वोटों से जीते।

मझगांव, निरल पूर्ति (झामुमो) 59,603 वोटों से जीते।


जगन्नाथपुर, सोना राम सिंकु (कांग्रेस) 7,383 वोटों से जीते।

मनोहरपुर, जगत माझी (झामुमो) 31,956 वोटों से जीते।

चक्रधरपुर, सुखराम उरांव (झामुमो) 9,310 वोटों से जीते।

खरसांवा, दशरथ गागराई (झामुमो) 32,615 वोटों से जीते।

तमाड़, विकास कुमार मुंडा (झामुमो) 24,246 वोटों से जीते।

तोरपा, सुदीप गुरिया (झामुमो) 40,647 वोटों से जीते।

खूंटी, राम सूर्य मुंडा (झामुमो) 42,053 वोटों से जीते।

सिल्ली, अमित महतो (झामुमो) 23,867 वोटों से जीते।

खिजरी, राजेश कच्छप (कांग्रेस) 29,065 वोटों से जीते।


रांची, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह (बीजेपी) 21,949 वोटों से जीते।

हटिया, नवीन जयसवाल (बीजेपी) 14,623 वोटों से जीते।

कांके, सुरेश कुमार बैठा (कांग्रेस) 968 वोटों से जीते।

मांडर, शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस) 22,803 वोटों से जीतीं।

सिसई, जिगा सुसारन होरो (झामुमो) 38,989 वोटों से जीते।

गुमला, भूषण तिर्की (झामुमो) 26,301 वोटों से जीते।

बिशुनपुर, चमरा लिंडा (झामुमो) 32,756 वोटों से जीते।

सिमडेगा, भूषण बारा (कांग्रेस) 9,228 वोटों से जीते।

कोलेबिरा, नमन बिक्सेल कोंगारी (कांग्रेस) 37,031 वोटों से जीते।


लोहरदगा, रामेश्वर उरांव (कांग्रेस) 34,670 वोटों से जीते।

मनिका, रामचन्द्र सिंह (कांग्रेस) 16,854 वोटों से जीते।

लातेहार, प्रकाश राम (बीजेपी) 434 वोटों से जीते।

पांकी, कुशवाहा शशि भूषण मेहता (बीजेपी) 9,796 वोटों से जीते।

डालटेनगंज, आलोक कु. चौरसिया (बीजेपी) 890 वोटों से जीते।

बिश्रामपुर, नरेश प्रसाद सिंह (राजद) 14,587 वोटों से जीते।

छतरपुर, राधाकृष्ण किशोर (कांग्रेस) 736 वोटों से जीते।

हुसैनाबाद, संजय कुमार सिंह यादव (राजद) 34,364 वोटों से जीते।

गढ़वा, सत्येंद्र नाथ तिवारीस (बीजेपी) 16,753 वोटों से जीते।

स्पीड न्यूज

### हजारीबाग : बीएसएफ के दीक्षांत परेड में 365 जवान हुये शामिल




हजारीबाग। सहायक प्रशिक्षण केंद्र सीमा सुरक्षा बल, मेरु हजारीबाग के रानी झांसी परेड ग्राउंड में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के 356 नव आरक्षक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। परेड में केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित अन्य जगहों से जवान आए थे। सभी जवान 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन एवं साधना के बाद बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए हैं। कमलजीत सिंह बनयाल, महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली। बतौर मुख्य अतिथि कमलजीत सिंह बनयाल ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यालय में पसरा सन्नाटा

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय जहां रोज ठहाके लगते थे। वहां शनिवार को कांग्रेस नेताओं की ठहाके सुनाई नहीं पड़े। वही कांग्रेस कार्यालय में बैठकर रणनीति बनाने वाले न कार्यकर्ता दिखे और न संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारी कांग्रेस कार्यालय में 11बजे तक ताला लटका रहा। वही सफेद कुर्ता पजामा और काली बंडी डालकर चलने वाले कांग्रेस नेता गायब रहे।

### अजमेरा के कार्यालय में रौनक गायब

हजारीबाग। निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा के जिला परिषद स्थित कार्यालय से रौनक गायब था। कुर्सियां खाली पड़ी थी। वहां कोई भी कार्यकर्ता मौजूद नहीं था। एक व्यक्ति नजर आया लेकिन वह घबराहट से कार्यकर्ताओं के गायब रहने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देने से बचना चाह रहे थे। वही हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा का जिला कार्यालय कहीं नहीं है। पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू यादव के हटने के बाद जिला अध्यक्ष का पद खाली है।

### ममता की बयार में बहा रामगढ़ और रोशन हो गया बड़कागांव

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प रहा। एक तरफ रामगढ़ की जनता ममता की बयार में बह गई, तो दूसरी ओर बड़कागांव सीट को रोशन होने से कोई नहीं रोक सका। भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी ने शानदार जी हासिल की है। वहीं ममता की नैया बड़ी मुश्किल से पार लगी। उन्हें रामगढ़ की मईयां ने बचा लिया। कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी को 6790 वोट से हराया। ममता देवी को कॉल 89818 वोट मिले जबकि सुनीता चौधरी को 83028 वोट मिले। बड़कागांव सीट से रोशन लाल चौधरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंबा प्रसाद को 31393 वोट से करारी शिकस्त दी। उन्हें कुल 124468 वोट मिले, जबकि अंबा प्रसाद को 93075 वोट मिले। भाजपा ने कांग्रेस के उसके किले को फतह किया जो पिछले 15 वर्षों से कांग्रेस के कब्जे में थी। वहां एक ही परिवार के तीन लोग कांग्रेस के विधायक रह चुके थे। पिता योगेंद्र साहू, मां निर्मला देवी और बेटी अंबा के चंगुल में रही बड़कागांव की जनता को रौशन करने के लिए रोशन लाल चौधरी ने एक उम्मीद की नई किरण जगा दी है। कांग्रेसी नेताओं ने खुले जीप पर ममता देवी का स्वागत किया। इस दौरान महिलाएं भी सड़क पर उतरी। उन लोगों ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को अबीर लगाकर जीत की बधाई दी। यहां महिलाओं ने बैंड बाजे भी बजाए। जश्न में डूबी महिलाओं ने कहा कि कहा कि हेमंत सरकार ने उनका सम्मान किया है और वह उस सरकार की लाज बचा रही हैं।

# हजारीबाग जिले में भगवा लहर

## सदर, बरकट्ठा, बरही और बड़कागांव में खिला कमल

खबर मंत्र संवाददाता

- हजारीबाग सदर से भाजपा के प्रदीप प्रसाद ने 50,000 मतों से कांग्रेस के मुना सिंह को हराया
- बरही से भाजपा के मनोज यादव ने अरुण साहू को 49,000 वोटों से पछाड़ा
- बरकट्ठा में भाजपा के अमित यादव ने झामुमो के जानकी यादव को 3400 से हराया
- मांडू से आजसू के तिवारी महतो ने कांग्रेस के जेपी पटेल को 342 वोटों से हराया

**हजारीबाग।** एक तरफ पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल किया, वही हजारीबाग जिले के चार विधानसभा और बड़कागांव में जीत हासिल कर एनडीए गठबंधन ने प्रचंड सफलता हासिल की है। सबसे बड़ी बात यह है कि मांडू विधान सभा और बरकट्ठा विधान सभा को छोड़ दे तो अन्य चार विधानसभा में जीत की मार्जिन बहुत बड़ी है। हजारीबाग सदर विधान सभा सीट से भाजपा के प्रदीप प्रसाद ने 50,000 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह को हराया। वहीं बरही से भाजपा के मनोज यादव ने अरुण साहू को लगभग 49,000 वोटों से पछाड़ा। निवर्तमान विधायक अकेला यादव तीसरे नंबर पर खिसक गए। मनोज यादव पहले भी दो बार बरही विधानसभा से विधायक रहे है लेकिन ये इनकी जीत की सबसे बड़ी मार्जिन है। ये प्रचंड जीत है। बरकट्ठा विधान सभा में जबरदस्त मुकाबला रहा लेकिन सारे विरोधाभासों के बावजूद भाजपा के अमित यादव ने झामुमो के जानकी यादव को 3400 वोटों से हराया। बटेश्वर मेहता व कुमकुम देवी ने अमित यादव के वोटो में सेंधमारी जरूर की लेकिन वे वोटकटवा ही साबित हुए। बड़कागांव में जनता के बीच में कांग्रेस की अम्बा प्रसाद का विरोध था। ये साफ झलक रहा था। उनकी कार्यशैली से जनता खुश नहीं थी। इसका फायदा भाजपा के रोशन लाल चौधरी को मिला। वे भी लगभग 30,000 वोटों के बड़े मार्जिन से अंबा प्रसाद को हराने में सफल रहे। जहा तक मांडू विधानसभा की बात की जाए तो कांग्रेस के जय प्रकाश पटेल और आजसू के तिवारी महतो के बीच कांटे की टक्कर रही। 2019 का बदला तिवारी महतो ने ले लिया। वे उस वक़्त जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ बहुत छोटे मार्जिन से हारे थे। उन्होंने इस बार जयप्रकाश भाई पटेल को 342 वोट से हराकर उसका बदला ले लिया। इस तरह हजारीबाग जिले सभी सीटों पर एनडीए का कब्जा हो गया।



### बरही : मनोज यादव को मिला 1,13,274 वोट

**बरही।** बरही विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज यादव ने रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। उन्होंने 49 हजार 291 मतों के भारी अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को हराकर ऐतिहासिक विजय हासिल की। मनोज यादव को 1,13, 274 वोट मिले, जो बरही विधानसभा के इतिहास में किसी भी प्रत्याशी द्वारा प्राप्त सबसे अधिक मत हैं। इसबार बरही विधानसभा में जीत का अंतर 49291 भी अभूतपूर्व रहा। विपक्षी प्रत्याशी इस अंतर को कम करने में भी असफल रहे। निकटतम प्रत्याशी कांग्रेस के अरुण साहू को 63983 मत प्राप्त हुए। वहीं सपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला को 23629 मत प्राप्त हुए। भाजपा समर्थकों ने इस शानदार जीत का जोरदार उत्सव मनाया। मिठाई बांटने और विजय जुलूस निकालने के साथ पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा।जीत के बाद मनोज यादव ने अपने समर्थकों का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बरही विधानसभा के मतदाताओं ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर भाजपा को समर्थन दिया। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकताओं और मतदाताओं की है, जिन्होंने इस चुनाव को सफल बनाया।चुनाव परिणाम की शुरूआत से ही भाजपा ने बढ़त बनाए रखी। शुरूआती रुझानों से ही मनोज यादव आगे चल रहे थे और अंत तक यह बढ़त बरकरार रही। यह जीत न केवल भाजपा के लिए, बल्कि पूरे बरही क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

मनोज यादव की जीत पर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। क्षेत्र में जगह-जगह जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि यह जीत विकास, स्थिरता, और भाजपा की जनहितैषी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। मनोज यादव की इस ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्र में विकास को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं। मतदाताओं को विश्वास है कि भाजपा की अगुवाई में बरही विधानसभा अब विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

**बरही में नोटा से भी हारे नौ प्रत्याशी :** बरही विधानसभा चुनाव में नोटा ने 9 उम्मीदवारों को पीछे छोड़ दिया। यहां तक कि स्वतंत्र और पार्टियों से जुड़े उम्मीदवार भी नोटा से कम वोट प्राप्त किए। नोटा को 1508 वोट मिले। वहीं मो. सेराज (स्वतंत्र) को 1212 वोट, बद्री यादव (स्वतंत्र) को 913 वोट, डॉ. बलेश्वर राम (स्वतंत्र) को 782 वोट, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय (स्वतंत्र) को 424 वोट, शिव कुमार राम (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक) को 398 वोट, महेश ठाकुर (नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी) को 304 वोट, अर्जुन प्रसाद केशरी (स्वतंत्र) को 298 वोट, दिलीप चंद्रवंशी (स्वतंत्र) को 272 वोट, केदार यादव (स्वतंत्र) को 250 वोट प्राप्त हुए। नोटा को मिले वोट यह दर्शाते हैं कि जनता का एक बड़ा वर्ग किसी भी उम्मीदवार से संतुष्ट नहीं था। यह स्थिति राजनीतिक दलों और नेताओं के लिए चिंतन का विषय बन गई है।

# रामगढ़ से ममता देवी जीतीं

- रामगढ़ से कांग्रेस के ममता देवी ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 6501 मतों से हराया
- रामगढ़ से कांग्रेस के ममता देवी ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 6501 मतों से हराया

रामगढ़। रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी जीतीं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 6501 मतों से पराजित किया। ममता देवी को 88536 मत मिले जबकि आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 82035 मत मिले। जेएलकेएम के पनेश्वर कुमार को 69377 मत मिले। रामगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले राउंड के लिए हुई मतगणना में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 7166 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 4123 मत और जेएलकेएम 418 मत प्राप्त हुए। दूसरे राउंड की मतगणना में सुनीता चौधरी 15233 मत, ममता देवी 8213 मत और पनेश्वर कुमार 984 मत प्राप्त कर चुके थे। तीसरे राउंड की मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 23342 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 11285 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 2254 मत प्राप्त कर चुके थे। चौथे राउंड के मतगणना तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 27650 , कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 16126 और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार को 4074 मत मिले। पांचवे राउंड तक आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी 32404 मत, कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 19875 मत और जेएलकेएम प्रत्याशी पनेश्वर कुमार 9451 मत प्राप्त कर चुके थे। छठे राउंड तक सुनीता चौधरी को 36446, ममता देवी को 24856 व पनेश्वर कुमार को 14528 मत प्राप्त हुए। सातवें राउंड तक सुनीता चौधरी को 39237, ममता देवी को 30017 और पनेश्वर कुमार को 19659 मत मिले। आठवें राउंड तक सुनीता चौधरी को 41818,ममता देवी को 33526 और पनेश्वर कुमार को 24814 मत प्राप्त हुआ। 9वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 44838, ममता देवी को 37269 और पनेश्वर कुमार को 30423 मत प्राप्त हुआ। 10वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 48134, ममता देवी को 41417 और पनेश्वर कुमार को 34098 मत मिला। 11वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 52427 मत, ममता देवी को 43827 मत और पनेश्वर कुमार को 38794 मत मिला। 12वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 56047 मत, ममता देवी को 49548 और पनेश्वर कुमार को 39826 मत मिला। 13वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 53534 मत, सुनीता चौधरी को 60219 मत, ममता देवी को 53534 मत और पनेश्वर कुमार को 42856 मत मिला। 14वें राउंड तक सुनीता चौधरी 63324 मत, ममता देवी को 59017 मत और पनेश्वर कुमार को 45498 मत मिला। 15वां राउंड तक सुनीता चौधरी को 66449, ममता देवी को 63989 और पनेश्वर कुमार को 49163 मत मिला। 16वें राउंड राउंड तक सुनीता चौधरी को 70747, ममता देवी को 68392 और पनेश्वर कुमार को 53580 मत मिला। 17वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 76541, ममता देवी को 77601 और पनेश्वर कुमार को 60638 मत मिला। 18वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 78735, ममता देवी को 81786 और पनेश्वर कुमार को 65294 मत मिला। 20वें राउंड तक सुनीता चौधरी को 81058, ममता देवी को 87372 और परेश्वर कुमार को 68696 मत मिला। अंतिम राउंड की गिनती तक सुनीता चौधरी 82035 मत, ममता देवी को 88536 मत और पनेश्वर कुमार को 69377 मत मिले और कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 6501 मतों से विजय रहीं। उन्होंने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को पराजित किया।





## कुजू :तिवारी महतो के जीत पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू चौक में भाजपा-आजसू सहित एनडीए कार्यकर्ताओं ने मांडू विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी निर्मल उर्फ तिवारी महतो के जीत पर जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। आतिशबाजी से पूरा आसमान सतरंगी हो गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए एनडीए के प्रचंड जीत पर जमकर नारेबाजी की। कहा कि यह जीत मांडू विधानसभा के जनता के साथ एनडीए कार्यकताओं को जीत है। कहा कि कई सालों बाद मांडू की जनता एक नए चेहरे को देखेगी। बाद में लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, प्रो खिरोधर साहू, नरेश महतो, जय किशोर महतो, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, रवि साहू, आशीष साहू, राजेश प्रसाद, पंचित महतो, श्रवण कुमार, सूरज महतो, रामकुमार साहू, बिहारी साहू, अभिषेक साहू, अमित ठाकुर, जगदीश आडवाणी, संजय केसरी, संजय गुप्ता, रूपेश केसरी, चंदन केसरी, अमित केसरी, महेश ठाकुर, वीरेंद्र करमाली, राजेंद्र केसरी, सुमित कुमार शाहिद काफी संख्या में भाजपा-आजसू सहित एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे।

## जेएलकेएम ने रामगढ़ में बिगाड़ा आजसू का 'खेल'

J L K M
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा

### जेएलकेएम ने 70,979 वोट लाकर चौंकाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा सीट में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प रहा। एक तरफ जहां कांग्रेस ताल ठोक रही थी, वहीं आजसू अपना दबदबा बनाने के लिए हर नीति अपना रहा था लेकिन आजसू के मंजे खिलाड़ी चंद्र प्रकाश चौधरी का खेल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने बिगाड़ कर रख दिया।

इस चुनाव के बाद जेएलकेएम एक बड़ी और दमदार पार्टी के रूप में उभर चुकी है, जिसके कार्यकर्ता भी आक्रामक हैं। चुनाव प्रचार के दौरान तो जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं और नेताओं की आक्रामकता लगातार लोगों ने देखी लेकिन यह आक्रामकता चुनाव के परिणामों में तब्दील होगा, इसकी उम्मीद शायद कम ही लोगों को होगी। रामगढ़ विधानसभा सीट से जेएलकेएम ने 70979 वोट लाकर सबको चौंका दिया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल

### जनता की है जीत : ममता



2.60 लाख मतदाताओं ने वोट डाला था। जीतने वाले प्रत्याशी को 89818 वोट मिला जबकि दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी को 83028 वोट मिले। यदि इस मुकाबले देखा जाए तो रामगढ़ विधानसभा सीट की त्रिकोणीय लड़ाई स्पष्ट दिखाई दे रही है। इतनी बड़ी तादाद में इस पार्टी के समर्थकों को देखकर पुरानी पार्टियों के दिग्गज नेता दांतों तले उंगली दबा चुके हैं। रामगढ़ की जिस जनता को आजसू पार्टी का समर्थक और वोट बैंक माना जाता था, वह खिसक कर जेएलकेएम के झंडे के नीचे आ गया है। इतना वोट काट कर जेएलकेएम ने आजसू पार्टी को एक बार फिर जीत का पताखा लहराने से रोक दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने कहा कि झारखंड की जनता ने एक बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार को अपनी पलकों पर बिठाया है। पिछले 5 वर्षों में सरकार ने जो काम किया और महिलाओं को जो सम्मान दिया, आज उसी की बदौलत यह प्रचंड बहुमत मिला है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी जनता ने 2019 की तरह ही 2024 में उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया है। यह जनता की जीत है और सरकार के कार्यों का नतीजा है।

# बड़कागांव में लहराया भगवा

## भाजपा के रोशन लाल चौधरी ने अंबा प्रसाद को 31,393 वोटों से हराया

खबर मन्त्र संवाददता

**रामगढ़।** बड़कागांव 22 विधानसभा चुनाव के लिए रामगढ़ कॉलेज में शनिवार को मतगणना हुई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 122904 मत , कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को 91798 मत मिले जबकि जेएलकेएम प्रत्याशी बालेश्वर कुमार को 26433 मत मिले। भाजपा के रोशन लाल चौधरी ने अंबा प्रसाद को 31393 वोटों के भारी अतंर से हराकर हिसाब चुकता कर लिया है। इससे पूर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़कागांव विधानसभा के लिए मतगणना आरंभ हुई।

बड़कागांव विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना के पहले राउंड में भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 4911 वोट, कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को 3523 मत और जेएलकेएम के बालेश्वर कुमार को 2850 मत मिला। 5वें राउंड में रौशनलाल चौधरी को 27024 मत, अंबा प्रसाद को 14924 मत और बालेश्वर कुमार को 11718 मत मिले। 6ठे राउंड तक रौशनलाल चौधरी को 31003 मत, अंबा प्रसाद को 18149 और बालेश्वर कुमार को 14111 मत मिला। 7वें राउंड तक रौशनलाल चौधरी को 38223, अंबा प्रसाद को 21068 और बालेश्वर कुमार को 15680 मत मिला। 11वें राउंड के बाद रौशनलाल को 62626, अंबा प्रसाद को 37969 और बालेश्वर कुमार को 19858 मत मिले। 23वे राउंड तक भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी को 122904 मत , कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को 91798 मत मिले जबकि जेएलकेएम प्रत्याशी बालेश्वर कुमार को 26433 मत मिले। इस प्रकार 23333 राउंड की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से विजय हुए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को पराजित किया।



# अबुआ दिशोम-अबुआ राज , हेमंत में विश्वास, झारखंड में बना कीर्तिमान

मुरलीधर

**हेमंत सोरेन** ने झारखंड के इतिहास में एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य में लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर संदेश दिया कि जन कल्याण को प्रेरित सरकार को आम जनता का आर्शिवाद प्राप्त होता है। यह जीत इसलिये भी बहुत बड़ी है क्योंकि भाजपा ने झारखंड की जीत को एक चुनौती के रुप में लिया था। एक ओर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भाजपा की पूरी फौज का मुकाबला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को मैदान में उतारा। यही नहीं असम के सीएम हेमंत विश्व शर्मा ने राज्य में लंबा वक्त चुनावी प्रचार में लगाया। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के मंत्री -मुख्य मंत्री ने भाजपा के प्रचार में हिस्सा लिया। लेकिन इंडिया गठबंधन की ओर से कमान हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने संभाली। हेमंत सोरेन ने जहां इस चुनाव को झारखंड के सम्मान से जोड़ा वहीं स्थानीय मुद्दों पर अपने चुनाव प्रचार को फोकस किया।





हेमंत सोरेन को चुनावी वर्ष में केन्द्रीय एजेंसियों के द्वारा एक मामले में जेल भी जाना पड़ा । लेकिन संविधान के नियमों का सम्मान करते हुए हेमंत ने इस्तीफा देकर जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह आज चुनाव परिणाम का ईनाम के रुप में जनता ने दिया। लगातार दूसरी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने में हेमंत सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियां भी चर्चा में रही है। जिसमें सबसे अधिक चर्चा मईंयां योजना की रही जिसमें सभी वर्ग के महिलाओं को एक हजार रुपये मासिक का अनुदान दिया जा रहा था और इसे बढ़ाकर 25 सौ करने का वादे का असर भी हुआ। हेमंत सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का प्रयास किया। सरकार को चलाने में जो सहजता किसी भी नेतृत्वमें होती है वह हेमंत सोरेन में साफ दिखा। होम गार्ड के वेतन वृद्धि कर लगभग दोगुणा करके लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया वहीं राज्य के हजारो अधिवक्ताओं को जीवन बीमा, पेंशन, चिकित्सा बीमा जैसी सुविधाओं को देने का काम किया जिसकी सुधि राज्य बनने के बाद किसी ने नहीं ली थी।

पूरे चुनाव में सबसे अधिक सक्रियता अगर किसी की रही तो वह गांडेय के विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की रही, जिन्होंने प्रचार में कीर्तिमान स्थापित किया। वो झारखंड के विधानसभा चुनाव मे लगभग 100 चुनावी सभा कर पूरे राज्य में इंडिया गठबंधन के लिये माहौल बना दिया। विपरीत स्थितियों में राजनीति में आई कल्पना सोरेन के शिक्षाविद हैं और स्कूल का संचालन सफलता पूर्वक कर रही थी। लेकिन झारखंड की राजनीति में एक महिला नेत्री के रुप में सर्वाधिक चर्चित चेहरा हो गयी । राजनीति में बहुत ही कम समय में उन्होंने अपने आप को साबित कर दिया। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी इस जीत में हेमंत सोरेन का पूरा सहयोग किया।

पांच साल चली सरकार में सहयोगी दलों से कोई बड़ा तकरार न होना और हरकदम पर आपसी सहमति भी सरकार की ताकत बनी।

गुरुजी शिबू सोरेन की विरासत को हेमंत सोरेन ने जिस प्रकार संभाला है उससे पूर्वी भारत के राज्यों में एक मजबूत क्षेत्रिय पार्टी के रुप में जेएमएस स्थापित हुआ हैं। पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन ने पूरे राज्य में रिकार्ड सीट से जीत हासिल किया है। राज्य को लगातार तीसरी स्थिर और लगातार पहलीबार सरकार का रिपीट होने का श्रेय हेमंत सोरेन के प्रयासो को जाता है। यह एक उम्मीद की जीत है, यह जीत है झारखंड के विकास की चाह की, किसानों के उम्मीद की, युवाओं के रोजगार की बात की, यह जीत है तीन करोड़ झारखंडियों के सपनो की।

# सभी धर्म,पंथ और संप्रदाय का लक्ष्य एक

-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है। लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं। जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार राजपुर भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। यह पूरे देश में तत्व ज्ञान को फैला रहा है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। गुरु ग्रंथ का अर्थ मनुष्य को ग्रंथियों से मुक्त कराने वाले से है। जड़ और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तब दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था।

**(मुख्य स्थान:ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# यादव और वैष्णव की जोड़ी ने भाजपा को महाराष्ट्र में दिलाई बड़ी जीत

यादव और वैष्णव को बीजेपी सरकार व राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में बेहतरीन स्टाइक रेट देने वाले के रूप में देखती है। चुनावी रणनीतिकार के रूप में यादव का पुराना इतिहास रहा है।

10 नवंबर 2020 को मुंबई में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का घोषणापत्र जारी किया तो पार्टी के दो सीनियर लीडर्स मंच पर रहने की बजाए दर्शकों की पंक्तियों में बैठने को चुना। वैसे ये कोई पहली दफा नहीं था, बल्कि हमेशा दो केंद्रीय मंत्रियों, भूपेन्द्र यादव और अश्विनी वैष्णव की शैली रही है। दोनों ही भाजपा के लिए महाराष्ट्र चुनाव के क्रमशः प्रभारी और सह-प्रभारी की भूमिका में रहे। बेहद ही कम बोलने वाले और पर्दे के पीछे रहकर काम करना जिनकी फितरत रही है। दोनों ने ही कई हफ्तों तक मुंबई में डेरा डाले रहे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भाजपा की रणनीति को ग्राउंड लेवल पर उतारा जा सके। इसके साथ ही जो रुठे हैं उन्हें भी साथ लाया जा सके। लोकसभा चुनाव में हार के बाद बीजेपी ने दोनों को ही जून में महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया था। अभियान रणनीतिकारों-सह-प्रबंधकों ने मध्य प्रदेश को पार्टी की झोली में डालकर एक बार फिर अपनी क्षमता साबित की है।



यादव और वैष्णव को बीजेपी सरकार व राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में बेहतरीन स्टाइक रेट देने वाले के रूप में देखती है। चुनावी रणनीतिकार के रूप में यादव का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को भाजपा की झोली में डाला, वहीं वैष्णव सह-प्रभारी के रूप में पार्टी के लिए मध्य प्रदेश में जीत हासिल करने के बाद सुर्खियों में आए हैं। वास्तव में, यह यादव और वैष्णव की वही 'हिट टीम' है, जिसे पिछले साल मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जब पार्टी लगभग दो दशकों तक शासन कायम रखने के बाद राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करती दिख रही थी। कई राजनीतिक पंडित प्रचार अभियान की शुरूआत में मध्य प्रदेश में भी भाजपा को 60 से अधिक सीटों का अनुमान लगा रहे थे। लेकिन अंततः बीजेपी विधानसभा की कुल 230 सीटों में से 163 सीटों के बड़े बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आई।

**महाराष्ट्र में भी हिट जोड़ी की स्ट्राइक रेट बेमिसाल**

लोकसभा चुनाव में पार्टी की फजीहत के बाद फिर इसी टीम को महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई। महाराष्ट्र के परिणाम मध्य प्रदेश की जीत की याद दिला रहे हैं। 288 सीटों की विधानसभा में जहां एनडीए ने महाराष्ट्र में 215 सीटों को पार कर लिया है। महाराष्ट्र वास्तव में बहुत बड़ी जीत है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि यादव और वैष्णव अब भी जीत के लिए कोई श्रेय लेने की होर में नजर नहीं आएंगे। पार्टी को लगता है कि जमीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और उनके हिट नारे 'एक हैं तो सेफ हैं' को देखते हुए सिपहसालारों ने जीत हासिल की है। लेकिन पार्टी के लिए ओबीसी को एकजुट करना, किसानों के लिए ऋण माफी का वादा करना और 'लड़की बहन योजना' पर अभियान को बढ़ावा देना जैसे कुछ प्रमुख इनपुट निर्णायक साबित हुए। कहा जाता है कि उन्हें यादव-वैष्णव जोड़ी ने आगे बढ़ाया है।

# गुणकारी है हरा प्याज



क्या आपने हरे प्याज की सब्जी कभी खाई है? अगर नहीं, तो हरे प्याज के यह कमाल के सेहत फायदे।

- हरा प्याज खाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ता है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। हरा प्याज माइक्रो न्यूट्रिशन को बनाए रखता है।

- हरा प्याज खाने के कई फायदे हैं। हरे प्याज में क्रोमियम होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम बनाए रखता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण ही इसे खाने से पाचन में भी सुधार होता है।

- हिस्टीरिया का मरीज अगर बेहोश हो जाए तो उसे प्याज कूटकर सुंघाएं। इससे रोगी तुरंत होश में आ जाता है। हरे प्याज में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-हिस्टामाइन गुण भी होते हैं इसीलिए यह गठिया और अस्थमा के रोगियों के लिए लाभदायक रहता है।

- पेशाब होना बंद हो जाए तो दो चम्मच प्याज का रस और गेहूं का आटा लेकर हलवा बना लें। हलवा गर्म करके पेट पर लेप लगाने से पेशाब आना शुरू हो जाता है। प्याज पानी में उबालकर वह पानी पीने से भी पेशाब संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

- बाल गिरने की समस्या से निजात पाने के लिए प्याज बहुत ही असरदार है। बालों पर प्याज के रस की मालिश करने से बाल गिरना बंद हो जाते हैं। इसके अलावा, प्याज का लेप लगाने पर कम उम्र में सफेद हुए बाल फिर से काले होने

- सर्दी या जुकाम होने पर प्याज खाने से राहत मिलती है। गठिया में प्याज बहुत ही फायदेमंद होता है। सरसों का तेल व प्याज का रस मिलाकर मालिश करें, फायदा होगा। प्याज कई अन्य सामान्य शारीरिक समस्याओं जैसे मोतियाबिंद, सिर दर्द, कान दर्द और सांप के काटने

# क्या है ल्यूकोडमा', कैसे हो इसका ईलाज

मिताली जैन

**जानिए क्या है ल्यूकोडर्मा और कैसे करें इसका उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

ल्यूकोडर्मा जिसे आमतौर पर विटिलगो के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें स्किन पिगमेंटेशन लॉस होने लगता है, जिससे त्वचा सफेद होने लगती है। त्वचा पर सफेद धब्बे को ल्यूकोडर्मा कहा जाता है। जब स्थित गिंभीर हो जाती है, तो धब्बे खोपड़ी, चेहरे और जननांगों सहित शरीर के लगभग सभी हिस्सों को कवर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको ल्यूकोडर्मा के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं?

**पहचानें लक्षण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का मुख्य संकेत व लक्षण स्किन पर मिल्की व्हाइट पैचेस होते हैं। इसके अलावा भी कुछ लक्षण नजर आते हैं?

बालों का समय से पहले सफेद होना

श्लेष्मा झिल्ली में कलर लॉस होना

**रेटिना के रंग में बदलाव**

हालांकि ल्यूकोडर्मा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, पिग्मेंटेशन आमतौर पर शरीर के सन एक्सपोजर एरिया पर होता है।



**जानिए कारण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का सटीक कारण अभी भी अज्ञात है। हालाँकि, यह वायरस के संक्रमण, पारिवारिक इतिहास, तनाव या किसी भी ऑटोइम्यून विकार के कारण हो सकता है।

**ल्यूकोडर्मा के प्रकार**

ल्यूकोडर्मा आमतौर पर दो प्रकार का होता है? सेगमेंटल और गैर ?सेगमेंटल।

**सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में नजर आने लगते हैं, जो बॉडी के एक साइड व सेगमेंट में नजर आते हैं।

**गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा डिस्कलरेशन के साथ शॉर्टलिव बर्स्ट होता है। यह बॉडी के दोनों साइड को इफेक्ट करता है।

**ल्यूकोडर्मा का उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

**ल्यूकोडर्मा की रोकथाम**

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से ल्यूकोडर्मा से बचाव संभव है। मसलन, केमिकल्स व सूरज के संपर्क में कम आना व तनाव से खुद को दूर रखकर ल्यूकोडर्मा से बचाव किया जा सकता है।

# सर्दी में बच्चों को नहलाना आवश्यक



निधि सिंह

**सर्दियों** में जब तापमान कम हो जाता है तब ठंड व बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी कितनी मजबूत इम्यूनिटी है। यदि आप इन कुछ महीनों में लापरवाही बरतते हैं तो आपके बीमार होने की सम्भावना बढ़ जाती है। लेकिन ये समय शिशुओं के लिए बेहद मुश्किल होता है क्योंकि अविकसित प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण, उनमें संक्रमण और मौसमी फ्लू होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

यही नहीं उनकी त्वचा बेहद नरम होती है, जिससे डमेर्टाइटिस और चकत्ते होने की सम्भावना भी बढ़ जाती है। इसलिए, सर्दियों में अपने शिशु की अतिरिक्त देखभाल करना बेहद जरूरी है। इसलिए आप निम्न टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

**तेल लगाना है जरूरी–** सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा बच्चे के शरीर से सारी नमी निकाल लेती है। अतः उन्हें ड्राइनेस से बचाने के लिए आपको बच्चे की तेल से मालिश करनी चाहिए। आप चाहें तो दिन में दो बार बच्चे की मालिश कर सकती हैं। इससे बच्चे के शरीर की नमी भी बरकरार रहेगी और उसे ज्यादा ठंड भी नहीं लगेगी अर्थात शरीर में गर्माहट भी रहेगी।


उन्हें धूप में ले जाएं- सर्दियों के दौरान बच्चों के लिए सूरज की रोशनी बहुत ही आवश्यक होती है। सूर्य विटामिन डी का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है और विटामिन डी बच्चे की हड्डियों को मजबूत रखने के लिए आवश्यक है। इसलिए अपने बच्चे को हर रोज कुछ देर के लिए धूप में जरूर लेकर जाएं, ताकि वह पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी ले पाएं।

**कई परतों में कपड़े पहनाएं–** नवजात बालक को सर्दी से बचाने के लिए यह जरूरी होता है कि उन्हें आप कई परतों में कपड़े पहना कर रखें। उन्हें कम से कम दो परत नीचे कपड़े पहनाएं और ऊपर के कपड़ों के लिए पहले उन्हें कोई गर्म इनर, उसके बाद कोई शर्ट व उसके ऊपर एक जैकेट पहना सकते हैं। इसके अलावा बच्चों को कैप व जुराब पहनाना भी न भूलें।

**अधिक भारी कंबल से न ढकें–** यदि आप भी अपने बच्चे को एक बहुत भारी कम्बल में लपेट कर रखते हैं तो यह उनके लिए असहज हो सकता है। क्योंकि इससे बच्चे को हाथ पैर हिलाने में दिक्कत महसूस होती है। अतः किसी हल्के कम्बल का प्रयोग करें व बच्चे को उसी स्थान पर लिटाया जाए जहां ज्यादा ठंड न हो।

**नहलाना जरूरी है–** सर्दियों में भी बच्चों की स्वच्छता बरकरार रखने के लिए आपको उन्हे नहलाना जरूरी होता है। इसलिए सर्दियों के मौसम में आप बच्चों को कभी कभी नहलाएं व जिस दिन उन्हे नहीं नहलाते हैं उस दिन एक कपड़े को गीले पानी में भिगो कर बच्चे के मुंह व हाथ पैरों को साफ करें।

# आखिर लड़कियों की किन बात से चिढ़ते हैं लड़के



कुसुम पी

**लड़कियों** को इम्प्रेस करने के लिए लड़के कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। लड़कों के बारे में एक चीज बड़ी बदनाम हैं कि वे हमेशा लड़कियों के पीछे लार टपकाए घूमते रहते हैं। यदि कोई खुबसूरत लड़की प्यार से बात कर ले तो वे बहुत जल्दी पिघल जाते हैं। लेकिन लड़कियों की कुछ आदतें ऐसी होती हैं जिनसे वह जरूर चिढ़ते हैं। जो अक्सर लड़कों को परेशान कर देती हैं। आइये जाते हैं...

**धोखा:** कुछ लड़कियां ऐसी भी होती हैं जो बेहतर लड़का मिलने पर अपने बॉयफ्रेंड को छोड़ देती हैं। या किसी और मामले में अपने मतलब के लिए लड़कों को धोखा देने से परहेज नहीं करती हैं। लड़कों को धोखे से सबसे ज्यादा नफरत होती हैं। यदि किसी लड़की ने उन्हें धोखा दिया तो वो उनसे बातचीत भी नहीं करते हैं। उन्हें उस लड़की से नफरत सी हो जाती हैं।

**अकड़ू और रौबदार लड़कियां:** इस बात में कोई शकनहीं कि लड़कियां नखरे और एटीट्युड दिखाती हैं लड़के उस लड़की से दूर भागते हैं, जो प्रकृति के नखरे और नखरे दिखाती है। लड़कों को यह पसंद नहीं है कि कोई लड़की उन पर हावी हो रही है। जो लड़के खुद को अधिक ओवरस्मार्ट दिखाने की कोशिश करते हैं, वे भी उन्हें नापसंद करते हैं।



**मतलब से बात करना:** कुछ लड़कियां बड़ी मतलबी भी होती हैं। वे सिर्फ अपने मतलब के लिए लड़कों का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए अपने खर्चे निकालने के लिए ही कुछ लड़कियां बॉयफ्रेंड बना लेती हैं। वहीं कुछ काम पड़ने पर ही लड़कों को याद करती हैं। ऐसी मतलबी लड़की से लड़के बहुत चिढ़ते हैं। वे उनकी मदद करने में भी हिचकिचाने लगते हैं। कई बार उन्हें पूरी तरह इग्नोर भी करते हैं।

**हर बात पर रोने वाली लड़कियां:** लड़के ऐसी लड़कियों से दूर रहना पसंद करते हैं जो बहुत भावुक होती हैं। ऐसी लड़कियां छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती हैं और रोने लगती हैं। चाहे सुख हो या दुख, उन्हें बस रोने का मौका चाहिए। लड़कों को लगता है कि ऐसी लड़कियों के पास शिकायतों का एक बड़ा बंडल होता है, जो वे हमेशा अपने रोनी सूरत से बताती हैं। ऐसी लड़कियों से लड़के बहुत चिढ़ते हैं।

**बात बात में कमियां निकालना:** कुछ लड़कियों की आदत होती है कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के मां बाप, रिश्तेदारो और दोस्तों में कुछ न कुछ कमियां निकाल देती हैं। जैसे किसी के कपड़ों को लेकर तो किसी के खाना खाने के तरीके को लेकर। मगर लड़कियों की यह आदत उन्हें इरिटेट कर देती हैं। सिर्फ आपके पार्टनर को नहीं, आपकी यह आदत आपके आस-पास ज्यादातर लोगों को पसंद नहीं आती है।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रविवार 24.11.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 213

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

# भाजपा की दो सीटों पर भाकपा माले का कब्जा

## झरिया में कांग्रेस की पूर्णिमा हारी, रागिनी जीती



झरिया से निर्वाचित रागिनी सिंह।

## टुंडी पर मथुरा महतो का कब्जा बरकरार



प्रमाणपत्र प्राप्त करते झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो।

## बाघमारा में ढुल्लू महतो ने अग्रज को जिताया



बाघमारा से चुने गए शत्रुघ्न महतो।

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधान सभा के चुनाव में धनबाद में एनडीए गठबंधन को गहरा झटका लगा है। जिले में भाजपा को दो सीटें गंवानी पड़ी तो भाकपा माले ने अपनी खोई दो सीटों पर पुनः कब्जा कर लिया। झरिया में कांग्रेस की एकमात्र विधायक को पराजित कर भाजपा को वहां अपना झंडा गाड़ने में सफलता मिली है। वहीं टुंडी में झामुमो का जलवा बरकरार रहा।

धनबाद विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के राज सिन्हा ने तीसरी बार 44,166 मतों से तीसरी बार शानदार जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस के अजय कुमार दूबे को पराजित किया। श्री सिन्हा को जहां 1,34,722 मत मिले वहीं अजय दुबे 86,526 वोट ही वोटर सके। इसी प्रकार झरिया में कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह को भाजपा की रागिनी सिंह ने पराजित कर झरिया सीट पर कब्जा कर लिया। रागिनी सिंह को 87,891 वोट मिले वहीं पूर्णिमा नीरज सिंह 73,381 मत प्राप्त कर सकीं। सबसे शानदार सफलता भाकपा माले ने पाई।



तीसरी बार धनबाद से निर्वाचित भाजपा के राज सिन्हा।



जीत से प्रसन्न मुद्रा में भाकपा माले अरूप चटर्जी।

निरसा से इस पार्टी के अरूप चटर्जी ने निवर्तमान विधायक भाजपा की अपर्णा सेन गुप्ता को लगभग 18 सौ से अधिक मतों से पराजित किया। अरूप चटर्जी को जहां 1,04,855मत मिले वहीं भाजपा की अपर्णा 1,03,047 वोट प्राप्त कर सकीं। वहीं इसी पार्टी के चंद्रदेव महतो ने भाजपा की तारा देवी को 3,448 मतों से क्लींन बोल्ड कर दिया। चंद्रदेव महतो को 1,04,298 मत मिले तो भाजपा की तारा देवी को 1,00,827 । ये दोनों सीट वाम दलों की परम्परागत सीट रही है। टुंडी से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो 95,527 वोट लेकर मैदान मार कर अपनी सीट बरकरार रखी है।

वहीं बाघमारा में सांसद ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने कांग्रेस के जलेश्वर महतो को 16,682 मतों से पराजित कर विजय घोषित हुए हैं। भाजपा के शत्रुघ्न महतो को 87,529 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस के जलेश्वर महतो 68,847 मत प्राप्त कर सके। झरिया में कांग्रेस की पराजय से से जिले में कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ हो गया है।

# शत्रुघ्न महतो की जीत पर जश्न में डूबा कतरास

## हर ओर छूट रहे पटाखे, बांटी जा रही मिठाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो उर्फ शरद दा की जीत की घोषणा होते हीं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अतिशबाजी व पटाखा की शोर क्षेत्र के हर इलाके में सुनाई दी। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

बाजा गाजा के साथ कतरास के लोगों ने निर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो का भव्य स्वागत किया। सेकडों समर्थक कतरास के भगत सिंह चौक पर उनके स्वागत के लिए खड़े थे। विधायक बनने के बाद वे धनबाद से सीधे माँ लिलोरी के दरबार में पहुंच कर प्रणाम किया। इसके बाद वे कतरास, भटमुड़ना, सोनारडीह होते हुवे चिताही पहुंचे। बाघमारा, बरोरा, लोयाबाद, महुदा, फुलारीटांड, मलकेरा, कपुरिया, छाताबाद, सिनी डीह आदि सभी इलाके में जश्न मनाया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्र, महेश पासवान, बच्चू राय, जितेश राजवार, पप्पू सिंह, राजू सरदार, मुकेश झा, दीपनारायण शर्मा, नागेंद्र कुमार, अशोक मिश्र आदि ने जीत पर हर्ष ब्यक्त किया।

# निर्वाचित विधायक राज सिन्हा ने निकाला विजय जुलूस

▶▶ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मनाया जश्न

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** बाजार समिति के बाहर विधानसभा चुनाव की जीत कि घोषणा होते ही विजयी प्रत्याशियों के खेमे में जश्न शुरू हो गया। जितने दिवाली में पटाखे नहीं छूटे थे, उससे कहीं ज्यादा पटाखे जीत के बाद छुटे। समर्थक एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई देते नजर आये। बाजार समिति के बाहर, मेमको चौक, सीटी सेंटर, रणधीर वर्मा चौक आदि स्थानों पर जमकर आतिशबाजी हुई।

जीत कि खुशी में धनबाद के नवनिर्वाचित विधायक राज सिन्हा ने बाजार समिति से सीटी सेंटर चौक, रणधीर वर्मा चौक तक विजय जुलूस निकाला। श्री सिन्हा खुली जिप्सी में सवार होकर जनता का अभिवादन करते दिखे। धनबाद की जनता की जय, हर हर महादेव, जयश्री राम, भारत माता की जय के नारे लगाये गए। वहीं विजय जुलूस में डीजे के धुन पर सैकड़ों कार्यकर्ता जमकर कर थिरके।



## मेमको से सिटी सेंटर तक लगा जाम

विजयी प्रत्याशियों के जश्न के कारण मेमको चौक से सिटी सेंटर तक लंबा जाम लग गया। पुलिस को ट्रैफिक कंट्रोल करने में पसीने छूट गए। छोटे बड़ी सवारी गाड़ियों के साथ निजी वाहन एवं एंबुलेंस भी देर तक जाम में फंसा रहा। कई वाहनों को रास्ता बदलकर दूरी तय करनी पड़ी। जाम के कारण बड़े बुर्जुग और छोटे बच्चे सबसे ज्यादा परेशान दिखे।

# सांप्रदायिक ध्रुवीकरण नाकाम करने में राजद की महत्वपूर्ण भूमिका : भारद्वाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**देवघर।** राजद के प्रदेश सचिव सह पूर्व राजद प्रत्याशी मधुपुर विधानसभा क्षेत्र संजय भारद्वाज ने राज्य विधानसभा चुनाव महागठबंधन की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महागठबंधन के पक्ष में जनता जनार्दन ने जी भर के वोट दिया है और यह पार्टी के लिए बहुत बड़ी जीत है। चुनाव में महागठबंधन की भारी जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के तमाम प्रयासों और भड़काऊ नारों को बेअसर करने के लिए हम झारखंड की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करते हैं। जीत का कारण सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाना और झारखंड सरकार द्वारा लिए गए विकासपरक निर्णय भी हैं। पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में जमीन से जुड़े लोगों के हितार्थ और दलित, शोषित और पीड़ित वर्ग के कल्याण हेतु और तेज गति से काम होगा। श्री भारद्वाज ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दल जन सरोकार के मुद्दों को पीछे धकेलना चाहते थे और हिंदू मुसलमान के नाम पर ध्रुवीकरण कर चुनाव जीतना चाहते थे लेकिन राजद नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्यकताओं ने इन प्रयासों को विफल कर दिया।

श्री भारद्वाज ने संथाल परगना में महागठबंधन के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह राजद कार्यकताओं के अथक परिश्रम, समर्पण और उत्साह के साथ-साथ महागठबंधन की सभी पार्टियों के आपसी तालमेल का नतीजा है। देवघर विधानसभा के चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद नेता ने कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि देवघर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सुनामी आने वाली है।

भारद्वाज ने स्थानीय देवघर विधानसभा क्षेत्र में विजयी सुरेश पासवान सहित संथाल परगना से महागठबंधन के अन्य प्रत्याशियों हफीजुल हसन अंसारी, संजय प्रसाद यादव और चुन्ना सिंह को भी जीत की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# चुनौतीपूर्ण रहा एक साल में दो चुनाव कराना : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** जिले के छह विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। धनबाद सीट से भाजपा के प्रत्याशी राज सिन्हा, झरिया से भाजपा की रागिनी सिंह, बाघमारा से भाजपा के शत्रुघ्न महतो, टुण्डी से झामुमो के मथुरा महतो, निरसा से भाकपा माले के अरूप चटर्जी तथा सिंदरी से भाकपा माले के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो विजयी घोषित हुए हैं। उक्त जानकारी शनिवार को कृषि बाजार समिति स्थित मतगणनना केंद्र में प्रेसवार्ता आयोजित कर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि 1 वर्ष में दो चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना काफी चुनौती पूर्ण रहा। इसके बावजूद लोकतंत्र के दोनों महापर्व को जिला प्रशासन ने बहुत ही सुचारू रूप से संपन्न कराया। इसमें सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम वर्क के साथ कार्य को अंजाम दिया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी बूथ से किसी तरह की गड़बड़ी होने की या किसी ने भी मतदान की प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं किया। सारी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

# 24 वर्षों बाद भगवा से लाल झंडे के नीचे आई सिंदरी

**राहुल पांडेय**



**सिंदरी।** आइ एन डी आइ ए गठबंधन प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी तारा देवी को 3448 वोटों से हराकर वामपंथियों के दिलों में 25 वर्षों के बाद जीत दर्ज कर एक नया मुकाम हासिल किया है। अखंड बिहार में उनके पिता आनंद महतो अंतिम बार सिंदरी विधानसभा से वाम दल के विधायक रहे थे और झारखंड अलग होने के बाद से यह भगवामय हो चला था।

इस जीत को राज्य की मईयाँ सम्मान योजना और शिक्षक बबलू महतो के पाँच वर्ष की मेहनत का फल बताया जा रहा है। सिंदरी के कुछ प्रबुद्ध जनों ने कहा कि सिंदरी बीते 25 वर्षों से भगवामय हो गया था और अब यह पुनः लालगढ़ हो गया है। हालांकि सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं ने प्रत्याशी की हार को लेकर ग्रामीण जिला कमेटी के इस्तीफे की माँग की है। सिंदरी के गौशाला बाजार, कांड्रा, डोमगढ़ सहित विधानसभा के अन्य स्थानों पर सिंदरी विधायक बबलू महतो के समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। सीपीआईएम नेता विकास कुमार ठाकुर ने बबलू महतो को जीत की बधाई देते हुए इसे वामपंथियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि अब पूरा गठबंधन मिलकर जनता के विकास में भागीदार बनेंगे। सिंदरी विधायक बबलू महतो ने सिंदरी विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त किया है और क्षेत्र में विकास की लहर की बात की है।

## कौन कितनी बार सिंदरी विधानसभा से बने विधायक

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से बंद हो चुकी पीडीआइएल सिंदरी के इंजीनियर रहे ए के राय ने 1967 और 1969 में सिंदरी विधानसभा से जीत दर्ज की। वहीं ए के राय ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 1972 में लड़ाई लड़कर यह सिलसिला कायम रखा। इसके बाद 1977 और 1980 में सिंदरी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव में आनंद महतो ने जीत दर्ज की और लालगढ़ को बचाए रखा। सन 1985 में झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो ने सिंदरी विधानसभा से जीत दर्ज की। वहीं 1990 और 1995 में मासस प्रत्याशी बने आनंद महतो ने छवि को मजबूत करते हुए सिंदरी में लाल झंडे को लहराए रखा। 15 नवंबर 2000 में बिहार से अलग हुआ झारखंड में भाजपा नेता फूलचंद मंडल ने सिंदरी विधानसभा में जीत दर्ज कर लालगढ़ से इसे भगवामय किया। इस कड़ी को बनाए रखने में 2005 में भाजपा से बिनोद बिहारी महतो के पुत्र राजकिशोर महतो और 2009 में जेवीएम व 2014 में भाजपा से पुन: फूलचंद मंडल ने जीत दर्ज की। 2019 में शिक्षाविद इंद्रजीत महतो को भाजपा ने सिंदरी विधानसभा से टिकट दिया। परंतु उनके सामने तीन बार के विधायक रहे आनंद महतो ने अपना आखिरी चुनाव लड़ा। इस चुनाव में इंद्रजीत महतो ने जीत दर्ज की और भगवा ध्वज लहराए रखा। 2020 के कोरोनाकाल में सिंदरी विधायक रहे इंद्रजीत महतो कोरोना से ग्रसित हो गए और सिंदरी विधानसभा की पूरी जिम्मेदारी उनकी धर्मपत्नी तारा देवी ने उठाया। परंतु शिक्षक चंद्रदेव महतो की मेहनत और राज्य सरकार की महिला सम्मान और बिजली बिल माफी योजनाओं ने सिंदरी विधानसभा के पटल पर अपनी छाप छोड़ी और सिंदरी पुन: लाल झंडे के नीचे दिखाई देने लगा।

## एक नजर में

### चिरकुंडा से युवती रहस्यमय ढंग से गायब

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के तीन नंबर बालू बंकर क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने की सूचना मिली है। इस संबंध में युवती के परिजन ने चिरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराया है। परिजनों ने लिखित शिकायत में कहा है कि उनकी 19 वर्षीय युवती शनिवार की सुबह 5 बजे से ही बिना किसी को कुछ बोले घर से अचानक निकल गई और अभी तक वापस नहीं आई है।परिजनों ने कहा कि युवती की आस पास व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ अता-पता पता नहीं चल सका। अंतत: बाध्य होकर चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मुनीडीह में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**पुटकी।** झारखंड में इंडी गठबंधन की बंपर जीत की खुशी में शनिवार की शाम धनबाद प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के जिला महासचिव जितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मुनीडीह में जश्न मनाया गया। आतिशबाजी करते हुए मिठाइयां बांटी गई। जश्न मनाने वालों में जितेश सिंह, अमिताभ सिंह, विनोद सिंह, आकाश कुमार, बिरजू हरि, शेखर सिंह, जवाला सिंह, तुलसी गोप के अलावा झामुमो नेता राजकुमार नापित आदि शामिल हैं।

### राज सिन्हा की जीत से भाजपाइयों में हर्ष

**पुटकी।** धनबाद विधायक राज सिन्हा की हैट्रिक जीत पर मुनीडीह में मुखिया रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जश्न मनाया। मौके पर विकास मिश्रा, उमेश कुमार सिंह, राहुल सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, सुनील पांडेय आदि थे।

### निरसा क्षेत्र में पेयजल संकट दूर करना प्राथमिकता : अरूप चटर्जी

**मैथन।** कांटे की टक्कर में भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान विधायक अपर्णा सेनगुप्ता को पराजित कर निरसा विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने के बाद इंडिया गठबंधन प्रत्याशी माले नेता अरूप चटर्जी ने निरसा के मतदाताओं को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत निरसा की जनता की है, जिन्होंने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। उन्होंने निरसा के आमजनों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहला काम क्षेत्र में पेयजल संकट को दूर करना मेरी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा बेरोजगारी आदि समस्याओं को दूर करने के प्रयास किया जाएगा। अरूप चटर्जी के जीत के बाद निरसा विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह माले, झामुमो एवं समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला, आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी के निरसा स्थित आवास के सामने, निरसा चौक, कुमारधुबी, चिरकुंडा, मैथन आदि क्षेत्रों में बैंड बाजे के साथ नाचते गाते कार्यकताओं व समर्थकों ने जुलूस निकाला। जीत की खुशी में जमकर गुलाल उड़ाया, आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी मनाया।

### टाटा स्टील जामाडोबा ग्रुप ने भेलाटांड कोलियरी को हराकर जीता इंटर-कोलियरी क्रिकेट टूनार्मेंट



**जोड़ापोखर।** जामाडोबा झरिया डिवीजन के खेल विभाग द्वारा आयोजित इंटर-कोलियरी क्रिकेट टूनार्मेंट-2024 का समापन शानदार अंदाज में हुआ। टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ, जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील, द्वारा किया गया। तीन दिवसीय इस रोमांचक टूनार्मेंट में कुल छह टीमों ने प्रतिस्पर्धा की, जिनमें ऑफिसर्स 11, जामाडोबा ग्रुप, सिजुआ कोलियरी, भेलाटांड कोलियरी और पहली बार सिजुआ और जामाडोबा ग्रुप से शामिल वेंडर पार्टनर्स के कर्मचारियों की दो टीमें शामिल रहीं। फाइनल मैच भेलाटांड कोलियरी और जामाडोबा ग्रुप के बीच खेला गया, जिसमें जमाडोबा ग्रुप ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। जामाडोबा ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भेलाटांड कोलियरी ने 17 .5 ओवर में सभी विकेट खोकर कुल 100 रन बनाए। जामाडोबा ग्रुप ने 17 .3 ओवर में आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट शेष रहते विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में 5 महत्वपूर्ण विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन करने वाले राजेश चौबे को 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।फाइनल मैच के मुख्य अतिथि झरिया डिवीजन के हेड सेफ्टी, बरुण कुमार बनर्जी थे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू), संतोष महतो ने भी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में पंकज कुमार दास, हेड एचआरबीपी झरिया डिवीजन, श्वेता मिश्रा, हेड एडमिनिस्ट्रेशन झरिया डिवीजन, अशोक कुमार राय, अध्यक्ष आरसीएमयू जामाडोबा कोलियरी, महमूद आलम, सचिव आरसीएमयू भेलाटांड कोलियरी सहित झरिया डिवीजन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इस टूनार्मेंट का सफल समन्वय बाल शंकर झा, इंचार्ज, स्पोर्ट्स, ने किया।

### डीवीसी ऑल वैली में मान्यता के लिए चुनावी मैदान में कई ट्रेड यूनियन



**बेरमो।** डीवीसी में मान्यता प्राप्त को लेकर पांच श्रमिक यूनियन चुनावी मैदान में डटे हैं। आगामी 3 दिसम्बर को मतदान तथा 4 दिसंबर को मतगणना होगा। डीवीसी ऑल वैली में कुल 3500 श्रमिक करेंगे यूनियनों के भाग्य का फैसला। जानकारी के अनुसार दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) में मान्यता के लिए 5 ट्रेड यूनियन चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यहां भारतीय मजदूर संघ, कामगार संघ, श्रमिक यूनियन, स्टाफ एसोसिएशन एवं हिंद मजदूर किसान यूनियन के नेता तथा पदाधिकारी बोकारो जिला के हद में बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल में लगातार जन संपर्क अभियान चला रहे हैं। इस दौरान वे एक दूसरे को पटकनी देने का जोड़ तोड़ कोशिश कर रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले बार के चुनाव में सीटू से संबद्ध श्रमिक यूनियन ने जीत हासिल किया था। इस संबंध में हिंद मजदूर किसान यूनियन के बोकारो थर्मल शाखा सचिव रामलाल पासवान एवं मो. फरीद ने 22 नवंबर को बताया कि डीवीसी ऑल बैली में कुल तीन हजार पांच सौ (3500) श्रमिक हैं जो पांच यूनियनों के भाग्य का फैसला मतदान के जरिए करेंगे। उन्होंने बताया कि डीवीसी ऑल बैली में आगामी 3 दिसंबर को मतदान है और 4 दिसंबर को मैथन में मतगणना होगी। बताया कि इस चुनाव में जीत हासिल करने वाले यूनियन को डीवीसी मान्यता देगी एवं उसी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ मजदूर हित में होने वाली सभी समझौता वार्ता करेगी। बता दें कि, डीवीसी ऑल बैली में हो रहे श्रमिक यूनियनो का चुनाव को लेकर बोकारो थर्मल के कामगारों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा।** आरपीएफ कोडरमा ने एक बार फिर अवैध शराब की खेप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी की पहचान 19 वर्षीय विष्णु कुमार पुरानी बाजार मसौढ़ी पटना बिहार निवासी के रूप में हुई है। वहीं इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि सुबह करीब सात बजे सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव, प्रधान आरक्षी नवीन कुमार व आरक्षी नरसी लाल मीणा कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4-5 पर गश्त कर रहे थे, इस दौरान शौचालय के पास एक युवक को पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। वहीं युवक के बैग की जांच करने पर उसमें 14 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 8880 रुपये है। जिसके बाद बरामद शराब व गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

## कोडरमा बाजार सब्जी मंडी के समीप कई दुकानों में लगी भीषण आग



**कोडरमा।** बाजार स्थित सब्जी मंडी के समीप शुक्रवार देर रात कई दुकानों में अचानक आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण बाराती मिलन कार्यक्रम में पटाखा छोडने के दौरान तिलंगी से बताई जा रही है। इस आगजनी में लगभग आठ दुकान जलकर खाक हो गया है। जिसमें श्रृंगार, फल, सब्जी, घड़ी के करीब आठ दुकानें शामिल हैं। आग की सूचना पाकर स्थानीय लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया, आग नहीं बुझने पर स्टेट दमकल की टीम को सूचना दी गई। सूचना पाकर दो दमकल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया गया। बढ़ते आग को देखते हुए बांझेडीह केटीपीएस एक अतिरिक्तदमकल मंगाया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में सभी दुकानों को मिलकर करीब आठ लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न

# मतगणना केंद्र के चप्पे चप्पे पर सतर्क दिखे पुलिस









खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाये गए मतगणना केंद्र में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न हुआ। चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ ही विजयी उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव को निर्वाची पदाधिकारी ने प्रमाण-पत्र सौंपा। इसके पूर्व शनिवार की सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू हुआ, मतों की गिनती के लिए बनाए गए टेबलों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा सबसे पहले पोस्टल बैलेट से प्राप्त मतों की गिनती किया गया, तत्पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गिनती शुरू हुई, इस दौरान पूरे समय तक सामान्य प्रेक्षक मालसिंह भयडिया, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर मतगणना केंद्र को त्री-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किया गया था, केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर मतगणना केंद्र के चप्पे चप्पे पर बीएसएफ, जैप और जिला बल के जवानों के अलावे पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी पूरे मतगणना के दौरान सतर्क दिखे तो दूसरी ओर कोडरमा बाजार के बजरंगबली चौक से लेकर मतगणना केंद्र तक जिला बल के जवान पूरी तरह मुस्तैद दिखे। मतगणना केंद्र में भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव सुबह 10:50 बजे पहुंची जो विजयी प्रमाण-पत्र लेने तक मौजूद रही। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता दोपहर 10:50 बजे पहुंची और करीब 3 बजे हॉल से चली गयी।

**इधर मतों की गिनती जारी रहा, उधर सोशल मीडिया पर जीत हार की होते रही चर्चा :** मतगणना केंद्र के बाहर सबसे दिलचस्प नजारा दिखा, दोपहर से प्रत्याशियों के जीत हार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते रहा। जिससे प्रत्याशी के समर्थकों के बीच गजब का उत्साह देखा गया। मतगणना के 15वें राउंड की गिनती के बाद व्हाट्सएप ग्रुप में प्रत्याशी के जीत का दावा किया गया तो पसन्दीदा प्रत्याशी के समर्थकों में जश्न का माहौल देखा गया, हालांकि वस्तुस्थिति से अवगत होते ही समर्थकों में निराशा का भाव भी देखा गया, यह सिलसिला दोपहर के 2:30 बजे तक चला।

## कहीं जीत का जश्न तो कहीं हार का गम





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव 2024 का परिणाम आने के बाद शनिवार को भाजपा के विजयी प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव के कोडरमा गिरिडीह रोड स्थित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा, तो कई सामाजिक लोग भी विजयी प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव को जीत की बधाई देने पहुंचे। वहीं उपविजेता राजद के गठबंधन प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर भी लोगों का हुजूम देखने को मिला। हलांकि राजद प्रत्याशी जीत के प्रति पूरी तरह आश्वास्त थे। बता दें कि मतगणना के शुरुआती रुझान में राजद प्रत्याशी के पक्ष में था, अंततः भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव 86072 वोट लाकर 5959 वोटों से जीत दर्ज कर कोडरमा विधानसभा ने अपनी तीसरी पारी की शुरुआत करने में कामयाब रही। ज्ञात हो कि कोडरमा विधानसभा चुनाव में यूँ तो 13 प्रत्याशी मैदान में थे, कई प्रत्याशी मतगणना समाप्त होने से पहले ही मतगणना केन्द्र से चुपचाप बाहर निकल गये। वहीं दूसरी ओर विजयी प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव के आवास पर समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ दूसरे दलों के समर्थक भी बधाई देते नजर आये। आवास पर सैकड़ों समर्थकों से घिरी विधायक डॉ. नीरा यादव सभी का बधाई स्वीकार कर रही थी। विधायक आवास के बाहर ही नहीं कोडरमा बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ समर्थक नाचते गाते हुए जश्न मना रहे थे तथा एक-साथ होली व दिवाली मनाते दिखे।

### यह आपकी और कार्यकर्ताओं की जीत है : डॉ. नीरा यादव

**कोडरमा।** विधानसभा जीत के बाद समर्थकों का उत्साहित हुजूम ने डॉ. नीरा यादव के प्रति अपना जोरदार स्वागत किया और लोगों का उत्साह देख विधायक का मन गद्गद हो गया। उन्होंने कहा कि मैं जीवन भर जन सेवा करती रहूंगी, मैं आपके प्यार को कभी भुला नहीं सकती। वहीं उन्होंने कहा कि यह जीत कोडरमा के हर एक जनता की जीत है। धन बल अशांति पर कोडरमा की सम्मान की जीत है, मेहनत किए हर एक कर्मठ जुझारू कार्यकर्ता की जीत है। मैं उन्हें बारंबार नमन करती हूं। मैं अब विकास के अधूरे कार्य को आगे पूरा करूंगी। आपके साथ से आपके विश्वास से आपके प्यार से कोडरमा को सम्मान मिला है।

खबर एक नजर में

## तीसरी बार कोडरमा से विधायक चुनी गयीं डॉ.नीरा यादव



निर्वाची पदाधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त कते हुए डॉ नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने राजद के सुभाष प्रसाद यादव को 5959 वोटों से पराजित किया। गौरतलब है कि बीजेपी ने डॉ.नीरा यादव को तीसरी बार कोडरमा से अपना प्रत्याशी बनाया था।

डॉ. नीरा यादव वर्ष 2014 में पहली बार विधायक बनने के बाद ही राज्य की शिक्षा मंत्री बन गई थीं, फिर 2019 में वे दुबारा विधायक चुनी गयीं। इस बार कोडरमा विधानसभा सीट पर एक बार फिर महासंग्राम देखने को मिला। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार और वर्तमान विधायक डॉ. नीरा यादव और राजद के सुभाष प्रसाद यादव के बीच था। इस सीट पर निर्दलीय शालिनी गुप्ता, बसपा के प्रकाश अम्बेडकर समेत 13 उम्मीदवार मैदान में थे। इस सीट पर जातीय गोलबंदी के कारण मुकाबला काफी दिलचस्प रहा। कोडरमा सीट पर पहले चरण में वोट डाले गए थे, भाजपा मजबूत दिखी। इस बीच भाजपा ने निवर्तमान विधायक डॉ. नीरा यादव पर ही तीसरी बार भरोसा जताया था।

डॉ. नीरा यादव ने 2014 के चुनाव के तब के राजद प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को हराकर पहली बार यहां भाजपा का परचम लहराने में कामयाबी हासिल की थी। कोडरमा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की डॉ. नीरा यादव को 86072 वोट मिले जबकि राष्ट्रीय जनता दल के सुभाष प्रसाद यादव 80113 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं निर्दलीय से शालिनी गुप्ता 68934 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहीं।

## कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां फोड़े पटाखे



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुमार उज्जवल दास की जीत की खुशी में भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड में जमकर खुशियां मनाईं। कार्यकर्ता चौक-चौराहों पर एकत्रित हुए और बम पटाके फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने बताया कि सभी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से खुशी मना रहे हैं और विधायक उज्जवल कुमार दास को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओं ने विधायक दास के लिए मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई दी। विधायक दास ने भी कार्यकताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीत सिर्फ उनकी नहीं बल्कि पूरे प्रखंड की है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

### रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर

# परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा रेलवे



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर रेलवे ने पटना-रांची, बरौनी-धनबाद व गढ़वा रोड बिलासपुर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। वहीं हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार गाड़ी संख्या 03219 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 24 व 27 नवंबर 2024 को पटना से 15.00 बजे खुलकर उसी दिन 23. 45 बजे रांची पहुंचेगी।

वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 03220 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल 25 व 29 नवंबर 2024 को रांची से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 07. 45 बजे पटना पहुंचेगी, अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल जहानाबाद, गया, कोडरमा, नेसुब गोमो, बोकारो स्टील सिटी एवं मुरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। वहीं गाड़ी संख्या 03690 बरौनी-धनबाद परीक्षा स्पेशल 24 व 27 नवंबर, 2024 को बरौनी से 14.00 बजे खुलकर उसी दिन 22. 00 बजे धनबाद पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03689 धनबाद-बरौनी परीक्षा स्पेशल 25 व 29 नवंबर 2024 को धनबाद से 21.00 बजे खुलकर अगले दिन 05. 30 बजे बरौनी पहुंचेगी। वहीं अप और डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल लखीसराय, किउल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर व चितरंजन स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 03696 गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल 24 एवं 27 नवंबर 2024 को गढ़वा रोड से 06.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03695 बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल 25 व 29 नवंबर, 2024 को बिलासपुर से 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 11. 30 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। वहीं अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, बरकाकाना, मूरी, टाटा, चक्रारपुर, राउरकेला एवं झारसुगुड़ा स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे।

# चतरा और सिमरिया विधानसभा में एनडीए की हुई जीत

### लोजपा के जनार्दन 18401 तो बीजेपी के उज्ज्वल 4001 वोट से हुए विजयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा और सिमरिया विधानसभा में एनडीए प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। चतरा से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने राजद के रश्मि प्रकाश को 18401 वोटों से हराया, जबकि सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास ने मनोज चंद्रा को 4001 वोटों से पराजित किया।

जीत के बाद दोनों प्रत्याशियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि जनता की है। चतरा विधानसभा में जनार्दन पासवान को 110397 वोट मिले, जबकि रश्मि प्रकाश को 111996 वोट मिले।सिमरिया विधानसभा में उज्ज्वल दास को 111996 वोट मिले, जबकि मनोज चंद्रा को 107905 वोट प्राप्त हुए। मतदान केंद्र के बाहर पार्टी समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया।

चतरा और सिमरिया में इंडिया गठबंधन की जीत के बाद सांसद कालीचरण सिंह ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार और उनके मंत्रियों की करतूतों के कारण जनता ने उन्हें सबक सिखाया है। सांसद ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी, मंत्री ने जिले में सिर्फ सायरन बजाने के अलावा कोई काम नहीं किया। सत्ता के नशे में चूर श्रम मंत्री को मुंहतोड़ जवाब देते हुए जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना संदेश दे दिया है।

सांसद ने कहा कि उन्हें भी लोकतांत्रिक तरीके से सायरन बजाने का अधिकार है, लेकिन उन्होंने अपना अधिकार और सीमा का उल्लंघन नहीं किया है। सत्यानंद भोक्ता ने खुद को जनता से ऊपर समझ लिया था, जिसका जवाब जनता ने उन्हें ना करते हुए बखूबी दे दिया है।

### धन बल के आगे जनबल की हुई है जीत : जनार्दन

चतरा विधानसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद जनार्दन पासवान ने मतगणना केंद्र पहुंचकर हेमंत सरकार और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि चतरा में धन बल के आगे जनबल की जीत हुई है और यहां की जनता ने झूठ और फरेब को नकारते हुए विकास को चुना है।

एनडीए गठबंधन चतरा विधानसभा को मॉडल विधानसभा के रूप में स्थापित करेगा ताकि पूरे राज्य में एक अलग छवि स्थापित हो सके।भाजपा के जनार्दन पासवान को 25 वें राउंड तक कुल 100280 मत प्राप्त हो चुके हैं, जबकि मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू राजद की रश्मि प्रकाश को 85030 वोट मिले हैं।जनार्दन पासवान ने कहा है कि चतरा में हुए घोटाले और अपराधों की सीबीआई और अन्य एजेंसी से भी जांच कराई जाएगी ताकि सरकार के संरक्षण में जनता के साथ अत्याचार और छल करने वाले मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

### चतरा के रास्ते झारखंड में हुई लोजपा की एंट्री : प्रधान

लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने चतरा में एक प्रत्याशी की निर्णायक बढ़त के बाद कहा कि चतरा के रास्ते झारखंड में लोजपा की विधिवत एंट्री हो गई है। अब वे चतरा के विकास का हवाला देकर पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि लोजपा एनडीए गठबंधन का एक मजबूत हिस्सा है और मिलकर वे निश्चित रूप से प्रदेश में विकास की गाथा लिखेंगे।

### प्रत्याशियों ने किया भद्रकाली मंदिर में दर्शन : एनडीए

महागठबंधन के लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान और भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास मतगणना के दौरान भद्रकाली मंदिर में माता के दर्शन के लिए गए। जनार्दन पासवान मतगणना हॉल में 15वें राउंड में और उज्ज्वल दास 23वें राउंड में पहुँचे।

# झारखंड की जनता हेमंत-कल्पना पर भरोसा जताया : रविंद्र शांडिल्य



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा चुनाव की परिणाम आने के पश्चात् अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविंद्र शांडिल्य ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पूर्व विधायक कल्पना मुर्मू के संयुक्त नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए प्रचंड बहुमत दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा सभी धर्म जाति वर्ग के लिए योजना तैयार कर सरकारी कल्याणकारी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने का काम किया है और लाभकारी भी सिद्ध हुई। जिसके प्रतिफल में जनता ने उन्हें सर आंखों पर बिठाने का काम किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हेमंत सोरेन को जेल भेजने की षड्यंत्र रचना बिल्कुल उल्टा पड़ गया, जनता ने जेल के बदले वोट से बदला लेने का काम किया है। वहीं श्री शांडिल्य ने कहा की झारखंड की विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के लिए झारखंड की जनता और हेमंत सोरेन कल्पना मुर्मू सोरेन महासचिव विनोद पांडे महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य महासचिव फागु बेसरा तथा कमल नयन सिंह को धन्यवाद व साधुवाद दिया।

## अंश कुमार का अंडर-14 क्रिकेट टीम में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट लीग मैच के लिए चतरा जिले से टंडवा के अंश कुमार का चयन हुआ है। अंश दैनिक भास्कर के पत्रकार रुदेश कुमार नायक के पुत्र हैं और डीएवी स्कूल नॉर्थ करनपुरा टंडवा में कक्षा 6 के छात्र हैं। अंश ने अपने पहले ट्रायल में ही अंडर-14 टीम में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। चतरा जिले के सभी लीग मैच बंगाल के जामताड़ा मैदान में आयोजित किए जाएँगे। चतरा का पहला मैच 26 नवंबर को देवघर के साथ होगा। इसके बाद, 28 नवंबर को बोकारो, 1 दिसंबर को गिरिडीह, 2 दिसंबर को गोड्डा और 4 दिसंबर को साहेबगंज के साथ मुकाबला होगा। अंश ने अपने चयन का श्रेय अपने पीटी शिक्षक कुंदन कुमार सिंह, माता-पिता, भाई उज्जवल नायक, मोहित कुमार, शानु कुमार, सागर और सौर्या आदि को दिया है, जिनकी मेहनत और हौसला अफजाई के कारण वह पहली सीढ़ी प्राप्त करने में सफल हुए हैं।

स्पीड न्यूज

## जोहार जमशेदपुर...! आपने साथ दिया, अब मेरी बारी : पूर्णिमा साहू



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर पूर्णिमा साहू ने अपने श्वसुर रघुवर दास को बीते चुनाव में मिली चुनावी हार रुपी कांटे को निकाल कर उन्हें बहुत राहत प्रदान किया है। जीत के बाद पूर्णिमा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं आप जमशेदपुरवासियों के अपार समर्थन और आशीर्वाद के प्रति आभार प्रकट करती हूं। विधानसभा चुनाव में जिस तरह से आपका प्यार, समर्थन और आशीर्वाद मिला, उसके लिए मैं सदा आप सब की ऋणी रहूंगी। मेरी जीत का श्रेय जमशेदपुर पूर्वी की सम्मानित जनता, महिला मतदाताओं और भाजपा के कर्मठ कार्यकताओं को जाता है। जिस तरह पूरे चुनाव में आप सभी का सहयोग व समर्थन मिला, वो मेरे लिए हमेशा प्रेरणा का काम करेगा। मैं ईश्वर और अपने परिवार के प्रति भी सम्मान और आभार प्रकट करती हूं, जिनके आशीर्वाद की वजह से मुझे इस विधानसभा चुनाव में जीत मिली। मुझ पर भरोसा जताने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी, यशस्वी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी समेत सभी वरिष्ठ नेतागणों का आभार...। पूर्णिमा ने आगे कहा, मैं जमशेदपुर के देवतुल्य जनता से वादा करती हूं कि जमशेदपुर पूर्वी के विकास और यहां के लोगों की भलाई के लिए मैं कड़ी मेहनत करूंगी। विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं मेरी होंगी। आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि आपके सुख-दुख में मैं आपके साथ रहूंगी। न सिर्फ विधायक बनकर बल्कि बहन, बेटी और बहू के रूप में भी। मेरे ससुर जी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में ओड़िशा के राज्यपाल माननीय श्री रघुवर दास ने जमशेदपुर पूर्वी की जनता को हमेशा अपना परिवार माना है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जमशेदपुर और यहां रहनेवाले लोगों की सेवा के लिए लगा दिया। कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। मैं उन्हें अपना प्रेरणास्रोत मानती हूं और उनके दिखाये रास्तों पर चलने का पूरा प्रयास करूंगी। जिस तरह वे यहां के लोगों के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं, मैं भी उन्हीं रास्तों पर चलने का हरसंभव प्रयत्न करूंगी। मैंने चुनाव के दौरान आपके समक्ष जो 11 संकल्प लिया है, उन्हें हर हाल में पूरा करूंगी। एक बार फिर से आप सभी का आभार और धन्यवाद।

## निर्णय सहर्ष स्वीकार लोकतंत्र में जनता ही मालिक : डॉ अजय

**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि पूर्वी की जनता का निर्णय स्वीकार है, दरअसल लोकतंत्र में जनता ही मालिक है। जमशेदपुर की जनता ने अपने भला बुरा का ध्यान रखते हुए जो निर्णय लिया है वह शिरोधार्य है। भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास को मेरी शुभकामनाएं है। उन्होंने कहा कि कहां कमी रह गई है इसकी गहन समीक्षा की जाएगी उसके आधार पर आगे का निर्णय लिया जायेगा। डॉ अजय ने कहा कि अपनी क्षमता के अनुसार जमशेदपुर की जनता के लिए काम करता रहूंगा। यह अच्छी बात है कि प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन सरकार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है और हेमंत सरकार को आगे काम करने का मौका प्रदान किया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सरकार आने वाले दिनों में आम लोगों, महिलाओं एवं युवा वर्ग के बेहतरी के लिए कार्य करेगी और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जायेगी। डॉ अजय ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करुंगा।

# कोल्हान में कैंची ने बनायी एनडीए की हजामत, चला इंडिया का जादू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**








**जमशेदपुर।** कोल विद्रोह की धरती कोल्हान ने इस बार इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश दिया है। कोल्हान प्रमंडल की 14 विधानसभा सीटों में झामुमो की लहर अंडर करंट रही नतीजा झामुमो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 सीटों पर न सिर्फ वापसी की है यद्यपि सहयोगी दल कांग्रेस जमशेदपुर पश्चिम जैसे प्रतिष्ठित सीट को भी खो दिया है। कांग्रेस को एक सीट जगन्नाथपुर से जीत मिला है। यहां कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को चुनावी मैदान में जद यू सह एनडीए प्रत्याशी सरयू राय ने पटखनी दे दी है। कोल्हान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा यानी जेएलकेएम ने कोल्हान की तीन सीटों क्रमशः खरसावां विस सीट, ईचागढ़, जुगसलाई सीट पर भाजपा एवं आजसू को हराने का कारण बना है। खरसावां में झामुमो प्रत्याशी दशरथ गगराई ने भाजपा के सोनाराम बोदरा को 32615 वोटों से हराया है जबकि जेएलकेएम पांडुराम हाईबुरु को 33841 वोट मिले हैं जो जीत के अंतर से भी ज्यादा है। ईचागढ़ विधानसभा सीट पर आजसू सह एनडीए प्रत्याशी हरेलाल महतो की किस्मत पर जेएलकेएम ग्रहण साबित हुआ है। इस सीट पर झामुमो प्रत्याशी सबिता महतो 26,608 वोट से एनडीए प्रत्याशी हरेलाल महतो को परास्त किया है जबकि इस सीट पर जेएलकेएम के प्रत्याशी तरुण महतो को 40665 वोट मिले हैं जो जीत के अंतर से भी कहीं ज्यादा है। इसी तरह जेएलकेएम प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने जुगसलाई सीट पर आजसू सह एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस की वापसी को असंभव बनाते हुए 36698 वोट हासिल कर लिया। इस सीट पर झामुमो प्रत्याशी मंगल कालिंदी 43,125 वोट से विजयी रहे। आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस को मात्र 77105 वोट से संतोष करना पड़ा जबकि मंगल कालिंदी को 1,20,230 वोट मिले। कोल्हान की अन्य सीटों पर भी जेएलकेएम को निर्दलीय प्रत्याशियों की अपेक्षा अच्छे वोट मिले हैं।

अभी तक एनडीए के खाते में जमशेपुर पूर्व,जमशेदपुर पश्चिम और सरायकेला की सीटें आ चुकी है। कोल्हान में एनडीए को तीन सीट तब मिला है जब भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के फायरब्रांड सीएम योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह से लेकर बॉलीवुड के स्टार तक भाजपा सह एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार के लिए आये किन्तु इन सभी पर झारखंड के सीएम और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन व उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का चुनाव प्रचार भारी पड़ा है। इस तरह से भाजपा का प्रदर्शन कोल्हान में शर्मनाक ही कहा जायेगा।

# सरयू जीते, कोल्हान के हाथ से निकल गया डिप्टी सीएम का पद

- कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता की हार से कोल्हान को भारी घाटा
- गृह क्षेत्र कदमा-सोनारी ने ही बन्ना को दिया झटका,
- मानगो को फ्लाई ओवर का उपहार भी नहीं आया काम

**विशेष संवाददाता**





विजय के बाद सरयू राय और डॉ अजय कुमार और बन्ना गुप्ता के विचार-विमर्श का फाइल फोटो।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम की सीट पर बन्ना गुप्ता की हार के साथ ही कोल्हान प्रमंडल के हाथ से डिप्टी सीएम का पद फिसल गया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बन्ना गुप्ता के कार्यकाल के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी के कोटे से डिप्टी सीएम पद पर प्रबल दावेदार माना जा रहा था। अब जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में डिप्टी सीएम पद का कोई चेहरा नहीं है यानी प्रमंडल को अब विधायक और मंत्री पद से ही संतोष करना होगा। चुनाव में जद यू सह एनडीए प्रत्याशी सरयू राय 7863 वोट से बन्ना गुप्ता को हराने में कामयाब हुए। सरयू को कुल 1,03,631 वोट मिले जबकि बन्ना गुप्ता को 95,768 वोट ही ला सके। बन्ना गुप्ता को अपने गृह क्षेत्र कदमा और सोनारी में पिछड़ना बहुत महंगा साबित हुआ है। रही सही कसर अल्पसंख्यक प्रत्याशी एआइएमआइएम के राशिद हुसैन उर्फ बाबर खान 4787 वोट लाकर और आजाद समाज पार्टी के काशिफ रजा ने 1292 वोट लोकर पूरी कर दी। बन्ना के हाथ से ये वोट फिसलना भी महंगा साबित हुआ।

बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर अपने कार्यकाल के दौरान करीब डेढ़ हजार करोड़ की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा था। मानगो-जमशेदपुर फ्लाई ओवर, एमजीएम अस्पताल के नये भव्य भवन और दोमुहानी घाट के सौंदर्यीकरण के अलावा कई पार्क उन्होंने खुद विधायक मद से और टाटा स्टील के सहयोग से बनवाया था। सड़क और नाली की दिशा में जो काम हुए उसे तो कॉमन काम माना जाता है। विकास योजनाओं के दम पर बन्ना गु प्ता को अपनी जीत का पूरा भरोसा था किन्तु सरयू राय ने अपने छवि और सोशल मीडिया के तिकड़मी उपयोग की बदौलत बन्ना गुप्ता समर्थकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

## कोल्हान में कौन कहां से जीता

**पूर्वी सिंहभूम जिला**

| विधानसभा क्षेत्र | जीते | हारे | तीसरा स्थान | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|
| जमशेदपुर पूर्व | पूर्णिमा साहू भाजपा | डॉ अजय कुमार कांग्रेस | शिवशंकर सिंह निर्दलीय | 15,471 वोट |
| जमशेदपुर पश्चिम | सरयू राय जद यू | बन्ना गुप्ता-कांग्रेस | राशिद हुसैन-एआइएमआइएम | 4,787 वोट |
| जुगसलाई विस | मंगल कालिंदी-झामुमो | रामचंद्र सहिस-आजसू | विनोद स्वांसी-जेएलकेएम | 36,998 वोट |
| पोटका विस | संजीव सरदार-झामुमो | मीरा मुंडा-बीजेपी | भागीरथी हांसदा-जेएलकेएम | 5,723 वोट |
| घाटशिला विस | रामदास सोरेन-झामुमो | बाबूलाल सोरेन-भाजपा | रामदास मुर्मू-जेएलकेएम | 8092 वोट |
| बहरागोड़ा विस | समीर महंती-झामुमो | डॉ दिनेशानंद गोस्वामी-भाजपा | स्वपन कुमार महतो-सीपीएम | 4518 वोट |

**सरायकेला-खरसावां जिला**

| विधानसभा क्षेत्र | जीते | हारे | तीसरा स्थान | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|
| सरायकेला विस | चंपाई सोरेन-भाजपा | गणेश माहली-झामुमो | प्रेम मार्डी-जेएलकेएम | 40,056 वोट |
| खरसावां विस | दशरथ गगराई-झामुमो | सोनाराम बोदरा-भाजपा | पांडु राम हाईबुरु-जेएलकेएम | 33,841 वोट |
| ईचागढ़ विस | सबिता महतो-झामुमो | हरेलाल महतो-आजसू एनडीए | तरुण महतो-जेएलकेएम | 41,138 वोट |

**पश्चिमी सिंहभूम जिला**

| विधानसभा क्षेत्र | जीते | हारे | तीसरा स्थान | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|
| चाईबासा विस | दीपक बिरुआ-झामुमो | गीता बालमुचु-भाजपा | रमेश बालमुचु निर्दलीय | 4144 वोट |
| मनोहरपुर विस | जगत माझी-झामुमो | दिनेशचंद्र बोयपाई-आजसू एनडीए | दिलवर खाखा-जेएलकेएम | 6,927 वोट |
| जगन्नाथपुर विस | सोनाराम सिंकु-कांग्रेस | गीता कोड़ा-भाजपा | मंगल सिंह बोबोंगा-निर्दलीय | 12,559 वोट |
| चक्रधरपुर विस | सुखराम उरांव-झामुमो | शशिभूषण सामद-भाजपा | विजय सिंह गगराई-निर्दलीय | 20,148 वोट |
| मझगांव विस | निरल पूर्ति-झामुमो | बड़कुंअर गगराई-भाजपा | माधव चंद्र कुंकल-निर्दलीय | 16,139 वोट |

## विधायकों ने यूं लिया जीत का प्रमाण पत्र



रामदास सोरेन, घाटशिला।



संजीव सरदार, पोटका।



मंगल कालिंदी, जुगसलाई।



समीर मोहंती, बहरागोड़ा।



पूर्णिमा साहू, जमशेदपुर पूर्वी।



सरयू राय, जमशेदपुर पश्चिमी।



चंपई सोरेन, सरायकेला।



दशरथ गगराई, खरसावां।



सबिता महतो, ईचागढ़।



दीपक बिरुआ, चाईबासा।



जगत मांझी, मनोहरपुर।



सोनाराम सिंकू, जगन्नाथपुर।



सुखराम उरांव, चक्रधरपुर।



नीरल पूर्ति, मझगांव।

## पूर्वी सिंहभूम के हम हैं शेर...



पूर्वी सिंहभूम जिले की अपनी चारों सीटों को बचाने में कामयाब विजयी झामुमो प्रत्याशी पोटका के संजीव सरदार, जुगसलाई के मंगल कालिंदी, बहरागोड़ा के समीर महंती और बैठे हुए घाटशिला के विजयी रामदास सोरेन।

# बहुरानी पूर्णिमा साहू पर जमशेदपुर पूर्वी ने दिल खोलकर बरसाये वोट

- बनी विधानसभा क्षेत्र की दूसरी महिला विधायक

**विशेष संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा के गढ़ माने जाने जाने वाले जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने बहुरानी पूर्णिमा साहू दास के चुनाव चिन्ह कमल छाप पर जम कर वोट बरसाये हैं। पूर्णिमा की सादगी, विनम्रता और निस्वार्थ भाव से किया गया डोर टू डोर जाकर महिला मतदाताओं से संपर्क ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। जमशेदपुर पूर्व के मतदाताओं ने भाजपा के बागी प्रत्याशी शिवशंकर सिंह और राजकुमार सिंह को नकार दिया है। मतगणना केंद्र पर जीत का संकेत मिलने के बाद निकलते हुए पूर्णिमा साहू दास ने वरिष्ठ भाजपा नेता जीतेंद्र मिश्रा को पांव छूकर आर्शीवाद लिया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए पूर्णिमा साहू ने स्वीकार किया, महिला मतदाताओं ने अपने बहू की लाज रख ली है। हम उनके उपकार को ताउम्र नहीं भूल पायेंगे। मेरा कार्यकाल महिलाओं और बस्तीवासियों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगा। पूर्णिमा को 1,07,191 वोट मिले जबकि कांग्रेस के डॉ अजय कुमार को 64,320 वोट से संतोष करना पड़ा। पूर्णिमा साहू ने 42,871 वोट से निकटतम प्रत्याशी डा अजय कुमार को हरा दिया है। भाजपा के बागी निर्दलीय शिवशंकर सिंह 15,471 वोट लाने में सफल रहे।

# मां जोबा सांसद, बेटा जगत विधायक

- लोकसभा चुनाव में इलेक्शन मैनेजमेंट से चर्चा में आए थे जगत माझी
- पहली बार चुनावी मैदान में उतरे और दर्ज की जीत
- मनोहरपुर से शहीद पिता देवेंद्र माझी एक बार और मां जोबा माझी पांच बार रह चुकी है विधायक

**खबर मन्त्र टीम**



अपनी मां व सांसद जोबा माझी के साथ नवनिर्वाचित विधायक जगत माझी।

**मनोहरपुर/जमशेदपुर।** कोल्हान की धरती पर यह कारनामा पहली दफा हुआ है जब मतदाताओं ने एक शहीद स्व. देवेंद्र माझी की पत्नी जोबा मांझी को सिंहभूम सीट पर सांसद चुनने के कुछ माह बाद ही मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से उनके बेटे जगत मांझी को विधायक चुन लिया है। मां बेटे रिकार्ड मतों से चुनाव जीते हैं यानी अब मां-बेटा क्रमशः सांसद और विधायक हैं।

मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने माझी परिवार की दूसरी पीढ़ी को अपना प्रतिनिधित्व चुन लिया है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे जल, जंगल और जमीन आंदोलन के अगुवा रहे शहीद देवेंद्र माझी और सांसद जोबा माझी के ज्येष्ठ पुत्र जगत माझी के सिर जीत का सेहरा बंध चुका है। जगत माझी ने अपने निकटतम प्रतिदंदी आजसू प्रत्याशी दिनेश चंद्र बोयपाई को मात दी। जगत माझी के विधायक निर्वाचित होने के साथ उनके समक्ष पिता और मां के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है।

# सहिस की हार का जिम्मा लेते हुए आजसू जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को आसन्न विधानसभा चुनाव के परिणाम का नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हुए संगठन हित में कार्य करने की बात जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कही। आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा का चुनाव प्रभारी और आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम का दायित्व निभाने के साथ साथ सांगठनिक रूप से पार्टी को मजबूती प्रदान करना मेरा कर्तव्य था और एसे कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए अगर मैं अपने पार्टी प्रत्यासी और क्षेत्र के लोकप्रिय नेता रामचंद्र सहिस को जीत नहीं दिला पाने का मलाल रह गया है इस लिए पुनः मेरा नैतिक कर्तव्य बनता है कि मैं अपने पद से त्याग करते हुए पार्टी में नए लोगों को अवसर दु ताकि संगठन नए लोगों को अवसर प्रदान करे, जल्द ही मैं पार्टी सुप्रीमो और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस को पत्र के माध्यम से इस्तीफा भेज पार्टी के पद से पदमुक्त कर संगठन हित में कार्य करने की प्रार्थना करूंगा।

# कोल्हान में रुझान से लेकर परिणाम तक डंटे रहे कार्यकर्ता

- खूब बजे ढोल-नगाड़े और सिंगा बाजा, कार्यकर्ताओं ने लगाये ठुमके

**तरुण**







को-ऑपरेटिव कॉलेज मतगणना केंद्र के बाहर उत्साहित झामुमो कार्यकर्ता और मतगणना केंद्र के बाहर मछली भात बेचती ज्योति और लाडो।

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनावों से ठीक पहले दिनों दिन बदलते राजनीतिक समीकरणों व लोकप्रिय नेताओं के खेमे बदलने से कोल्हान को राजनीति देश भर के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था। हाल कुछ ऐसा था देश भर के खबरनवीस चुनावी लहर की टोह लेने गांव गांव की खाक छान रहे थे। नेताओं की क्या कहे, राजनीतिक कार्यकर्ता भी समझ नहीं पा रहे थे, किसका वोट किस पाले में जायेगा। आखिरकार 13 नवंबर को जनता का आदेश ईवीएम में कैद हो गया। और फिर शुरू हुआ दावों का दौर, मुकाबले इतने रोचक हुए थे कि पूर्वी सिंहभूम के सभी सीटों पर समर्थक अपने अपने जीतने की भविष्यवाणी कर रहे थे। आखिरकार 23 नवंबर को जिले भर के राजनीतिक कार्यकर्ताओं व सुधि मतदाताओं की राह स्थानीय कोऑपरेटिव कॉलेज पहुंची, जहां पर तड़के 8 बजे से ही भारी सुरक्षा के बीच मतगणना कार्य शुरू हो गया। शहरी क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के आगे निकलने से पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर था, लेकिन ग्रामीण इलाकों में जेएमएम प्रत्याशियों के लीड लेने से ग्रामीण व जोशीले समर्थकों के नारे गेट नंबर 1 के भी लीड लेते दिख रहे थे। **खबर मन्त्र** टीम ने मतगणना के मौके पर आए लोगों के लिए खाने पीने की दुकान लगाने वाली महिलाओं से बातचीत की। मात्र 40 रुपए में चावल और मछली की प्लेट लगाने वाली दीदी ज्योति पूर्ति एवं लाडू पिंगुआ ने बताया कि वह आम दिनों में घर पर ही रहती है।

## गढ़वा विधानसभा क्षेत्र

**जीते - सत्येंद्रनाथ तिवारी भाजपा प्राप्त मत - 131361**
**हारे - मिथिलेश कुमार ठाकुर झामुमो प्राप्त मत - 114589**
**जीत का अंतर - 16772**


**भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी का पहले राउंड से ही बढ़त का बीजारोपण**

# गढ़वा विस से भाजपा की जीत

### 16772 मतों से झामुमो के मंत्री मिथिलेश को दी मात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा चुनाव में झारखंड के पावरफुल मंत्री माने जाने वाले मिथिलेश कुमार ठाकुर चारों खाने चित हो गए हैं। भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पहले राउंड के काउंटिंग में ही बढ़त का ऐसा बीजारोपण किया जिसे मंत्री मिथिलेश हिला नहीं सके और वह आराम से चुनाव हार गए। भाजपा प्रत्याशी श्री तिवारी ने पहले ही राउंड में 191 मत का लीड लेकर अपनी शुभ शुरुआत की। इस राउंड में बीजेपी को 5246 और जेएमएम को 5055 वोट मिले। दूसरे राउंड में उनका लीड चार अंकों में 2042 पहुंच गया। आठवें राउंड में ही


सत्येंद्रनाथ तिवारी

बीजेपी ने 7952 वोट का लीड ले लिया। वहीं आठवें राउंड में ही बीजेपी को वोट 59 हजार पार यानि 51308 पहुंच गया। इस राउंड में बीजेपी को 13311 वोट की लीड मिल गई। 12वें राउंड में बीजेपी को 75386 मत मिला जिसमें लीड बढ़कर 16659 मत की हो गई। 17वें राउंड में बीजेपी का वोट एक लाख से ऊपर यानी 102205 तक पहुंच गया जिसमें 19187 वोट की लीड मिल गई। काउंटिंग के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर किसी भी राउंड में बीजेपी से आगे नहीं निकल सके। 19वें राउंड में बीजेपी 19177 को लीड ले ली थी। लेकिन अंतिम 23वें राउंड में मिथिलेश कुमार ठाकुर ने लीड को कम करते हुए 16772 पर रोक दिया। अंतिम राउंड में भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी को कुल 131361 मत प्राप्त हुए जबकि झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर 1114489 मत प्राप्त कर सके। भाजपा गढ़वा विधानसभा सीट 16772 वोट से जीत गई।

## भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र

**जीते - अनंत प्रताप देव झामुमो प्राप्त मत - 144837**
**हारे - भानु प्रताप शाही भाजपा प्राप्त मत - 123702**
**जीत का अंतर - 21135**

### अनंत की सीमा को लांघने में असफल रहे भानु

# भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो की जीत, अनंत प्रताप बने विधायक

**अपने ही घर में खा गये मात, 21135 मतों से करना पड़ा हार का सामना**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से 10 वर्षों तक विधायक रहे भानु प्रताप शाही को इस चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव की जीत की अनंत क्षेत्र की सीमा को लांघने में भानु प्रताप शाही असफल रहे। अनंत प्रताप देव ने उन्हें उन्हीं के घर में मात दे दी। अनंत प्रताप देव को कुल 144837 मत प्राप्त4 हुए। जबकि भानु प्रताप शाही 123702 मतों पर ही रूक गये। इस तरह अनंत प्रताप


अनंत प्रताप देव

देव 21 हजार 135 वोट के अंतर से चुनाव जीत गये। काउंटिंग के प्रथम राउंड में ही अनंत प्रताप देव ने भानु का अति प्रभाव शाली क्षेत्र माने जाने वाले खरौंधी में 1751 मतों से मात देकर अपने विजय का पताखा लहरा दिया था। तीन राउंड तक बढ़त बनाने वाले अनंत प्रताप देव चौथे राउंड में भानु से 127 मतों से पिछड़ गये। पांचवे राउंड में भी वह नौ वोटों से पीछे रहे, लेकिन छठवें राउंड से उनके पक्ष में मतों को बौक्षार शुरू हो गया। बीच में आठवें राउंड में वे जरूर 122 मतों से पीछे रहे लेकिन उसके बाद उनके पक्ष में वोटों का सिलसिला तेजी से जारी रहा। नवें राउंड में अचानक उन्हें 3401 मतों का लीड मिल गया। 12चें राउंड में उनका लीड पांच अंकों में जाकर 15451 तक पहुंच गया। इस तरह आगे राउंड द राउंड उनका मत बढ़ता ही चला गया। 16वें राउंड में ही उन्होंने अपने मत को लाख पार करते हुए 102171 तक पहुंचा दिया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न


जश्न मनाते कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** भवनाथपुर विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के विजयी घोषित होते ही झामुमो कार्यकर्ताओं ने रमना में ज़श्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सर्वेश्वरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, हरिगणेश मोड़ और रमना बाजार में जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर झामुमो नेता रोहित वर्मा व अनुज चंद्रवंशी ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। यह उन गरीब परिवार की जीत है जहां विकास की किरणें नहीं पहुंची है। यह जीत उन बेरोजगार नवजवानों की जीत है। जो रोजगार के अभाव में दूसरे प्रदेश में पलायन करते थे। इस बार लोग परिवर्तन और गंगा-जमुनी संस्ति की मजबूती के लिए लोग मतदान किए है। नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में ज़ुबानी विकास की गंगा बहाने वाले को जनता ने जवाब दिया है। जीत के जश्न में मुन्ना पासवान, गंगा चंद्रवंशी, लाला सिंह, नंदु साव, अमरेश उरांव, ललित चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, गोपाल राम, राजेन्द्र चंद्रवंशी, रमेश राम, अभय राम, हिरा विश्वकर्मा, भीम कुमार सहीत कई लोग शामिल थे। विधानसभा के इस चुनाव में अनंत प्रताप देव ने पूर्व विधायक व भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही को 21 हजार से अधिक वोटों से हराया है। भानु प्रताप शाही के गढ़ कहे जाने वाले केतार, भवनाथपुर व खरौंधी में भी जनता ने अनंत प्रताप देव को वोट देकर परिवर्तन की अपनी मंशा को साफ कर दिया।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर मनाया जश्न

**धुरकी।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की जीत पर इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने जमकर आतिशबाजी की और पटाखे फोड़कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसके पूर्व में झामुमो कार्यकर्ता एवं महागठबांन के सदस्य धुरकी बस स्टैंड से लेकर शिवरी मोड तथा गुलशन चौक होते हुए धुरकी बाजार तक डीजे के ुन के साथ जुलूस निकालकर जश्न मनाया। इसके पूर्व कर्पूरी चौक पर झामुमो कार्यकर्ता शैलेश यादव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा के सम्मानित जनता ने यह दिखा दिया है कि हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई आपस में हम सब भाई-भाई। उन्होंने यह भी बताया कि बीजेपी के लोग धर्म के नाम पर समाज के वर्ग को बांटने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनके जुमलेबाजी जनता जान गई है। उनके एक-एक कारनामे का मुंहतोड़ जवाब भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता ने दिया है। शंभू नाथ यादव ने कहा कि बीजेपी के यह नारा था कटेंगे तो बटेंगे एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। यह सभी नारे फेल हो गए। मौके पर इंडिया महागठबंधन के सभी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।


जश्न मनाते कार्यकर्ता

# गढ़वा में भाजपा की नीति और सिद्धांत की जीत हुई है : सत्येंद्रनाथ


जीत के बाद गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने के बाद भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि गढ़वा में भाजपा के नीति और सिद्धांत की जीत हुई है। 2009 में जेवीएम एवं 2014 में भाजपा से जीतकर विधायक बनने वाले सत्येंद्र तिवारी तीसरी बार झारखंड विधानसभा में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो के विधायक सह मंत्री से गढ़वा के लोगों की आकाक्षाएं एवं अपेक्षा पूरी नहीं हुई है। जनहित के लिए उनका प्रयास सैदव जारी रहेगा। गढ़वा की जनता ने उन्हें जिस उम्मीद के साथ उन्हें विधायक बनाया है। उस उम्मीद पर वह खरे उतरेंगे। उनका प्रयास होगा कि जनता की सभी मूलभुत समस्याओं का त्वरित निदान हो। उनके हक एवं अधिकार के लिए वे सदैव सदन में आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने अपने जीत का श्रेय भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि मैं गढ़वा विधासभा क्षेत्र का जनप्रतिनिधि चुना गया हूं। इस क्षेत्र के सभी लोग हमारे लिए आदरणीय हैं। सबके साथ समान रूप से व्यवहार करूंगा एवं उनका कार्य प्रमुखता से पूरा करूंगा।

# अनंत की जीत पर केतार में जमकर आतिशबाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में सुबह से ही मतगणना को लेकर लोग उत्सुक दिखे। शुरुआती रुझानों से ही महागठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने बढ़त बनाये रखा। शाम ढलते ही उक्त रुझान परिणाम में बदल गया और महागठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने विधायक भानु प्रताप शाही को 21462 मतों परास्त कर दिया। अनंत प्रताप देव को 146265 मत मिले, जबकि 124265 मत पर भानु प्रताप शाही सिमट गए। झारखंड महागठबांन के कार्यकर्ता लम्बे समय के बाद मिली जीत के खुशी का इजहार किया। केतार बाजार से कर्पूरी गेट से लेकर बाजार होते मां चतुर्भुजी मंदिर तक बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाला और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराकर, जीत की खुशी में लोग थिरकते नजर आए। वही भाजपाई खेमा में उदासी नजर आया। जीत के बाद अनंत प्रताप देव प्रसन्न मुद्रा में नजर आए। इस जुलूस में झामुमो नेता रामविचार साहू, सुरेश कुमार, उमेश दुबे, छोटन सिंह, मदन पटेल, बिंदु राम, श्यामा राम, अरुण जायसवाल, निरंजन प्रसाद, संतोष कुमार, रवि पाल, रजनीश कुमार, ओम कमलापुरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।


जश्न मनाते कार्यकर्ता

# सत्येंद्रनाथ तिवारी को मिला जीत का प्रमाण पत्र


प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग ऑफिसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजयी प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस सर्टिफिकेट के मिलने के बाद सत्येंद्रनाथ तिवारी विधिवत एवं तकनीकी रूप से झारखंड विधानसभा के गढ़वा क्षेत्र के विधायक घोषित हो गये। अब उनका झारखंड विधानसभा में विधायक का एक सीट सुरक्षित हो गया। सर्टिफिकेट मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। नारेबाजी की, एक दूसरे को बधाईयां दी एवं मिठाईयां खिलायी।

# काउंटिग में देखी गई गहमा-गहमी


मतगणना स्थल पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा बाजार समिति में सुबह आठ बजे से गढ़वा विधानसभा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग शुरू हुई। इसके पूर्व से ही भाजपा एवं झामुमो के कार्यकर्ताओं के अलावे अन्य दल के भी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में काउंटिंग स्थल पर मौजूद थे। सबके चेहरे पर जीत का भाव प्रत्यक्ष देखा जा रहा था। उनके अंदर काउंटिंग शुरू होने की जिज्ञासा प्रफुलिल्त कर रही थी। काउंटिंग शुरू होते ही परिणाम जानने की होंड़ मच गई। प्रशासनिक पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस कर्मी, पत्रकार, प्रत्याशियों के प्रतिनिधि एवं समर्थकों की उत्सुकता भी काफी तीव्र हो गई। प्रथम राउंड का परिणाम आते ही कुछ लोग खिल उठे तो कइयों का चेहरा मुरझा गया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में झामुमो को बड़ा झटका लगा तो भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी की हेकड़ी थम गई। प्रत्याशी एवं उनके समर्थक आगे की राउंड में अपने आप को बेहतर होने की कामना लेकर और सक्रिय दिखने लगे। लेकिन चौथे-पांचवे राउंड में ही उन्हें हार जीत होने का अंदाजा लगने लगा। तब वे अपने पैंतरे ही बदलने लगे। जीत और हार के कारणों की चर्चाएं भी शुरू हो गई। साथ ही खुशी और गम की छाया भी चेहरे पर झलकने लगी। काउंटिंग सेंटर के बाहर भी बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के समर्थक जमे हुए थे। काउंटिंग में बढ़त बनाने वाले दल के लोग सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे, तो पिछड़ने वाले दल एवं प्रत्याशी के समर्थक पिछली गली से निराष भाव से वापस लौट रहे थे। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा एवं झामुमो में सीधी टक्कर थी। जिसमें भाजपा को जीत मिली। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को झामुमो से मात मिली।

## गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में मिले प्रत्याशियों को कुल वोट

| | |
|---|---|
| 1 अजय कुमार चौधरी बहुजन समाज पार्टी - 7621 | |
| 2 मिथिलेष कुमार ठाकुर झामुमो - 114589 | |
| 3 सत्येंद्रनाथ तिवारी भाजपा - 131361 | |
| 4 गिरिनाथ सिंह समाजवादी पार्टी - 7957 | |
| 5 मो. नजीबुद्दीन खान एआईएमआईएम - 2883 | |
| 6 मंदीप मल्लाह झारखंड पार्टी - 904 | |
| 7 लव कुमार सिंह आजाद समाज पार्टी - 3139 | |
| 8 सुखलाल बखला पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया - 405 | |
| 9 सोनु कुमार यादव झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा - 330 | |
| 10 गिरिजा नंदन उरांव निर्दलीय - 526 | |
| 11 गोरखनाथ महतो निर्दलीय - 416 | |
| 12 दिलीप कुमार तिवारी निर्दलीय - 1006 | |
| 13 परमेष कुमार निर्दलीय - 1337 | |
| 14 रविंद्र कुमार सिंह निर्दलीय - 4502 | |
| 15 रामप्यारे पाल निर्दलीय - 4091 | |
| 16 लोकनाथ कुमार निर्दलीय - 2148 | |
| 17 सतीष कुमार चौबे निर्दलीय - 766 | |
| 18 सतेंद्र तिवारी निर्दलीय - 1873 | |
| 19 सुजाउद्दीन अंसारी निर्दलीय - 1960 | |
| 20 हरीष प्रसाद सिंह निर्दलीय - 569 | |
| 21 नोटा - 922 | |

भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में मिले प्रत्याषियों को कुल वोट

| | |
|---|---|
| 1 अनंत प्रताप देव झामुमो - 144837 | |
| 2 भानु प्रताप शाही भाजपा - 123702 | |
| 3 पंकज कुमार - 3708 | |
| 4 अजय कुमार सिंह - 1990 | |
| 5 आदित्य कुमार गुप्ता - 567 | |
| 6 उमेंद्र कुमार यादव - 497 | |
| 7 घनष्याम पाठक - 1810 | |
| 8 जयराम पासवान - 750 | |
| 9 नंदलाल राम - 800 | |
| 10 रौषन कुमार - 666 | |
| 11 देवेंद्र कुमार प्रजापति - 601 | |
| 12 वरूण बिहारी - 695 | |
| 13 युसूफ अंसारी - 1452 | |
| 14 राजेष बैठा - 5087 | |
| 15 राम नरेष यादव - 1820 | |
| 16 राहुल प्रसाद गुप्ता - 5946 | |
| 17 विषेष्वर मेहता - 2859 | |
| 18 नोटा - 1234 | |

## खबर एक नजर में

### विधानसभा एवं उप चुनाव में जीत पर कार्यकर्ताओ ने मनाया जश्न

**सहरसा।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत गठित बिहार प्रदेश पुनर्विचार समिति के सदस्य एवं सहरसा जिला संगठन चुनाव प्रभारी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व राजनगर से विधायक रामप्रीत पासवान की उपस्थिति में सहरसा विधानसभा के संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन कहरा कुटी स्थित मंगलम मैरेज रिसोर्ट में शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन चुनाव के दौरान विभिन्न सांगठनिक विषयों पर विचार विमर्श किया गया एवं संगठन मजबूती के लिए कार्य करने संबंधित विषय पर कार्यशाला के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह राजनगर विधायक रामप्रीत पासवान, पूर्व मंत्री सह सहरसा विधायक डॉक्टर आलोक रंजन सहित संगठन चुनाव पर्व सहयोगी उपस्थित रहे ।भाजपा बैठक के बाद महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत एवं बिहार उपचुनाव में एन डी ए गठबंधन क्लीन स्वीप करने के उपरांत पार्टी के कार्यकताओं के साथ रंग गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर जश्न मनाते पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन एवं पूर्व मंत्री डॉ रामप्रीत पासवान सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने एनडीए की शानदार जीत पर जश्न मनाया

**फारबिसगंज/अररिया।** आज महाराष्ट्र में एनडीए की शानदार जीत बिहार में चारों विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत और उत्तर प्रदेश में एनडीए की जीत पर अररिया जिला एनडीए के कार्यकताओं ने अररिया के चांदनी चौक पर एकत्रित होकर के जश्न मनाया। इस मौके पर उपस्थित अररिया जिला के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, अररिया जिला परिषद के अध्यक्ष जद यू नेता आफताब अजीम, अररिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय परशुराम परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार झा, भारतीय जनता पार्टी के अररिया जिला के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा सहित बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद होकर पटाखा छोड़ा एक दूसरे को मिठाई खिला के खुशी का इजहार किया।

### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन का किया शिलान्यास

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इस परियोजना का कुल क्षेत्रफल छह लाख सात हजार छह सौ वर्गफीट है और इसकी लागत 212.86 करोड़ रुपये होगी। इस परियोजना के निर्माण की कार्यावधि 24 माह होगी और इस परियोजना का क्रियान्वयन बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जायेगा। इस दौरान अधिकारियों ने साइट प्लान मैप के माध्यम से निर्मित होने वाले पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय बख्तियारपुर, पटना के प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के ऊपरी तल पर जाकर आसपास के इलाकों का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां तक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस इलाके को बख्तियारपुर फोरलेन से जोड़ने के लिए निमार्णाधीन एलिवेटेड सड़क एवं सर्विस रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद स्थानीय लोगों के साथ-साथ बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय परिसर में आनेवाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी।

### 187 मतदान केंद्रों पर होने वाले प्रथम चरण पैक्स चुनाव की तैयारियां पूरी : रवि प्रकाश

**नवादा।** नवादा के जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा है कि पैक्स चुनाव के प्रथम चरण में 26 नवंबर को नवादा जिले के पांच प्रखंडों के 187 मतदान केदो पर शांतिपूर्ण चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसके लिए संयूक्ता आदेश भी जारी कर दिया गया ।वे शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव के उद्देश्य से 226 पोलिंग पार्टी बनाई गई है ।147 मतदान केंद्रों वाले पांच प्रखंडों को 29 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि नवादा जिले के रजौली,सिरदला,मेसकौर,कौवाकोल तथा गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के 187 मतदान केंद्रों पर चुनाव संपन्न कराए जाएंगे ।जिसमें 154000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । डीएम ने बताया कि 71 भवनों में 147 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं ।चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ही मतदान केंद्रों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि गुंडे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है ।ताकि ऐसे लोग चुनाव को प्रभावित न करे। डीएम ने कहा कि दो स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। रजौली अनुमंडल के इंटर विद्यालय रजौली तथा नवादा के कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय मतगणना केंद्र बनाए गए हैं ।जहां चुनाव संपन्न कराए जाने के बाद मत पेटिका को सुरक्षित रखा जाएगा । मतगणना केंद्र में वज्रगृह की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल तैनात किए गए। उन्होंने पैक्स अध्यक्ष के साथ ही सदस्यों के लिए निर्धारित किए गए मत पत्रों के रंग की भी जानकारी दी। डीएम ने कहा कि मतदान के दिन सुबह से ही नियंत्रण कक्ष काम करने लगेंगे ।जहां मतदान में गड़बड़ी करने की सूचना दी जा सकती है। एसपी ने कहा कि बड़ी संख्या में अपराधियों के विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है ।उन्होंने यह भी कहा कि हजारों लोगों को बॉन्ड डाउन किया गया है। ताकि वे बलवा नहीं फैला सके। डीएम रवि प्रकाश ने कहा है कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। किसी भी गड़बड़ियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन सतर्क व तैयार है । उन्होंने कहा कि उग्रवाद प्रभावित इलाकों की सीमाएं सील कर दी गई है। ताकि अपराधी तत्व बलवा न फैल सके।

### हाथी ने कुचल कर मार डाला

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के सींजो गांव निवासी गणेश सिंह 62 वर्ष को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला। भंडरिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। वन विभाग ने मृतक के परिजन को तत्काल पचास हजार रुपए मुआवजा की राशि प्रदान किया है। जानकारी के अनुसार गणेश सिंह सुबह भैंस चराने जंगल की ओर गया था। तभी सामने से जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया। हाथी ने अपने सुढ़ से पटक कर और कुचल कर गणेश सिंह को मार डाला। मृतक गणेश सिंह के साथ में भैंस चराने किस्मत सिंह भी गया था। किस्मत सिंह ने दौड़कर अपनी जान बचाई। इस घटना की खबर किस्मत सिंह ने घर वालों को दी। घर वालों के साथ गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। क्षतविक्षत शव देखकर परिजन रोने लगे। इस हृदय विदारक घटना से गांव का पूरा माहौल गमगीन हो गया। लोगों ने बताया कि पूरी रात हाथी के आतंक से गांव के लोग परेशान थे। रात्रि में राममिलन सिंह की दीवार तोड़कर घर ढ़ाह दिया। खलिहान में रखे ाान के बोझे को खा गया। पूरी रात गांव में ही हाथी भ्रमण कर रही थी। लोग जाग कर रात गुजारे। सुबह होते ही गांव से जंगल की ओर हाथी भाग गया। वन विभाग सिर्फ मुआवजा देकर अपनी कोरम पुरा कर रही है। इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का हमला कई महीनो से चल रहा है। हाथियों के हमले से अब तक कई लोगों की जानें चली गई हैं। हजारों एकड़ में लगे फसल को नुकसान हुआ है। लेकिन वन विभाग अभी तक हाथी के आतंक से बचाने में पूरी तरह से नाकाम रही है। आखिर कब तक हाथी इस क्षेत्र में लोगों की जान लेती रहेगी। इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। यह यक्ष प्रश्न बनकर रह गया है।

# महाराष्ट्र में महायुति प्रचंड बहुमत के साथ की वापसी

## 231 सीट पर राजग कर कब्जा, 58 पर सिमटा एमवीए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की है। कांग्रेस, राकांपा (शरद पवार) और शिव सेना (यूबीटी) गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन करीब 50 सीट के आसपास सिमट गया है।

राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा में गठबंधन 231 सीट पर जीत दर्ज की। जबकि महा विकास आघाडी (एमवीए)का सत्ता हासिल करने का सपना चकनाचूर हो गया है और विपक्षी गठबंधन महज 50 सीट पर सिमटता गया।

राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा ने प्रतिद्वंदी धड़ों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे के मुद्दे के बजाय महायुति के विकास के नारे और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया है।

## महाराष्ट्र का जनादेश विकसित भारत का आधार बनेगा : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में महाराष्ट्र में मिली बड़ी जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एक हैं तो सेफ हैं का नारा दोहराया। उन्होंने इसे महामंत्र बताया और कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में जनता ने जाति, धर्म और क्षेत्र की राजनीति से ऊपर उठकर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता का यह जनादेश विकसित भारत का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनाव ने बताया है कि झूठे वादे और खतरनाक एजेंडा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के जनादेश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पूरा देश एक संविधान से चलेगा और कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता है।

## यूपी में सात पर राजग का कब्जा, दो पर सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों के उपचुनाव में भाजपा-नीत राजग ने सात सीटें जीती हैं। इसमें से छह पर भाजपा और एक सीट पर रालोद ने जीत हासिल की। भाजपा ने कुंदरकी और कटेहरी सीट भी जीत ली। कटेहरी में भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने तीन दशक बाद यहां कमल खिलाया। निषाद ने सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा को 34,514 के बड़े अंतर से हराया।

**कुंदरकी में भी भगवा :** भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर ने सपा के मो. रिजवान को बड़े अंतर से पराजित किया। मझवा में विनोद बिंद, फूलपुर से प्रवीण पटेल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, खैर से अनूप प्रधान वाल्मीकि व मीरापुर से चंदन चौहान के सांसद चुने जाने के बाद यहां उपचुनाव कराए गए।

## वायनाड से प्रियंका गांधी ने 4 लाख से अधिक वोटों से जीती



**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 4,10,931 वोटों के भारी अंतर से पहली चुनावी जीत दर्ज की। प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी की जीत के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़ दिया, जिन्होंने इसी साल अप्रैल में चुनाव में 3,64,422 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।


OXFORD PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE DELHI | AFFILIATION NO: 3430121
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI- 834011
CONTACT NO: 7485096731 / 33
Website: www.oxfordpublicschool.net.in
ADMISSION GOING ON FOR
CLASSES 1 & IX - SESSION 2025-26
Admission forms for Classes I & IX are available at the School Office Counter on all working days between 8:00 AM - 1:00 PM and can also be downloaded from our website. Documents Required to complete the registration formalities (as applicable): Aadhar, Birth Certificate, Bonafide Certificate, and the Permanent Education Number (PEN) of the candidate.
Principal



